www.anantgyaan.in

सूर्योदय 7:15 सूर्यास्त 5:39

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 3.08 न्यू | 13.00 अधि |
| धर्मशाला | 5.02 न्यू | 17.03 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 72026.15 |
| निफ्टी | 21710.80 |

सोना 63,530 चांदी 76,600

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार



धर्मशाला | रविवार, 7 जनवरी 2024 | 23 पौष, विक्रमी संवत 2080 वर्ष 1, अंक 20 कुल पृष्ठ 16 मूल्य : 5 रुपए |

लेसूई श्रीराम मंदिर में है अयोध्या से पूजित अक्षत कलश...पेज 3

## न्यूज शॉर्ट्स

### राशन घोटाला मामले में टीएमसी नेता गिरफ्तार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में कोरोना के दौरान कथित तौर पर हुए हजारों करोड़ रुपए के राशन घोटाले में ईडी ने एक और टीएमसी नेता शंकर को गिरफ्तार किया है। ईडी ने शुक्रवार को भी एक अन्य आरोपी टीएमसी नेता शेख शाहजहां को गिरफ्तार किया था।

### दिल्ली में लॉरेंस बिश्नोई गैंग के शार्पशूटर प्रदीप को दबोचा

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस स्पेशल सैल को शनिवार को लॉरेंस बिश्नोई-काला राणा गैंग के शार्पशूटर प्रदीप सिंह को दिल्ली के रोहिणी इलाके से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अत्याधुनिक हथियार और जिंदा कारतूस भी बरामद किए हैं।

### 15000 करोड़ के महादेव बेटिंग ऐप मामले में पहली गिरफ्तारी

**मुंबई।** मुंबई क्राइम ब्रांच की एसआईटी टीम के हाथ बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। एसआईटी ने 15 हजार करोड़ रुपए के महादेव बेटिंग ऐप मामले में पहली गिरफ्तारी की है। गिरफ्तार आरोपी का नाम दीक्षित कोठारी है।

## टॉप स्टोरीज

सीएम सुक्खू ने नाहन को दी 219 करोड़ की सौगात ...पेज 3

'एक देश-एक चुनाव' देश के लिए कितना सही, जनता से मांगे सुझाव ...पेज 16

**एजेंसी लेने एवं अनंत ज्ञान की प्रति न मिलने पर**

निम्न नंबरों पर संपर्क करें :

मंडी-कुल्लू : 88949-01670

कांगड़ा-चंबा : 98166-45634, 98052-49634



ऊना-हमीरपुर-बिलासपुर : 82192-07770

मुख्य कार्यालय

98162-32526, 98160-10065

# इसरो का सूर्य को नमस्कार

## अंतिम कक्षा में स्थापित हुआ आदित्य एल-1, पीएम मोदी ने दी बधाई

एजेंसी, नई दिल्ली

**इसरो** ने चांद के बाद सूर्य के दरवाजे पर दस्तक देकर एक और इतिहास रच दिया है। सूर्य मिशन पर निकला आदित्य एल-1 शनिवार को लैग्रेंज प्वॉइंट-1 (एल-1) पर पहुंच गया। आदित्य एल-1 अंतिम कक्षा में स्थापित हो गया है।

यहां आदित्य एल-1 पांच साल तक सूर्य का अध्ययन करेगा और महत्वपूर्ण आंकड़े जुटाएगा। भारत के पहले सूर्य अध्ययन अभियान को इसरो ने दो सितंबर 2023 में आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से लांच किया था। लैग्रेंज प्वॉइंट वह क्षेत्र है, जहां पृथ्वी और सूर्य के बीच गुरुत्वाकर्षण निष्क्रिय हो जाएगा।



**पांच साल तक होगा सूर्य का अध्ययन, जुटाएगा आंकड़े**

### अंतरिक्ष यान बिना किसी ग्रहण के सूर्य को देखेगा

एल-1 बिंदु पृथ्वी से लगभग 15 लाख किलोमीटर दूर है। यह पृथ्वी और सूर्य के बीच की कुल दूरी का केवल एक फीसदी है। दोनों पिंडों की कुल दूरी 14.96 करोड़ किलोमीटर है। इसरो के वैज्ञानिक के अनुसार हेलो ऑर्बिट सूर्य के चारों ओर पृथ्वी के घूमने के साथ-साथ घूमेगा।

### सूर्य मिशन का उद्देश्य

**इस** मिशन का उद्देश्य सौर वातावरण में गतिशीलता, सूर्य के परिमंडल की गर्मी, सूर्य की सतह पर सौर भूकंप, सूर्य के धधकने से जुड़ी गतिविधियों और उनकी विशेषताओं और अंतरिक्ष में मौसम संबंधी समस्याओं को बेहतर ढंग से समझना है।

### ये देश पहुंचे सूर्य तक

**भारत** से पहले 22 मिशन सूर्य पर भेजे जा चुके हैं। सूर्य का अध्ययन करने के लिए अमेरिका, जर्मनी और यूरोपियन स्पेस एजेंसी ने जद्दोजहद की। सबसे अधिक सूर्य मिशन अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा ने भेजे हैं।

### हमारे वैज्ञानिकों के अथक समर्पण का प्रमाण

**इसरो** की इस सफलता पर पीएम मोदी ने भी खुशी जाहिर की है। उन्होंने ट्वीट कर इसरो की सराहना करते हुए लिखा कि भारत ने एक और मील का पत्थर हासिल किया है। सबसे जटिल अंतरिक्ष मिशनों में से एक को साकार करने में हमारे वैज्ञानिकों के अथक समर्पण का प्रमाण है। यह असाधारण उपलब्धि सराहना योग्य है। हम मानवता के लाभ के लिए विज्ञान की नई सीमाओं को आगे बढ़ाना जारी रखेंगे। इस असाधारण उपलब्धि की सराहना करने में देश के साथ शामिल हैं।



# एसटीएफ के हवाले राम मंदिर की सुरक्षा

## 25000 जवान सिक्योरिटी में, सरयू में तैनात होंगे स्नाइपर

अनंत ज्ञान विशेष




**अयोध्या** में रामलला की 22 जनवरी को होने वाली प्राण प्रतिष्ठा समारोह की सुरक्षा के मद्देनजर मंदिर परिसर व आसपास के क्षेत्र को रेड और येलो दो जोन में बांटा गया है। सुरक्षा में अर्धसैनिक बलों और सेना के कुल 25 हजार जवान तैनात रहेंगे। वहीं, सरयू नदी में स्नाइपर तैनात किए जाएंगे। मंदिर के अंदर की सुरक्षा स्पेशल टास्क फोर्स संभालेगी। सिक्योरिटी पर करीब 100 करोड़ खर्च होंगे। ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मी स्मार्ट फोन का इस्तेमाल नहीं कर पाएंगे। पुलिस कर्मियों को इस बाबत निर्देश जारी किए गए हैं।

### माता सीताजी के मायके से आई खास भेंट

**रामलला** के लिए सीताजी के मायके जनकपुर नेपाल से खास भेंट भेजी गई है। कार्यक्रम सर्दी में हो रहा है। ऐसे में उनके लिए कोट और ब्लेजर भी भेजा गया है। इसके अलावा चांदी का थाल, सुहाग की निशानी और आभूषण सहित कई अन्य चीजें भेजी गई हैं।



# सोलन में अनंत ज्ञान का सम्मान समारोह आज

तेजपाल नेगी, सोलन

**अलग-अलग क्षेत्रों में उत्कृष्ट काम करने वाले 100 लोग होंगे सम्मानित**

**दैनिक** समाचार पत्र अनंत ज्ञान के तत्वावधान में सोलन में अलग-अलग क्षेत्रों में काम कर रहे लोगों के सम्मान के लिए विशेष सम्मान समारोह रविवार को पैरागॉन होटल के सभागार में आयोजित किया जाएगा।

सोलन के डीसी मनमोहन शर्मा बतौर मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसपी गौरव सिंह करेंगे। इस कार्यक्रम में लगभग 100 ऐसे लोगों को सम्मानित किया जाएगा, जो अलग-अलग क्षेत्रों में उत्कृष्ट काम करके सोलन का नाम रोशन कर रहे हैं। यह कार्यक्रम दोपहर अढ़ाई बजे शुरू होगा। कार्यक्रम में जाने माने गायक व संगीतकार जिया लाल ठाकुर अपनी प्रस्तुति भी देंगे। नगर निगम की मेयर ऊषा शर्मा, डिप्टी मेयर मीरा आनंद, नगरायुक्त जफर इकबाल, एडीसी अजय यादव, एसडीएम कविता ठाकुर, एएसपी योगेश रौल्टा, डीएसपी भीष्म सिंह ठाकुर, अनिल धौल्टा, होटल पैरागॉन के स्वामी सुरेंद्र वर्मा, सीएमओ राजन उप्पल, एमएस डॉ. एसएल वर्मा, सहायक सूचना निदेशक हेमंत वत्स, व जिला कृषि अधिकारी सीमा को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। (अनंत ज्ञान)

# भारत अब उभरा हुआ देश, रॉकेट स्पीड से हो रही तरक्की

## उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने हमीरपुर में किया जनसभा को संबोधित

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर

**उपराष्ट्रपति** जगदीप धनखड़ ने हमीरपुर दौरे के दौरान शनिवार को जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारत अब दुनिया में उभरा हुआ देश है। यहां विकास गति बुलेट की तरह नहीं बल्कि 'रॉकेट स्पीड' से हो रही है।

तरक्की की रफ्तार भारत के कोने-कोने में जिस गति के साथ पहुंच रही है, उससे यह बात साबित हो गई है कि यहां भाई-भतीजावाद की 'जकड़न' खत्म हो चुकी है। यहां पर अब कानून के सामने सभी को झुकना पड़ता है। मेरिट के आधार पर ही अवसर मिलते हैं, यही सुखद स्थिति है। (अनंत ज्ञान)



हमीरपुर पहुंचने पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ किए सम्मानित।

### संकल्प ही अनुराग का संस्कृत नाम

**उपराष्ट्रपति** ने कहा कि मेरा पहला लगाव हिमाचल प्रदेश से है। पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल के साथ संसद में इकट्ठे बैठा करते थे। इस परिवार के साथ जो नाता धूमल के समय से चला आ रहा है, उसे अब अनुराग के कारण और गहराई मिली है। जब से उपराष्ट्रपति बना हूं, राज्यसभा का सभापति बना हूं, कोई सत्र ऐसा नहीं गया है, जब मुझे यहां के बच्चे-बच्चियों का स्वागत करने का सौभाग्य न मिला हो। अनुराग को लेकर कहा कि प्रेम, भक्ति, संकल्प यही अनुराग का संस्कृत नाम है।

-संबंधित खबर पेज-2

# कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए बनाई प्रचार समिति

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने लोकसभा 2024 के लिए प्रचार समिति का गठन किया है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बताया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इस समिति को मंजूरी दी है और सभी पदाधिकारियों को तत्काल प्रभाव से अपना काम शुरू करने के लिए कहा है। समिति में कांग्रेस महासचिव संगठन, महासचिव संचार विभाग, प्रशासनिक विभाग के प्रभारी, मीडिया और प्रचार विभाग के प्रमुख, सोशल मीडिया विभाग के प्रमुख को रखा गया है।













A unit of Grand Paragon Private Limited

Hotel Grand Paragon Palace, The Mall, Solan - Himachal Pradesh - 173212

01792 226666, 226777, 94180 682777, 94180 36277, 6230777337, 7580000377

### चंबा के चुराह विधानसभा क्षेत्र के लेसूई में स्थित है भगवान श्रीराम का मंदिर, दूर-दूर से दर्शनों को पहुंचते हैं श्रद्धालु

# लेसूई के श्रीराम मंदिर में है अयोध्या से पूजित अक्षत कलश

**एमएम डैनियल/आजम डार, चंबा/चुराह**

जिला चंबा के दुर्गम क्षेत्र चुराह विस क्षेत्र में गांव लेसूई में भगवान श्रीराम का मंदिर स्थित है। भगवान श्रीराम व माता सीता को समर्पित यह चुराह क्षेत्र का एक मात्र मंदिर है। इस मंदिर की विशेषता यह है कि यहां श्रीराम मंदिर अयोध्या से पूजित अक्षत कलश स्थापित किए गए हैं, जिनके दर्शन के लिए दूर-दूर से श्रीराम भक्त यहां पहुंचते हैं।



इस मंदिर का निर्माण ऐतिहासिक नहीं है, लेकिन मंदिर के निर्माण में वास्तुशास्त्र का विशेष तौर पर ध्यान रखा गया है। जिला चंबा से करीब 70 किलोमीटर की दूरी पर चुराह तहसील में गांव लेसुई पड़ता है। वहीं, चंबा मुख्यालय से तीसा सड़क से होते हुए नकरोड़ पंचायत चंबा-तीसा मुख्य मार्ग से संपर्क मार्ग पर लगभग दस किलोमीटर दूर पंचायत चांजू-टिकरी पड़ती है। इस स्थल पर पहुंचने पर गांव भराड़ा मार्ग पहुंचते हैं। यहां पहुंचने में वैसे तो वर्षभर मंदिर के कपाट सदैव खुले रहते हैं, लेकिन शीत ऋतु में यह क्षेत्र बर्फ की तीन फुट परत से ढंक जाने से स्थानीय लोगों को छोड़ दूरदराज क्षेत्रों के लिए यहां पहुंचना कठिन हो जाता है। सर्द ऋतु के अतिरिक्त शेष दिनों में जहां भराड़ा मार्ग में ही गांव लेसूई में भगवान श्रीराम-सीता मंदिर के भव्य दर्शन भक्तों को होते हैं। (अनंत ज्ञान)



## भगवान श्रीराम मंदिर लेसूई में स्थापित प्रतिमाएं

जिला चंबा के चुराह में स्थित भगवान श्रीराम मंदिर लेसूई में श्रीराम के अतिरिक्त माता सीता व पवन पुत्र हनुमान की प्रतिमाएं विद्यमान हैं, लेकिन भगवान श्रीराम के इस मंदिर में लक्ष्मण प्रतिमा मौजूद नहीं है। वहीं, तीनों मूर्तियां सफेद संगमरमर युक्त निर्मित हैं, जिसमें भगवान श्रीराम व माता सीता का लिबास पर्वों के अनुसार मंदिर पुजारी द्वारा बदला जाता है, जिसमें लाल जोड़े सहित वनवास के दौरान लिबासों में भगवान श्रीराम-सीता को वस्त्र एवं आभूषण में मुकट, कमंडल धारण सहित धनुष में सुशोभित करवाएं जाते हैं। वहीं, मंदिर में विराजमान हनुमान को द्रोणागिरी पर्वत एवं गद्दा उठाए उड़ते दर्शाया गया है।





## मंदिर निर्माण में पंडित नरसिंह की अहम भूमिका

**चुराह** विस क्षेत्र के गांव लेसूई में स्थित भगवान श्रीराम मंदिर निर्माण में पंडित नरसिंह का बहुत बड़ा योगदान रहा। पंडित नरसिंह का दूरगामी चिंतन आज भी समाज में दिखता है। पंडित नरसिंह एक प्रखंड ज्योतिषी कर्मकांडी विद्धवान थे और आयुर्वेद के भी ज्ञाता रहे। उन्होंने अपने जीवन काल में अनेक समाज कल्याण कार्यों को समाज में प्रकटीभूत किया, जिसमें भगवान श्रीराम मंदिर के निर्माण भी शामिल है। मंदिर को पूर्ण करने के लिए गांव लेसूई निवासी बुद्धि प्रकाश ने पंडित नरसिंह के श्रीराम मंदिर निर्माण योजना को धरातल पर लाने के लिए हर संभव प्रयास किया। इन दोनों भगवान श्रीराम उपासकों के जन कल्याण से जुड़ी निःस्वार्थ इच्छा पर भगवान श्रीराम ने अपना पूर्ण आशीष प्रदान किया, जिसके फलस्वरूप 47 वर्ष पूर्व वर्ष 1977 में गांव लेसूई में भगवान श्रीराम, माता सीता व हनुमान जी की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की गई। मंदिर निर्माण में एनएचपीसी के कार्यरत तत्काल अधिकारियों ने भी अपना योगदान दिया। वर्तमान में भगवान श्रीराम मंदिर लेसूई का सेवा दायित्व पंडित यज्ञ दत्त शास्त्री निर्वाह कर रहे हैं।

## श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम में राज्यपाल की बेटी प्रीति ने नवाया शीश



धर्मशाला। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल की बेटी डॉ. प्रीति ने शनिवार को दोपहर एक बजे श्री चामुंडा नंदिकेश्वर धाम मंदिर में पूजा-अर्चना की। उनकी पूजा पुजारी ओम व्यास और शिव नंदीकेश्वर मंदिर के पुजारी पंकज गोस्वामी ने करवाई। इस मौके पर श्री चामुंडा मंदिर प्रशासन की तरफ से बबली धीमान ने उन्हें मां का चित्र भेंट कर सम्मानित किया।

## कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया से मिली हिमाचल विधानसभा की लोक लेखा समिति



सीएम सिद्धारमैया से शिष्टाचार भेंट करती हिमाचल विधानसभा की लोक लेखा समिति।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश विधानसभा की लोक लेखा समिति ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया से बंगलुरू में उनके कार्यालय कक्ष में एक बजे शिष्टाचार भेंट की।

भेंट के दौरान सदस्य केवल सिंह पठानिया, डॉ. हंस राज, डॉ. जनकराज तथा सदस्य मलेंद्र राजन के अलावा समिति अधिकारी नैना कोटवी भी मौजूद रहीं। समिति के सदस्य केवल सिंह पठानिया ने कहा कि उन्होंने कर्नाटक के मुख्यमंत्री का हिमाचल प्रदेश सरकार को आपदा के दौरान किए गए आर्थिक सहयोग के लिए धन्यवाद किया तथा उन्हें हिमाचल आने का भी निमंत्रण दिया। केवल सिंह पठानिया ने कहा कि समिति ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को हिमाचल प्रदेश की ई-विधान प्रणाली बारे अवगत करवाय। इस अवसर पर सिद्धारमैया ने भी अपनी विधानसभा में हिमाचल प्रदेश ई-विधान मॉडल को लागू करने की बात कही। समिति सदस्यों ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री के साथ हिमाचल प्रदेश की सुदृढ़ ऊर्जा निति तथा पर्यटन व्यवस्था बारे चर्चा की। इस अवसर पर पठानिया ने हिमाचल में आई बाढ़ आपदा पर भी मुख्यमंत्री को अवगत करवाया तथा हिमाचल सरकार द्वारा उस आपदा से निपटने के लिए किए गए प्रबंधों तथा कार्यक्रमों बारे विस्तृत जानकारी दी। केवल सिंह पठानिया ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को ई- विधान के बारे में अवगत करवाते हुए कहा कि हिमाचल विधान सभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया तपोवन विधानसभा में भी ई-विधान प्रणाली को लागू कर रहे हैं, जबकि शिमला स्थित विधानसभा सचिवालय में यह प्रणाली चार अगस्त 2014 को लागू हो गई थी।

# चुनावी बिगुल फूंक गए उपराष्ट्रपति और नड्डा के दौरे

### हमीरपुर के कार्यक्रम के बहाने वर्ष 2024 के लोस चुनावों की लिख दी 'स्क्रिप्ट'

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हिमाचल में बर्फीली हवाओं के बीच हुए दो जगहों के अलग-अलग कार्यक्रमों ने लोस चुनावों का बिगुल फूंक दिया गया है। हमीरपुर में हुए उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के कार्यक्रम में वर्ष-2024 के चुनावों की 'स्क्रिप्ट' लिख दी गई है, जबकि शुक्रवार को रोज शिमला और सोलन में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के रोड शो के कार्यक्रमों ने चुनावी माहौल को गर्मा दिया है। लेकिन इधर हमीरपुर में हुए कार्यक्रम की चर्चा अलग तरीके से हो रही है।

इस कार्यक्रम में जिस अंदाज में उपराष्ट्रपति ने हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से आए हुए लोगों और बच्चों को संबोधित किया, उससे एक बात साबित हो गई है कि मुद्दे लोकसभा चुनाव के लिए सेट हो गए हैं। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर की उपलब्धियां, जिस अंदाज में यहां पर जनता के सामने रखी गई हैं। उससे चुनावी माहौल में पैनापन तो आ ही गया है। (अनंत ज्ञान)



बच्ची को सम्मानित करते उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ।

## चुनाव क्षेत्र बदलने की चर्चाओं का भी दिया जवाब

**दिलचस्प** यह भी है कि मीडिया में पिछले कुछ दिनों से हमीरपुर के सांसद और केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के चुनाव क्षेत्र को बदलने की जो चर्चाएं आ रही हैं। उन्हीं के बीच हमीरपुर में हुआ जोरदार कार्यक्रम कांग्रेस को भी नए माहौल में सोचने पर मजबूर कर गया है। अब देखना यही है कि हिमाचल में भाजपा के इस फूंके गए चुनावी बिगुल का जवाब कांग्रेस कैसे देगी। हमीरपुर संसदीय क्षेत्र इसलिए भी प्रदेश और देश की राजनीति में काफी अहम है, क्योंकि केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर की यह गृह संसदीय क्षेत्र है। यहां से उनके पिता पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल दो मर्तबा सांसद रह चुके हैं।

## केंद्रीय मंत्री अनुराग की थपथपाई पीठ



**सामाजिक** कार्यक्रम के बहाने जिस अंदाज में उपराष्ट्रपति ने बड़ी तादाद में पहुंची जनता के बीच अनुराग की प्रशंसा के पुल बांधे और उपलब्धियां गिनाईं। इसका मतलब साफ है कि हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में तो चुनावी बिगुल खास अंदाज में बजा दिया गया है। वजह यह भी रही कि उपराष्ट्रपति ने मंच से केवल और केवल अनुराग ठाकुर के कामों का जिक्र किया। इसके अलावा राष्ट्रीय मुद्दों को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जिक्र किया, जो भी हो धूमल परिवार के साथ नजदीकियों को लेकर उन्होंने संसदीय क्षेत्र की जनता को या एहसास तो करवा ही दिया, कि उनका प्रभाव कितना है। वह इस परिवार के कितने करीब हैं।

## उपराष्ट्रपति ने देरी के लिए मांगी माफी!

**संबोधन** शुरू होते ही उपराष्ट्रपति ने सभी को नमस्ते किया और कहा- सबसे पहले देरी से आने के लिए माफी। दिल्ली में मौसम तो ठीक था, चंडीगढ़ से हेलीकॉप्टर देरी से उड़ा। पर यहां का मौसम देखकर प्रफुल्लित हो गया हूं। इस महीने सूरज देवता की इतनी बड़ी कृपा यहां देखकर अभिभूत हूं।

## शैक्षणिक संस्थानों में मिलती है सबसे बड़ी ऊर्जा

**उपराष्ट्रपति** ने कहा कि मैं भी अनुराग के माध्यम से आपको बताऊंगा कि आने वाले छह महीनों के बाद शतक पूरा कर लूंगा, शैक्षणिक संस्थानों में जाने का। सबसे बड़ी ऊर्जा वहां मिलती है। यह काम साधारण नहीं है। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन बहुत बड़े फिलॉसफर थे, उपराष्ट्रपति रहे, राष्ट्रपति रहे। पर उनकी पहचान एक शिक्षक की पहचान है। उनको शिक्षक के नाम से जाना जाता है।

## 90 के दशक का वह जमाना याद है...

**मुझे** वह जमाना याद है और धूमल साहब को भी याद है, 90 के दशक में देश की क्या हालत थी? बाद में क्या हुई है। पर पिछले एक दशक में जो काम हुआ है, वह सबसे बड़ा नारी शक्ति को एक स्वरूप देने का हुआ है। तीन दशक से कोशिश होती रही पर पार नहीं पड़ी, लेकिन सितंबर का महीना, पार्लियामेंट का नया भवन, स्पेशल सेशन और पूरे देश में लोकसभा और विधानसभाओं में माताओं और बहनों को आरक्षण मिला। यह बहुत बड़े बदलाव का केंद्र है।

## उपराष्ट्रपति ने मेधावी टीचर्स को किया सम्मानित



**उपराष्ट्रपति** ने मेधावी टीचर्स भी टैबलेट्स देकर सम्मानित किए। इससे पहले राज्यपाल ने भी अपने भाषण में उपराष्ट्रपति की कई मामलों में प्रशंसा की केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि हमीरपुर के लिए कई योजनाएं लाकर यहां के लोगों को नई दशा दिशा देने का उन्होंने प्रयास किया है। उन्होंने अपनी उपलब्धियां भी गिनाईं। कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के कबीना मंत्री राजेश धर्माणी भी मौजूद थे।

## एनआईटी स्टूडेंट्स को नए संसद भवन के भ्रमण का न्योता

**हमीरपुर।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने एनआईटी हमीरपुर के छात्रों को नए संसद भवन का दौरा करने का निमंत्रण दिया है। उन्होंने संस्थान की दिल्ली यात्रा के दौरान एनआईटी हमीरपुर और भारतीय विश्व मामलों की परिषद के बीच भविष्य के समझौता ज्ञापन की संभावना की भी घोषणा की। शनिवार को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) हमीरपुर में उपराष्ट्रपति के जोशीले भाषण से संस्थान के स्टूडेंट्स में प्रेरणा का जोश भरा। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वे बड़े सपने देखें, चुनौतियों का सामना करें और भारत को प्रगति की राह पर ले जाएं। एनआईटी हमीरपुर के पूर्व छात्र और हिमाचल प्रदेश सरकार के मंत्री राजेश धर्माणी भी मुख्यमंत्री की ओर से कार्यक्रम में शामिल हुए। धर्माणी ने हिमाचल प्रदेश में विकास परियोजनाओं और हाल की प्राकृतिक आपदाओं के बाद राहत प्रयासों के लिए उपराष्ट्रपति से समर्थन मांगा ।

### मौसम विभाग का पूर्वानुमान, कल से सक्रिय होगा पश्चिमी विक्षोभ

# नौ और दस को होगी बारिश-बर्फबारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में कई भागों में बीते लंबे सयम से जारी ड्राई स्पेल अब जल्द ही समाप्त हो सकता है। राज्य के कई क्षेत्रों में आगामी दो दिन बारिश-बर्फबारी के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार एक ताजा पश्चिमी विक्षोभ आठ जनवरी की रात से सक्रिय होने की संभावना है।

ऐसे में राज्य के कुछ एक भागों में नौ और दस जनवरी को बारिश-बर्फबारी होने का पूर्वानुमान है। राज्य के मैदानी क्षेत्रों में आठ जनवरी तक घना कोहरा छाए रहने का येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग द्वारा वाहन चालकों को कोहरे के चलते सुबह के समय निगरानी के साथ वाहन चलाने की सलाह दी गई है। विभाग के अनुसार अगले दो दिनों के दौरान मंडी, बिलासपुर, ऊना, कांगड़ा, सिरमौर (पांवटा साहिब और धौलाकुआं) और सोलन (बद्दी और नालागढ़) में सुबह के समय अलग-अलग हिस्सों में घना कोहरा छाए रहने की संभावना है।

शनिवार को राजधानी शिमला सहित अन्य भागों में मौसम साफ बना हुआ है। हालांकि सुबह और शाम के समय लोगों को कड़ाके की ठंड का सामना भी करना पड़ रहा है। प्रदेश के जनजातिय क्षेत्र लाहौल-स्पीती सहित अन्य भागों में कंपकपा देने वाली सर्दी से लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, मैदानी क्षेत्रों में कोहरा पड़ने का सिलसिला लगातार जारी है। शनिवार सुबह ऊना, मंडी, बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा, सोलन व सिरमौर के मैदानी क्षेत्रों में कोहरा छाया रहा।

ऊना जिले में सुबह के समय घनी धुंध पड़ने का सिलसिला लगातार जारी है। सर्द हवाओं के बीच जहां लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो रहा है, वहीं वाहन चालकों को भी धुंध के चलते खासी परेशानी हो रही हैं।

## प्रमुख शहरों का न्यूनतम तापमान

**राज्य** में पड़ रही कड़ाके की ठंड के चलते कुछ एक क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान शुन्य डिग्री सेल्सियस से नीचे आ चुका है। प्रदेश के किन्नौर जिले के रिंकागपियों में न्युनतम तापमान माइनस 0.2 डिग्री सैल्सियस रहा। वहीं, शिमला में 3.8, सोलन 1.0, नाहन 9.3, सुंदरनगर 0.2, भुंतर -0.2, कल्पा -2.6, धर्मशाला 5.2, ऊना 2.0, पालमपुर 2.5, कांगड़ा 3.5, मंडी 0.5, चंबा 2.4, डलहौजी 5.5, कुफरी 3.2,नारकंडा 1.4, भरमौर 2.7 डिग्री सैल्सियस रहा।



# फल मक्खी की दो नई प्रजातियां खोजी

### बैक्ट्रॉसेरा प्रभाकरी और टेफ्राइटिस हिमालयी रखा प्रजाति का नाम

**आर मोहन चौहान, सोलन**

डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी के शोधकर्ताओं ने हिमाचल प्रदेश में फल मक्खियों के लिए किए गए सर्वेक्षण अध्ययन के दौरान दो नई फल मक्खी (टेफ्रिटिडे) प्रजातियां पाई गईं हैं।

मनीष पाल सिंह के डॉक्टरेट अनुसंधान, जो विश्वविद्यालय के कीट विज्ञान विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. दिवेंद्र गुप्ता के मार्गदर्शन में काम कर रहे थे। शोध कार्य के दौरान यह प्रजातियां पाई गईं। यूनाइटेड किंगडम स्थित फल मक्खी वर्गीकरण विशेषज्ञ डॉ. डेविड लॉरेंस हैनकॉक के लक्षण वर्णन और परामर्श के बाद, प्रजातियों को दुनिया के लिए नया घोषित किया गया। इन प्रजाति का नाम बैक्ट्रॉसेरा प्रभाकरी और टेफ्राइटिस हिमालयी रखा गया। डॉ. मनीष पाल सिंह ने अपने डॉक्टरेट शोध के दौरान, इन नई प्रजातियों का वर्णन किया है। बी. प्रभाकरी मुख्य रूप से मध्य पहाड़ियों-सोलन और शिमला जिलों के कुछ हिस्सों में यह एक औषधीय पौधे, जिसे आमतौर पर डच एग प्लांट कहा जाता है, को संक्रमित करती हैं। वहीं, टी. हिमालयी राज्य की ऊंची और मध्य पहाड़ियों में पाई जाती है, जो सर्कियम फाल्कोनेरी नामक एक कांटेदार खरपतवार पर प्रजनन करती हैं। अन्य उत्तर भारतीय राज्यों की तुलना में राज्य में फल मक्खियों की अधिक विविधता मौजूद है, जैसा कि मनीष द्वारा किए गए शोध कार्य के निष्कर्षों से पता चला है।

इस शोध के निष्कर्ष जूटाक्सा जर्नल के नवंबर और दिसंबर अंक में प्रकाशित हुए हैं, जो न्यूजीलैंड से प्रकाशित होता है। फ्रूट फ्लाई के नमूनों को संदर्भ रिकॉर्ड के लिए सोलन में भारतीय प्राणी सर्वेक्षण के उच्च क्षेत्रीय केंद्र में जमा किया गया है। इन नई प्रजातियों के अलावा डैकस फ्लेचरी और उरोफोरा टेरेब्रान भी भारत में पहली बार हिमाचल प्रदेश से रिकॉर्ड किए गए। समूह के रूप में फल मक्खियां अंतरराष्ट्रीय महत्व और संगरोध महत्व के कीट हैं। (अनंत ज्ञान)

## कुलपति ने दी बधाई

**विश्वविद्यालय** के कुलपति प्रो. राजेश्वर सिंह चंदेल ने शोधकर्ताओं को उनकी खोज पर बधाई दी। अनुसंधान निदेशक डॉ. संजीव कुमार चौहान, बागवानी महाविद्यालय के डीन डॉ. मनीष शर्मा ने भी शोधकर्ताओं को उनकी इस खोज पर बधाई दी।



बी. प्रभाकरी



टी. हिमालयी

**आयोजन** राज्य स्तरीय प्रदर्शनी एवं प्रोजेक्ट प्रतियोगिता में प्रदेश के चयनित 47 बच्चों ने लिया भाग

# नन्हे वैज्ञानिकों के मॉडल देख हर कोई हैरान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

केंद्र सरकार की नन्हे वैज्ञानिकों के लिए शुरू की गई महत्वाकांक्षी इंस्पायर मानक स्कीम की राज्य स्तरीय प्रदर्शनी एवं प्रोजक्ट प्रतियोगिता में प्रदेश के चयनित 47 बच्चों ने मॉडल और इनोवेटिव प्रोजेक्ट के माध्यम से विज्ञान के प्रति अपनी रुचि को दर्शाया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ डॉ. हरीश अवस्थी सहायक निदेशक (कॉलेज) उच्च शिक्षा विभाग ने किया। उनका स्वागत एससीईआरटी सोलन के प्रिंसिपल डॉ. हेमंत कुमार ने किया। इस मौके पर उपनिदेशक उच्च शिक्षा डॉ. जगदीश नेगी, एचपीयू के भौतिकी विभाग से डॉ. महावीर सिंह, धर्मपुर कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. राजेंद्र कश्यप, डाइट सोलन के प्रिंसिपल डॉ. शिव कुमार शर्मा, नेशनल इनोवेशन फाउंडेशन देहरादून की दीप्ति जगुड़ी व गरिमा मौजूद रहीं। समापन समारोह में हिमाचल प्रदेश विवि के भौतिकी विभाग के डॉ. महावीर सिंह ने समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस मौके पर डॉ. रजनी सांख्यान, डॉ. रामगोपाल शर्मा, मंगेश कुमारी समेत एससीईआरटी सोलन स्टाफ मौजूद रहा।



बच्चों के मॉडल देखते निर्णायक मंडल के सदस्य।

## ये पांच प्रोजेक्ट हुए नेशनल के लिए सिलेक्ट

**इंस्पायर** मानक स्कीम की राज्य नोडल ऑफिसर व एससीईआरटी सोलन की अस्सिटेंट प्रोफेसर रंजना कुमारी शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में हमीरपुर जिले के मिडल स्कूल बहल ठाकरू के अंश कौंडल का स्टूडेंट फ्रेंड़ली टेप, मंडी के सीसे स्कूल मोवीसेरी की छात्रा भानूप्रिया का सिंपल कॉर्न शैल्डर डिवाइस, मंडी जिला के नगवाईं के छात्र अर्जुन ठाकुर के वेंडर्स इनोवेटिव पैराडाइज, शिमला के सीसे कोबिल के छात्र नितेश के प्लाटिक्स बोटल से रस्सी और ऊना जिले के सीसे स्कूल जोड़ला की साक्षी भारद्वाज के वर्सेटाइल नैक फैन का मॉडल / इनोवेटिव प्रोजेक्ट राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनिच हुआ। यहां चयनित पांच छात्रों को नेशनल लेवल की प्रतियोगिता में अपने वैज्ञानिक कौशल को दिखाने का अवसर मिलेगा।

# बिलासपुर में शराब के ठेके का तोड़ा ताला, पैसे-शराब की पेटियां उठाईं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर शहर में चोरियों का क्रम रुकने का नाम नहीं ले रहा है। आए दिन शहर में चोरियों की वारदातें सामने आ रही हैं। इसी कड़ी में बिलासपुर शहर के नाले के नौन में स्थित शराब के ठेके का ताला तोड़कर अंदर से अंग्रेजी शराब की नौ बोतलें और 18 हजार कैश चुराया गया। इसके साथ ही मौके पर शराब के ठेके के सेल्समैन के साथ मारपीट भी की गई।

यह वारदात शुक्रवार और शनिवार की मध्यरात्रि की बताई जा रही है। पुलिस ने सारे मामले में जांच करते हुए दो आरोपी युवकों को गिरफ्तार भी किया है। यह आरोपी युवक मंडी जिले के बताए जा रहे हैं। पुलिस ने इन आरोपी युवकों से सारा सामान और कैश बरामद कर लिया है। पुलिस ने मामला दर्ज करके आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। बिलासपुर शहर में लगातार चोरियों के बढ़ते मामलों के चलते स्थानीय लोगों में काफी भय का माहौल पैदा हो गया है। वहीं, कहीं न कहीं बिलासपुर पुलिस पर भी अब सवालिया निशान खड़े होना शुरू हो गए हैं। उधर, इस संदर्भ में जब बिलासपुर एएसपी शिव कुमार चौधरी से बात की गई तो उनका कहना है कि पुलिस सारे मामले की जांच कर रही है।



बिलासपुर पुलिस ने चोरी के आरोप में पकड़े दो युवक।

# डगशाई : हिमाचल का मोस्ट हॉन्टेड कब्रिस्तान और जेल

**तेजपाल नेगी, सोलन**

हिमाचल के सबसे ज्यादा डरावने स्थलों की सूची में सोलन की डगशाई सैन्य छावनी के अंतर्गत आने वाले दो स्थानों का नाम आता है। पहला है डगशाई का पुराना कब्रिस्तान और दूसरा है डगशाई जेल, जो अब संग्रहालय में तब्दील कर दी गई है। दोनों ही स्थान ऐसे हैं कि दिन दोपहर में भी यहां जाने पर लोगों की रूह कांप उठती है। डगशाई जेल में प्रवेश करते ही आपके चारों ओर नेगेटिव एनर्जी का संचार अपने आप ही होने लग पड़ता है। ऐसे में इस जेल के भीतर एकमात्र चीज आपको हौसला देती और वह है राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के भी दो दिन यहां रहने की जानकारी।

कुछ यही हाल कब्रिस्तान में जाने पर भी होता है। कुछ लोगों ने रात के समय इस कब्रिस्तान में जाने का प्रयास किया था, लेकिन मैम की कब्र के पास उनका अनुभव भी अच्छा नहीं रहा। इनमें से कई लोग वे हैं, जो इस तरह के भूतहा स्थलों पर आधुनिक उपकरणों के साथ शोध भी कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)



डगशाई जेल का प्रवेश द्वार (लाल गोल घेरे में)



डगशाई जेल के भीतरी दृश्य

## ऐसे पड़ा डगशाई नाम

**कहा** जाता है कि प्राचीन काल शासक घृणित अपराध की कठोरतम की सजा पाए लोगों को यहां बनी जेल में भेजते थे, जिनके माथे पर सुर्ख हो चुके गर्म लोहे की शाही मुहर का निशान दागा जाता था। यदि वह अपराधी सजा पूरी करके जीवित घर लौट भी जाता तो भी उसके माथे पर लगा निशान उसके अपराधी होने का संकेत होता। इसी शाही दाग यानी दाग-ए-शाही की रवायत के चलते यहां का नाम दागशाही और बाद में डगशाई हो गया। बाद में महाराजा पटियाला ने अंग्रेजों को यह उपेक्षित सा गांव सौंप दिया, जिसे अंग्रेजों ने अपनी सैन्य छावनी में तब्दील कर दिया।

## कई कैदियों की दर्दनाक मौत की गवाह डगशाई जेल

**1849** में बनी डगशाई सेंट्रल जेल अपने वीभत्स अतीत के लिए विख्यात है। यह जेल डगशाई का दूसरा हांटेड स्थल है। जेल की चारदीवारी ने अनेक कैदियों की यातनाएं और उनकी हत्याएं देखी हैं। माना जाता है कि इनमें से कई कैदियों की आत्माएं अभी भी जेल परिसर में विचरण करती हैं। हालांकि अब इसे एक संग्रहालय में तब्दील कर दिया गया है। इस जेल में कैदियों की कोठरियों का निर्माण टी आकार में किया गया है।

जेल के प्रवेश द्वार से अंदर घुसने के बाद जब आप मुख्य जेल के भवन में घुसते हैं तो ठीक सामने की कोठरी में सलाखों के पीछे रखा गया एक कैदी का पुतला आपके रोंगटे खड़े कर देगा। मद्धिम रोशनी होने के कारण आपको सलाखों के पीछे किसी आदमी के खड़े होने का अहसास होगा। अंदर घुसते ही सामान्य कैदियों के लिए बनाई गई कोठरियों की एक श्रृंखला शुरू होगी, जिसमें बाईं ओर के पहली सेल नंबर छह में वर्ष 1948 में एक रात के लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के हत्यारे नाथूराम गोडसे को भी रखा गया था। उसे पेशी के लिए शिमला स्थित तत्कालीन पंजाब हाई कोर्ट में ले जाते समय रात हो जाने के कारण यहां ठहराया गया था। वहीं इस जेल में बंद अंतिम कैदी था। बाद में जेल को बंद कर इसे संग्रहालय का दर्जा दे दिया गया। इसी जेल में अहिंसा के पुजारी महात्मा गांधी 1923 में दो दिन के लिए रुके थे। उन्हें जेल की दो कोठरियों को जोड़कर वीआईपी जेल की सुविधा दी गई थी। वे यहां सजा काट रहे आयरिश सैनिकों से मिलने आए थे। 1920 में यहां कनॉट रेंजर्स की पहली बटालियन के सैन्य अधिकारी जेम्स डेली को जेल परिसर में ही गोली मार कर हत्या कर दी गई। यहां सैन्य कैदियों को ही रखा जाता था, जिन्हें रूह कंपा देने वाली सजाएं दी जाती थीं।

अंग्रेजी जुल्मो सितम के बीच यदि कोई कैदी प्राण त्यागता तो उसे तीन सजा कोठरियों में बने पिछले दरवाजे से खाई में धकेल दिया जाता। इस जेल को पहाड़ का कालापानी भी कहा जाता था।

इस जेल के मुख्य परिसर में प्रवेश करते ही नकारात्मक ऊर्जा आपके चारों ओर अपना प्रभाव डालने लगती है। आपका मन उचटने लगता है। पर्यटक टोली के रूप में जेल में आते हैं। अकेले व्यक्ति आज भी जेल की कोठरियों के सामने जाने से डरते हैं। हालांकि जेल के प्रवेश द्वार पर सेना के जवान तैनात रहते हैं, लेकिन जेल के अंदर का वातावरण कमजोर दिल वालों को डरा सकता है।

## डगशाई की ईसाई कब्रिस्तान में स्थित मैम की कब्र।



## प्रेम के प्रतीक से निकलता खौफ का साया

**पहले** बात मैम की कब्र की। यह कब्र यहां 1909 से है। यह अलग बात है कि शुरुआत से अब तक इसका कुल तीन बार रूप बदला गया है। इस कब्र को सिर्फ भूतहा ही नहीं माना जाता, बल्कि इसे बहुत से लोग संतान प्राप्ति का आशीर्वाद देने वाली गोरी मैम की कब्र के रूप में भी मानते हैं, लेकिन कुछ लोगों के अनुभव ने इसे एक पवित्र जगह के स्थान पर हॉन्टेड प्लेस के रूप में ज्यादा चर्चा दिलवा दी। इस कब्र की कहानी कुछ यूं है कि मेजर जॉर्ज वेस्टन नाम का एक ब्रिटिश डाक्टर अपनी पत्नी मैरी वेस्टन के साथ डगशाई में रहता था। मैरी उसकी नर्सिंग सहायक थी। विवाह के बाद उनकी कोई संतान नहीं हुई तो वे परेशान रहने लगे। एक बार उनकी भेंट एक भटकते हुए सूफी संत हुई, जिन्होंने उन्हें ताबीज के रूप में आशीर्वाद दिया। इसके बाद मैरी गर्भवती हो गई, लेकिन जॉर्ज को कुछ महीनों के लिए इंग्लैंड जाना पड़ा। उस वक्त मैरी छह महीने की गर्भवती रही होंगी। जॉर्ज लगभग छह माह बाद लौटे तो यहां आकर उन्हें पता चला कि उनकी दुनिया उजड़ चुकी है। सैन्य छावनी के अधिकारियों ने उन्हें बताया कि मैरी और उनके नौ महीने के गर्भस्थ शिशु की मौत हो चुकी थी। इसलिए उन लोगों ने उन्हें पूरे सम्मान के साथ चर्च के साथ लगते कब्रिस्तान में दफना दिया है। अधिकारियों ने जॉर्ज को उसकी पत्नी की कब्र भी दिखाई। यह बात वर्ष 1909 की है। इसके बाद जॉर्ज ने अपनी पत्नी और अजन्मे बच्चे की यादों को चिरस्मरणीय बनाने के लिए इंग्लैंड से मंगाए गए संगमरमर की एक मूर्ति तत्कालीन कलकत्ता में एक विशेष शिल्पकार से बनवाई। इस मूर्ति में लेटी हुई मैरी की छाती पर बच्चा और उसके ठीक पीछे स्वर्ग से उतरी एक अप्सरा की मूर्ति थी। जॉर्ज ने अपनी पत्नी की कब्र पर यह प्रतिकृति लगा दी। जॉर्ज इसके बाद डगशाई से कहीं नहीं गए। उनकी मौत भी उनके रिश्तेदारों के यहां पंजाब में ही हुई। इसके बाद स्थानीय लोग गोरी मैम की शानदार कब्र देखने कब्रिस्तान आते रहते। जैसे-जैसे समय बीतता गया, मैरी की कब्र के बारे में अफवाहें फैलने लगीं कि निःसंतन दंपती यदि मूर्ति में लगे संगमरमर के पत्थर के टुकड़े को तोड़कर अपने घर ले जाएंगे तो उनके घर में किलकारी अवश्य गूजेंगी। इस अफवाह के चलते धीरे-धीरे मूर्ति के पत्थर टूटने लगे। इस तरह यह मूर्ति खस्ताहाल हो गई। इसी दौरान कई लोगों ने मैरी की आत्मा को कब्रिस्तान में उसकी कब्र के आसपास घूमते हुए देखने का दावा किया। फिर क्या था। पूरे कब्रिस्तान को प्रेत बाधा का अड्डा कहा जाने लगा। दूर-दूर से पैरानॉर्मल एक्टिविटीज पर रिसर्च करने वाले यहां पहुंचने लगे। इन्हीं में से एक दिलीप ने बताया कि वह जिस दिन कब्र पर गए थे, उसी रात उनके सपने में एक व्यक्ति आया और उनसे कहा कि वह उसे बेकार ही तलाश कर रहा है। इस तरह के अनुभव कई अन्य लोगों को भी हुए। दिलीप के सपने में आया वह व्यक्ति डॉ. जॉर्ज था या फिर किसी अन्य कब्र में दबे शव की आत्मा कहा नहीं जा सकता। कुल मिलाकर पूरा कब्रिस्तान ही हॉन्टेड की श्रेणी में रखा गया है।

## डगशाई जेल की एक कोठरी में रखा गया कैदी का पुतला



## इसी सेल में रखा गया था नाथूराम गोडसे को



## डगशाई का भुतहा कब्रिस्तान



# सीएम सुक्खू ने नाहन को दी 219 करोड़ की सौगात

## मुख्यमंत्री ने किए 11 विभिन्न विकास प्रोजेक्टों के लोकार्पण और शिलान्यास

**अनंत ज्ञान, नाहन**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शनिवार को सिरमौर जिले के एकदिवसीय दौरे के दौरान नाहन में 219 करोड़ रुपए की 11 विभिन्न विकास परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास किए।

सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने 16 करोड़ 62 लाख रुपए की लागत से मारकंडा नदी पर बने पुल तथा एक करोड़ 71 लाख रुपए की लागत से निर्मित डॉ. वाईएस परमार चिकित्सा महाविद्यालय नाहन के स्टाफ के लिए आठ टाइप-तीन आवासों का लोकार्पण किया।

उन्होंने नाहन शहर के लिए 144 करोड़ 30 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाली मल निकासी योजना, नाहन व पांवटा विकास खंड के लिए 17 करोड़ 24 लाख रुपए की लागत से शिवा परियोजना के अंतर्गत निर्मित होने वाली सिंचाई योजना, गाड़ा-भूड़ी में छह करोड़ 43 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाली उठाऊ सिंचाई योजना, जल शक्ति उपमंडल जमटा के अंतर्गत सात करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाली पेयजल आपूर्ति योजना, चार करोड़ 25 लाख रुपए की लागत से ग्राम पंचायत कालाअंब में विभिन्न उठाऊ संवर्धन एवं सुदृढ़ीकरण सिंचाई योजनाओं, दो करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाले वर्षा जल संग्रहण संरचना चासी, गांव कठाना के पठार खुड में लगभग दो करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाले बहु-उद्देश्यीय डैम, 14 करोड़ 65 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाले डॉ. वाईएस परमार चिकित्सा महाविद्यालय नाहन के छात्रावास तथा दो करोड़ 50 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाले हैचरी भवन कांसीवाला का शिलान्यास भी किया।



नाहन में विभिन्न विकास योजनाओं का लोकापर्ण व शिलान्यास करते सीएम सुक्खू।

## हिमाचल प्रदेश में भाजपा के सातों मोर्चे लोकसभा चुनाव से पहले करेंगे सम्मेलन

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में लोकसभा चुनाव में मोर्चेबंदी को भाजपा ने अपने सभी सात मोर्चों को लगा दिया है। हर मोर्चा लोकसभा चुनाव से पहले राज्य के विधानसभा क्षेत्रों में सम्मेलन आयोजित करेगा। इसके साथ ही केंद्र सरकार की उपलब्धियां एवं मौजूदा राज्य सरकार की नाकामियों को लेकर एक जनजागरण अभियान भी चलाया जाएगा। भाजपा प्रदेश पदाधिकारियों की शनिवार को शिमला में आयोजित बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने की। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, प्रदेश प्रभारी अविनाश राय खन्ना, संगठन महामंत्री सिद्धार्थन, प्रदेश महामंत्री सिकंदर कुमार, त्रिलोक कपूर और बिहारी लाल शर्मा उपस्थित रहे। भाजपा मीडिया विभाग के प्रभारी रणधीर शर्मा ने कहा कि लोकसभा चुनाव में किस प्रकार से कार्यकर्ता कार्य करेंगे, इसे लेकर बैठक में गहन चिंतन हुआ। साथ ही कोर ग्रुप के फैसले भी बैठक में बताए गए। बैठक में केंद्र से 1782 करोड़, जो कि केवल आपदा की घड़ी के लिए प्रदेश को दिए गए, उसको लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और केंद्रीय नेतृत्व के प्रति एक धन्यवाद प्रस्ताव भी पारित हुआ। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार बैक गियर और इंतजार की सरकार है। कांग्रेस राज में वेतन, विकास और जनकल्याण ठप है और यह सरकार ही ठप है।

### पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के 59वें जन्मदिन पर लगा बधाई देने वालों का तांता

# नेता प्रतिपक्ष के सरकारी आवास में डाली नाटी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने शनिवार को अपना 59वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया। इस दौरान उनके सरकारी आवास पर पहाड़ी नाटी लगी। सुबह से ही जयराम ठाकुर के आवास पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। हिमाचल प्रदेश में पूर्व भाजपा सरकार के दौरान मंत्री रहे सभी नेता अपने समर्थकों के साथ बधाई देने के लिए जयराम ठाकुर के घर पहुंचे। इसके अलावा अलग-अलग जिलों से भी बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शुभकामनाएं देने के लिए पहुंचे। जयराम ठाकुर ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया है। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि बड़ी संख्या पर उनके घर पर कार्यकर्ताओं की भीड़ लगी।



जयराम ठाकुर अपने जन्मदिन के मौके पर समर्थकों के साथ नाटी डालते हुए।

जयराम ठाकुर ने कहा कि उनके आने वाला जीवन भी हिमाचल प्रदेश के जनता के लिए ही समर्पित रहने वाला है। जयराम ठाकुर ने कहा कि 22 जनवरी का दिन पूरे देश के लिए बेहद ऐतिहासिक रहने वाला है। इस दिन राम जन्मभूमि पर विशाल और भव्य मंदिर का में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी। उन्होंने कहा कि यह पल ऐतिहासिक होगा और हम सबके लिए गौरव का विषय है कि हम इसके साक्षी बनने जा रहे हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि इस दिन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निवेदन पर सभी लोगों को दिवाली की तरह मनाना है।

### बिंदल ने जयराम ठाकुर को तलवार भेंट कर दी बधाई

**भाजपा** प्रदेश पदाधिकारी बैठक होटल ध्रु व शिमला में प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, प्रदेश प्रभारी अविनाश राय खन्ना, संगठन महामंत्री सिद्धार्थन, प्रदेश महामंत्री सिकंदर कुमार, त्रिलोक कपूर और बिहारी लाल शर्मा उपस्थित रहे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर को तलवार भेंट कर जन्मदिन की सुभकामनाएं दीं। जन्मदिन के सवार पर जयराम ठाकुर ने राम मंदिर के नाम पर एक दीपक भी प्रज्वलित किया।



पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर अपने जन्मदिन के मौके पर समर्थकों के साथ केक काट कर जश्न मनाते हुए।



प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं हिमाचल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर को जन्मदिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते भाजपा शिमला के पदाधिकारी।

**विश्लेषण** — भारतीय जनता पार्टी के राजनीतिक जगत में प्रकाश लाने हिमाचल आए जेपी नड्डा

# राजधानी से संगठन में जान फूंक गए जगत प्रकाश

**अरविंद शर्मा, शिमला**

हिमाचल में अब तक लगातार तीन चुनाव हार चुकी भाजपा के राजनीतिक जगत में प्रकाश लाने के लिए बीजेपी प्रेजिडेंट जेपी नड्डा की निगाहें अब प्रदेश पर हैं। वह इन दिनों हिमाचल के दौरे पर हैं। अगले साल होने वाले लोकसभा चुनावों से पहले जगत प्रकाश नड्डा का हिमाचल दौरा कई मायने रखता है। हालांकि लोकसभा चुनावों के लिए अभी पांच माह का वक्त है, लेकिन भाजपा हिमाचल में चुनावी मोड में आ गई है।

संगठन में जान फूंकने और पिछली कमियों में सुधार लाने के लिए ही जेपी नड्डा ने अपने गृह राज्य हिमाचल की ओर कदम बढ़ा दिए हैं। उल्लेखनीय है कि भारतीय जनता पार्टी हिमाचल में नवंबर 2021 से लगातार तीन चुनाव बार हार चुकी है। नवंबर में चार उपचुनाव, उसके बाद दिसंबर 2022 में विधानसभा और 2023 यानी इसी साल मई में नगर निगम शिमला के चुनाव में भाजपा को जीत नहीं मिली। यही वजह है कि भाजपा अब जगत प्रकाश नड्डा के दम पर हिमाचल में लोकसभा चुनाव की किश्ती को आगे बढ़ाने जा रही है।



हमेशा ही चुनावी मोड में रहने वाली भारतीय जनता पार्टी ने अभी से लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। भारतीय जनता पार्टी के केंद्र में नौ साल पूरे होने के मौके पर पहली जून से देशभर में महासंपर्क अभियान चलाया गया। हिमाचल प्रदेश में भी अभियान जोरों पर चल रहा है। पूरे महीने भर तक चलने वाले इस महासंपर्क अभियान में कई बड़े नेता हिस्सा ले रहे हैं। इसी कड़ी में भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा भी कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए कांगड़ा, हमीरपुर और मंडी संसदीय क्षेत्रों के दौरे पर आए। पार्टी को उम्मीद है कि भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष के इस दौरे से कार्यकर्ताओं में नए जोश का संचार होगा। (अनंत ज्ञान)

### इसी साल दो अप्रैल को पूरा होगा राज्यसभा सांसद का कार्यकाल

**भाजपा** अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा का राज्यसभा में सांसद का कार्यकाल इस साल दो अप्रैल को पूरा होने जा रहा है, यानी ठीक लोकसभा चुनावों से पहले नड्डा का राज्यसभा सदस्य का कार्यकाल पूरा होगा। बता दें कि जेपी नड्डा तीन अप्रैल, 2018 को राज्यसभा सांसद निर्वाचित हुए थे। इससे पहले 2012 से 2018 तक भी राज्यसभा सांसद रहे और इस बीच दिसंबर 2019 तक केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री के पद पर भी रहे। उसके बाद 20 जनवरी, 2020 से लेकर अब तक भाजपा अध्यक्ष की भूमिका निभा रहे हैं।

### जेपी नड्डा की अगुआई में लड़े जाएंगे चुनाव

**जेपी** नड्डा के कार्यकाल को एक साल के विस्तार का मतलब है कि 2024, यानी भाजपा इस साल का चुनाव नड्डा की अगुआई में ही लड़ेगी। उल्लेखनीय है कि 20 जनवरी, 2020 को उन्हें भारतीय जनता पार्टी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था और जनवरी 2023 तक उनका कार्यकाल था, मगर पार्टी ने सितंबर, 2022 में उनका कार्यकाल बढ़ाकर 2024 तक कर दिया गया है। बता दें कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष की कुर्सी तक पहुंचने वाले जगत प्रकाश नड्डा 1993 में हिमाचल विधानसभा चुनाव लड़ने के बाद भाजपा विधायक दल के नेता बने थे। 1998 में विधानसभा चुनाव जीतने के बाद नड्डा को पार्टी हिमाचल का सीएम बनाना चाह रही थी, लेकिन उनके पीछे हटने से प्रेम कुमार धूमल का नाम प्रस्तावित किया गया था। उसके बाद 2009 में मंत्री पद छोड़कर वह दिल्ली चले गए।

### जगत सिंह नेगी का जगत प्रकाश नड्डा पर पलटवार

# 75,000 करोड़ का कर्ज छोड़ गई डबल इंजन की सरकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा पर पलटवार करते हुए बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि पूर्व की भाजपा सरकार ने प्रदेश में ऐसा वित्तीय प्रबंध किया की डबल इंजन की सरकार 75,000 करोड़ का कर्ज छोड़ कर गई। जगत सिंह नेगी ने कहा कि भाजपा नेताओं ने शायद काले चश्मे पहन रखे है, जो उन्हें प्रदेश सरकार के काम नजर नहीं आ रहे हैं।



उन्होंने कहा कि सबसे बड़ी ओपीएस की गारंटी प्रदेश सरकार ने सत्ता में आते ही पूरी की। इसके अलावा अन्य गारंटियां भी पूरी की जा रही हैं। उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश इतनी बड़ी प्राकृतिक आपदा से गुजरा, लेकिन केंद्र से कोई बड़ी मदद प्रदेश को नहीं मिली। वहीं सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम को लेकर जगत सिंह नेगी ने कहा कि यह कोई चुनावी कार्यक्रम नहीं है। प्रदेश में कांग्रेस सरकार ने इस तरह के कार्यक्रम पिछली सरकारों में भी चलाए। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के जरिए सरकार के प्रतिनिधि जनता की समस्याओं को सुनने और समाधान का काम करते थे। बाद में इसका नाम बदलकर भाजपा ने जनमंच कर दिया और इसमें जमकर धन की बर्बादी की। वहीं, बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने शनिवार को प्रदेश सचिवालय में बोर्ड ऑफ डायरेक्टर के साथ बैठक की। बैठक में एचपीएमसी और एग्रो के विलय को लेकर चर्चा की गई। एचपीएमसी और एग्रो दोनों का काम एक जैसा है। इसलिए दोनों के विलय का फैसला किया।

### धौलाधार के कंडी गांव में बने पर्यटन गांव: शांता

**पालमपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार ने कहा कि उन्हें इस बात की खुशी है कि हिमाचल सरकार पालमपुर में एक पर्यटन गांव बनाने की योजना बना रही है। उन्होंने कहा कि इसके लिए स्थान का चयन चौधरी श्रवण कुमार कृषि विश्वविद्यालय के हित को ध्यान में रखकर किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा चौधरी श्रवण कुमार कृषि विश्वविद्यालय पहले ही कुछ संस्थाओं को भूमि दे चुका है। भारत सरकार ने कुछ केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय बनाने की योजना भी बनाई है, यह प्रयत्न चल रहा कि पालमपुर कृषि विश्वविद्यालय को ही केंद्रीय विश्वविद्यालय में बदला जाए। उसके लिए भी भूमि की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा कि समय पूर्व पालमपुर की समाज सेवी चंद्रप्रभा ने 3200 एकड़ भूमि सरकार को दान में दी है। कंडी के निकट यह भूमि पर्यटन गांव के लिए सबसे अधिक उपयुक्त है।



# पीएंडटी भवन के दो सैट व नेरवा में सात मवेशी जिंदा जले

## शिमला के पीएंडटी के आवासीय भवन व नेरवा के खुडवी में गोशाला में भड़की आग, दो से तीन लाख रुपए का हुआ नुकसान

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

शिमला जिले के नेरवा क्षेत्र में खुडवी गांव व स्कैंडल प्वाइंट के पास पोस्टल एंड टैलीग्राफ (पीएंडटी) के आवासीय भवन में आगजनी की घटनाएं सामने आई हैं। इस आगजनी से शिमला में पीएंडटी भवन के दो सैट व नेरवा में सात मवेशी जिंदा जल गए हैं।

पहली घटना में नेरवा के पंचायत पुजारली की गुज्जर बस्ती गांव खुडवी में अचानक आग लग गई। बताया जा रहा है कि आग नेरवा से लगभग 12 से 13 किलोमीटर दूर खुडवी गांव में मोहम्मद आलम गांव खुड़वी डाकघर रूसलाह तहसील नेरूवा जिला शिमला उम्र करीब 60 वर्ष की एक गोशाला में आग लग गई। इस दौरान गोशाला में दो जर्सी गाय व दो बछड़े, दो बैल तथा एक खच्चर आग की चपेट में आ गई। इस आगजनी तथा पशु हत्या होने से मोहम्मद आलम का पशु हत्या के अतिरिक्त दो से तीन लाख रुपए का नुकसान हुआ है।



माल रोड स्थित पीएनटी कॉलोनी में लगी आग पर काबू पाते दमकल विभाग के कर्मचारी।

लोग आग को बुझाने गए थे, परंतु आग काफी ज्यादा फैल चुकी थी तथा गोशाला में गोवंश नहीं बचा सके। आग लगने का कारण अभी तक मालूम नहीं हुआ है, लेकिन इस्लाम का कहना है कि इसने तीन दिन पहले गोशाला के साथ आग लगाकर झाड़ियां जलाई थी, लेकिन झाड़ियां जलाने के बाद आग बुझ गई थी। (अनंत ज्ञान)

### घरेलू सामान जलकर हुआ राख

इस आगजनी की घटना की सुचना पंचायत प्रधान पुजारी तथा खुडवी के लोगों की ओर से तहसील कार्यालय नेरूवा को दे दी गई है। प्रशासन की ओर से पटवारी को मौके पर भेज दिया था, वहीं पुलिस भी अपने स्तर पर आगजनी की घटना के कारणों का पता लगा रही है। उधर दूसरे मामले में स्कैंडल प्वाइंट के पास पोस्टल एंड टैलीग्राफ (पीएंडटी) के आवासीय भवन में आग लग गई। यहां दो सैट में आग लगने से इसमें रखा घरेलू सामान जलकर राख हो गया। आग लगने के कारण अज्ञात बताए जा रहे हैं।

### दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया

आग की लपटों को देखकर तुरंत ही दमकल विभाग को सूचित किया गया और सात गाड़ियों ने करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह से काबू पाया। दमकल केंद्र मालरोड शिमला से तीन, छोटा शिमला से तीन और तिलकनगर से एक वाहन यहां आग बुझाने पहुंचा और दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार स्कैंडल के समीप ही इस आवासीय भवन में सुबह करीब 10.45 बजे आग लग गई। सूचना मिलते ही तुरंत फायर बिग्रेड की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने में जुट गई। आग से कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है, अपितु इस भवन में दो सैटों में आग लगने से इसमें रखा घरेलू सामान पूरी तरह से जल गया। सैट नंबर-पांच व सैट नंबर-7 में आग लगी, जिससे सैट नंबर-5 को अधिक नुकसान हुआ है। इन सैटों में रखा हुआ घरेलू सामान व ऊपर-नीचे जाने के लिए प्रयोग में लाई जाने वाली सीढ़ियों को भी क्षति पहुंची है। आग लगने से करीब पांच लाख रुपए का नुकसान हुआ है, जबकि 50 लाख की आसपास की संपत्ति को जलने से बचा लिया गया है।

# मुख्यमंत्री सुक्खू आज रोहड़ू के प्रवास पर होंगे

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू सात जनवरी को जिला शिमला के रोहड़ू उपमंडल के प्रवास पर होंगे।



यह जानकारी सरकारी प्रवक्ता ने देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री 7 जनवरी को दोपहर 12:45 पर रोहड़ू पहुंचेंगे और उसके पश्चात् 1:30 बजे गवास में आयोजित शांत महायज्ञ में शिरकत करेंगे।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सायं 5:10 पर सर्किट हाउस रोहड़ू आएंगे और वहां जनसमस्याएं सुनेंगे।

# कुमारसैन चिकित्सालय में टीबी मुक्ति को लेकर जानकारी दी



नागरिक चिकित्सालय कुमारसैन में टीबी मुक्ति को लेकर जानकारी देते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुमारसैन**

नागरिक चिकित्सालय कुमारसैन में टीबी मुक्त पंचायत अभियान के अंतर्गत एक शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न पंचायतों के प्रधानों ने भाग लिया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सिविल अस्पताल कुमारसैन की डॉक्टर सिमरन कंवर ने पंचायत प्रधानों को टीबी के लक्षण, जोखिम, कारण, टीबी की पहचान और उपचार के बारे में जानकारी दी। इसके अतिरिक्त टीबी मुक्त पंचायत की मान्यता प्राप्त करने की प्रक्रिया और छह सूचक के बारे में जानकारी दी।

# लोस चुनाव के मद्देनजर शिकायत समिति का गठन

**शिमला।** जिला निर्वाचन अधिकारी डीसी ने आदेश जारी करते हुए बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिला शिकायत समिति का गठन किया गया है, जिसमें अतिरिक्त उपायुक्त शिमला समिति के संयोजक तथा परियोजना अधिकारी, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण व जिला कोषाधिकारी समिति के सदस्य के रूप में शामिल रहेंगे।

एसएसटी या एफएसटी की और से की गई जब्ती के प्रत्येक मामले की स्वत: जांच करेगी और जहां समिति को पता चलेगा कि जब्ती के खिलाफ कोई एफआईआर या शिकायत दर्ज नहीं की गई है या जहां जब्ती किसी उम्मीदवार या राजनीतिक दल या किसी चुनाव अभियान से जुड़ी नहीं है, वहां समिति मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार मौखिक आदेश पारित कर ऐसे व्यक्तियों को नकदी जारी करने का आदेश देने के लिए तत्काल कदम उठाएगी।

# रिज पर सोटो ने लगाया अंगदान जागरूकता शिविर, 10 ने भरा फॉर्म



रक्तदान शिविर के दौरान अंगदान के प्रति जागरूक करते सोटो संस्था के पदाधिकारी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर शनिवार को स्टेट ऑर्गन एंड टिशु ट्रांसप्लांट ऑर्गेनाइजेशन (सोटो) ने यूको बैंक और डीडीयू ब्लड बैंक के आपसी सहयोग से अंगदान के प्रति लोगों को जागरूक किया।

इसके बाद 10 लोगों ने अंगदान के लिए शपथ पत्र भी भरा। जागरूकता शिविर के अलावा सोटो ने ब्लड डोनेशन कैंप भी लगाया था, जिसमें 25 लोगों ने रक्तदान किया। सोटो ट्रांसप्लांट कोऑर्डिनेटर नरेश कुमार ने लोगों को अंगदान करने के लिए शपथ पत्र भरने का आग्रह किया। लोग मृत्यु के बाद भी ब्रेन स्टेम डेथ होने पर अपने अंगदान करके जरूरतमंद का जीवन बचा सकते हैं। अंगदान करने वाला व्यक्ति ऑर्गन के जरिए आठ लोगों का जीवन बचा सकता है। इसलिए इस समाजिक कार्य में हर व्यक्ति को अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए।

# प्रशासन ने अनियमितता करने वाले कारोबारियों पर कसा शिकंजा

**जय ठाकुर, शिमला**

शिमला जिले में अनियमितता करने वाले कारोबारियों के खिलाफ जिला प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई करते हुए लाखों रुपए का जुर्माना वसूला है।

नियमों की अवहेलना करने पर जिले के अलग-अलग क्षेत्रों के कारोबारियों से प्रशासन ने कुल दो लाख 56 हजार 895 रुपए की राशि वसूली है और साथ ही भविष्य में नियमों का पालन करने की भी हिदायत दी गई है। बीते पांच माह में शिमला में प्रशासन ने 2524 निरीक्षण किए हैं और अनियमित्ता करने वाले व्यापारियों पर विभागिय कार्रवाई को अम्लीजामा पहनाते हुए जुर्माना भी लगाया है। डीसी आदित्य नेगी ने शिमला में जिला स्तरीय सार्वजनिक वितरण प्रणाली एवं जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक के दौरान यह जानकारी प्रदान की। इसके साथ ही उपायुक्त ने बताया कि अगस्त, 2023 से दिसंबर, 2023 तक लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत 608 उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से उपभोक्ताओं को 37 करोड़ 98 लाख रुपए की आवश्यक वस्तुएं वितरित की गई।

उपायुक्त ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत कुल 66 हजार 230 परिवारों का चयन किया जा चुका है। जिले में बचे हुए परिवारों का जल्द योजना के तहत पंजीकरण करने के निर्देश दिए, ताकि सभी पात्र लोगों को इस योजना का लाभ मिल सके। इस अवसर पर सदस्य सचिव एवं जिला नियंत्रक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले पूर्ण चंद ठाकुर, जिला परियोजना अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

### पांच माह में 7 लाख 18 हजार गैस सिलेंडर बिके

शिमला जिले में कार्यरत 29 गैस एंजेसियों के माध्यम से बीते पांच महीने में तीन लाख तीन हजार 482 उपभोक्ताओं को सात लाख 18 हजार 706 गैस सिलेंडरों की बिक्री की गई है।

### उचित मूल्य की दुकानें खोलने का अनुमोदन

उपायुक्त ने जिले में पांच नई उचित मूल्य की दुकानें खोलने का अनुमोदन दिया और नौ उचित मूल्य की दुकानें खोलने के संदर्भ में प्राप्त प्रस्ताव के बारे में प्रचार-प्रसार करने के निर्देश भी दिए, ताकि इन जगहों पर भी उचित मूल्य की दुकानें खोली जा सकें।

# अस्पतालों में 24 घंटे होगी पोस्टमार्टम की सुविधा

## घर द्वार पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए सरकार कटिबद्धः शांडिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनी राम शांडिल ने आज शिमला परीमहल में राज्य स्वास्थ्य प्रशिक्षण केंद्र के सभागार में राज्य के स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ स्वास्थ्य सेवाओं के संदर्भ में समीक्षा बैठक ली।



स्वास्थ्य मंत्री ने विभाग की राज्य स्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा बैठक ली।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान राज्य सरकार प्रदेश में घर द्वार पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए कटिबद्ध है और प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू इस दिशा में निरंतर कार्य कर रहे हैं। कैबिनेट मंत्री ने उपस्थित स्वास्थ्य अधिकारियों से परस्पर संवाद स्थापित किया तथा स्वास्थ्य सुविधाओं के संदर्भ में उनके सुझाव आमंत्रित किए और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने रोगी वाहनों, 108 एंबुलेंस सेवा, संस्थागत प्रसव, आपातकालीन सेवाएं, दवाइयों के स्टॉक के संबंध में विस्तृत चर्चा की, ताकि ग्रामीण एवं दुर्गम क्षेत्रों में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो सके। इससे पूर्व निदेशक स्वास्थ्य सुविधाएं डॉक्टर गोपाल बेरी ने मुख्यातिथि का स्वागत किया और उन्हें राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग एमसुधा देवी ने स्वास्थ्य अधिकारियों से सीधा संवाद स्थापित किया और उनके संशय दूर किए।

### रिक्त पदों को भरने का दिया आश्वासन

सरकारी अस्पतालों में पोस्टमार्टम की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध होगी, जिससे लोगों को राहत मिलेगी। वर्तमान राज्य सरकार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को सुदृढ़ बनाने की दिशा में कार्य कर रही है, ताकि लोगों को घर द्वार पर बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सके। इसके अतिरिक्त, उन्होंने राज्य में स्वास्थ्य कर्मियों के रिक्त पदों को शीघ्र भरने का आश्वासन भी दिया तथा टीकाकरण की प्रक्रिया को मजबूत बनाने पर बल दिया, ताकि शिशु और मां की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

### केक काट कर जश्न...



शिमला में शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर अपने जन्मदिन के मौके पर समर्थकों के साथ केक काट कर जश्न मनाते हुए।

# प्रायोजित छात्रवृत्ति योजनाओं के लिए अंतिम तिथि 16 तक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**दूसरे स्तर के सत्यापन के लिए अंतिम तिथि 31 निर्धारित**

राज्य और केंद्र प्रायोजित छात्रवृत्ति योजनाओं के तहत शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल (एनएसपी) पर ऑनलाइन छात्रवृत्ति आवेदन-पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 16 जनवरी तक बढ़ा दी गई है।

संशोधित कार्यक्रम के अनुसार सभी योजनाओं में सत्र के लिए एनएसपी पोर्टल पर छात्रों के पंजीकरण की तिथि 16 है। शिक्षा विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि प्रथम स्तर के सत्यापन के लिए अंतिम तिथि 30 और दूसरे स्तर के सत्यापन के लिए अंतिम तिथि 31 जनवरी निर्धारित की गई है। उन्होंने सभी संस्थानों, स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों के प्रमुखों और उच्च शिक्षा उपनिदेशकों से आग्रह किया कि वे एनएसपी के पात्र विद्यार्थियों का ऑनलाइन आवेदन-पत्र जमा करवाना सुनिश्चित करें, ताकि राज्य या राज्य से बाहर पढ़ाई कर रहे किसी भी सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त या संबद्धता वाले निजी संस्थानों के विद्यार्थियों को प्रदर्शन में सुधार के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। किसी प्रकार का विस्तार नहीं दिया जाएगा और यह संस्थान प्रमुख की जिम्मेदारी होगी कि सभी पात्र छात्र निर्धारित समय अवधि के भीतर आवेदन करें।

# आइस स्केटिंग रिंक में स्केटिंग जारी, अभी तक हुए 25 सेशन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी शिमला के लक्कड़ बाजार में स्थित ओपन आइस स्केटिंग रिंक में स्केटिंग का रोमांच भरा सफर जारी है। रिंक में अभी तक 25 सेशन हो चुके हैं और मौसम की मेहरबानी से बर्फ जमाने में भी किसी तरह की परेशानी नहीं हो रही है।



शिमला के आइस स्केटिंग रिंक में स्केटिंग करते स्केटर्स।

रिंक में सुबह-शाम के दोनों सेशन करवाए जा रहे हैं। रिंक में रोजाना 350 से ज्यादा लोग स्केटिंग का लुत्फ उठा रहे हैं, जिसमें सबसे ज्यादा स्कूली बच्चे शामिल हैं। रिंक में दो घंटे तक सेशन चलता है, जिसमें स्थानीय लोगों के साथ आठ से 10 सैलानी भी स्केटिंग करने आते हैं। राजधानी में आठ जनवरी से बर्फबारी का अलर्ट है, ऐसे में रिंक में भीड़ बढ़ने की संभावना है। इस बार आइस स्केटिंग के समय को भी कम कर दिया गया है।

# 98 मामलों पर सुनवाई, 11 को गिराने के आदेश

**शिमला।** नगर निगम शिमला में पहली बार 11 अवैध निर्माण तोड़ने के आदेश जारी हुए हैं। शनिवार को 98 मामलों पर सुनवाई की गई है, इसमें 11 अवैध निर्माण को तोड़ने के आदेश जारी किए गए।

**शिमला में पहली बार इतने बड़े पैमाने पर आदेश**

शिमला में पहली बार इतने बड़े पैमाने पर ऐसे आदेश जारी किए गए हैं। नगर निगम आयुक्त की ओर से कोर्ट में यह मामले ले जाए गए थे, इसके बाद इस पर कोर्ट का फैसला सुनाया गया। शहर में अभी 3100 अवैध निर्माण धरों की मैपिंग की जा रही है।

# विंटर हॉबी क्लासिस में बच्चों ने दिखाई दिलचस्पी

## गेयटी थियेटर में विंटर हॉबी क्लासिस में 50 बच्चों का हुआ पंजीकरण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

ऐतिहासिक गेयटी थियेटर शिमला में विंटर हॉबी क्लासिस शुरू हो गई हैं। इस बार नन्ही बच्चियों ने इन क्लासेस में बढ़-चढ़कर अपनी दिलचस्पी दिखाई है। इस बार हॉबी क्लासिस में करीब 50 बच्चों का पंजीकरण किया गया है।

अभिनय में कुल 18 बच्चे हैं, जिनमें 13 लड़कियां और पांच लड़के हैं। हॉबी क्लासिस के पहले दिन बच्चे काफी खुश दिखाई दिए। अभिनय कक्षा बच्चों को उनकी रचनात्मकता का पता लगाने, नए कौशल सीखने और मौज-मस्ती करने का मौका देती हैं, साथ ही इन क्लासिस से आत्मविश्वास और सामाजिक कौशल को बेहतर बनाने में भी मदद मिलती है।



शिमला के गेयटी थियेटर में विंटर हॉबी क्लास में एक्टिंग के गुण सीखते बच्चे।

इन हॉबी क्लासिस में आठ से 16 आयु वर्ग के बच्चों को नई कला के सभी प्रकार के तौर तरीके सिखाए जा रहे हैं। विंटर हॉबी क्लासिस में अभिनय, शास्त्रीय नृत्य और पेंटिंग सिखाई भी जा रही है। सुबह से दोपहर तक बच्चों को पेंटिंग और अभिनय की प्रेक्टिस करवाई जा रही है, वहीं दोपहर से सायंकाल तक शास्त्रीय नृत्य सिखाया जा रहा है। हर कक्षा का शुल्क 300 रुपए निर्धारित किया गया है।

### तीन साल बाद शुरू हुई हॉबी क्लासिस

गियेटी थियेटर में कोरोना काल से लेकर अभी तक यह कक्षाएं नहीं ली जा रही थी। वर्ष 2024 से इसकी शुरुआत फिर से हो गई है। यह छह से पांच फरवरी तक चलने वाली हैं। हॉबी क्लासिस के लिए पंजीकरण प्रक्रिया सोमवार से शुरू हो गई थी। हर कक्षा के लिए बच्चों की संख्या 50 निर्धारित की थी।

**सुविधा** स्माट सिटी के तहत जून माह से पहले मिलेगी नई पार्किंग, इस साल शहर को मिलेंगी चार पार्किंग

# पार्किंग निर्माण के लिए अब रात में भी होगा कार्य

**आशिमा वैरागी, शिमला**

**मंद रफ्तार से हो रहे कार्यों के चलते निर्माण कार्य पूरा होने में ज्यादा समय लग रहा**

**स्थानीय जनता के साथ सैलानियों को भी पार्किंग की समस्या से जूझना पड़ता है**

शिमला शहर को इस साल चार नई पार्किंग मिलने वाली हैं। यह पार्किंग स्मार्ट सिटी के तहत बनाई जा रही हैं, लेकिन यह काम धीमी रफ्तार से चला हुआ था।

अब स्मार्ट सिटी के तहत होने वाले कार्यों की समय सीमा समाप्त होने वाली है। ऐसे में जून माह से पहले स्मार्ट सिटी को अपने सभी प्रोजेक्ट्स पूरे करने होंगे। मंद रफ्तार से हो रहे कार्यों के चलते पार्किंग प्रोजेक्ट्स का निर्माण कार्य पूरा होने में ज्यादा समय लग रहा है, ऐसे में स्मार्ट सिटी प्रबंधन की ओर से आदेश जारी किए गए कि पार्किंग का कार्य दिन में ही नहीं, बल्कि रात में भी किया जाएगा, ताकि लोगों को जल्द से जल्द पार्किंग की सुविधा मिल सके।

शिमला शहरवासियों को इस साल चार नई पार्किंग मिलने वाली हैं। शहर में जगह-जगह पार्किंग निर्माण कार्य प्रगति पर है, जिसमें से चार बड़ी पार्किंग बनकर तैयार होने वाली हैं। शहर में स्थानीय जनता के साथ की सैलानियों को भी पार्किंग की समस्या से जूझना पड़ता है और पार्किंग न मिलने से उन्हें परेशानी होती है। टूरिस्ट सीजन के दौरान तो यह समस्या और भी ज्यादा बढ़ जाती है। अब पार्किंग का निर्माण होने से लोगों को राहत मिलेगी। (अनंत ज्ञान)

### इन क्षेत्रों में पार्किंग निर्माण कार्य जारी

शिमला के सबसे बड़े अस्पताल आईजीएमसी में दो पार्किंग, एक विकासनगर और एसडी कांप्लेक्स में पार्किंग का काम लगभग पूरा हो चुका है। निगम इसकी समय-समय पर रिपोर्ट ले रहा है। मार्च महीने में इसे लोगों को समर्पित किया जा सकता है।

### पार्किंग को आधुनिक बनाने की तैयारी

निगम शहर में नई पार्किंग को आधुनिक बनाने की तैयारी में है। निगम प्रशासन इन पार्किंग में सेंसर लगाने की तैयारी में है, ताकि यह पता चले कि पार्किंग में कितनी गाड़ियां खड़ी हैं और कितनी और खड़ी हो सकती हैं। इससे लोगों को भी अपनी गाड़ी ढूंढने की जरूरत नहीं होगी। पार्किंग का किराया भी ऑनलाइन ही वसूला जाएगा।

### 1500 गाड़ियां होंगी पार्क

शहर को चार नई पार्किंग मिलने वाली हैं। इन पार्किंग में 1500 गाड़ी पार्क होंगी। एसडी कांप्लेक्स में 400 गाड़ियां पार्क की जाएंगी। नगर निगम की ओर से गाड़ी पार्किंग के लिए लोगों से शुल्क लिया जाएगा।

### ट्रैफिक से मिलेगी राहत

पार्किंग मिलने से लोगों को राहत मिलेगी। लोगों को सड़क किनारे गाड़ी खड़ी करने की आवश्यकता नहीं होगी, जिससे राहगीरों को भी चलने में समस्या नहीं होगी और वहीं दूसरी तरफ ट्रैफिक से भी निजात मिल सकती है।

> जल्द से जल्द लोगों को पार्किंग की सुविधा मिले, इसके लिए रात में भी कार्य करने के आदेश जारी किए गए हैं। आईजीएमसी में दो पार्किंग, एक विकासनगर और एसडी कांप्लेक्स में पार्किंग बनाई जा रही है। जून माह से पहले स्मार्ट सिटी अपने प्रोजेक्ट पूरे करने का प्रयास कर रही है। **चंद एमडी, स्मार्ट सिटी।**

# विश्वविद्यालयों का स्तर गिराने में लगी है कांग्रेस सरकारः आकाश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

एवीबीपी ने कांग्रेस सरकार पर हिमाचल प्रदेश के उच्च शिक्षण संस्थाओं का लगातार शोषण करने के आरोप लगाए हैं।

एबीवीपी के प्रदेश मंत्री आकाश नेगी ने शिमला में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि प्रदेश सरकार सभी विश्वविद्यालयों का स्तर गिराने में लगी हुई है। हिमाचल में अगर प्रदेश के सबसे पुराने विश्वविद्यालय की बात की जाए, तो विश्वविद्यालय में लगभग 200 से अधिक शिक्षकों के पद खाली होने के बाद भी कुछ ऐसे विभागों में ही शिक्षकों की भर्ती करवाना, जिनमें कांग्रेसी विचारधारा के लोग बैठे हों, कहीं न कहीं भर्ती प्रक्रिया में भाई-भतीजावाद को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है। केवल यही नहीं, अपितु प्रदेश के दूसरे विश्वविद्यालय सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी में भी शिक्षकों को बायोमेट्रिक हाजिरी का बहाना बनाकर उनकी तनख्वाह नहीं दी जा रही।




शिमला में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते एबीवीपी के छात्र नेता।

अब इस कारण अध्यापक संघ भी विश्वविद्यालय में अपने कामकाज को छोड़ने के लिए तैयार हैं, जिस कारण सरदार पटेल यूनिवर्सिटी के छात्रों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ेगा। ऐसे में यदि यह गतिरोध दूर नहीं हुआ, तो छात्रों को भारी नुकसान उठाना होगा। साथ ही कृषि एवं किसानों की हितैषी होने का दम भरने वाली सरकार प्रदेश के दो प्रमुख कृषि विश्वविद्यालयों, वानिकी विश्वविद्यालय नौणी व कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर में भी अपना हस्तक्षेप बढ़ाने में लगी है।

## न्यूज ब्रीफ

### रोजगार चाहिए तो आईटीआई जवाली आएं

**जवाली।** शहीद सुरिंदर सिंह औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जवाली में 12 जनवरी को गुजरात की प्रतिष्ठित कंपनी सुजुकी साक्षात्कार लेगी। आईटीआई के कार्यकारी प्रिंसिपल अशोक कुमार ने बताया कि कंपनी साक्षात्कार में 18 से 24 वर्ष आयु के फिल्टर, डीजल मेकेनिक, मोटर मेकेनिक, टर्नर, मशीनिस्ट, बेल्डर, इलेक्ट्रिशियन, टूल एंड डाई मेकर, प्लास्टिक प्रोसेसिंग ऑपरेटर, ट्रैक्टर मैकेनिक और जनरल पेंटर व्यवसायों में प्रशिक्षण प्राप्त युवक-युवतियां भाग ले सकेंगे। वर्ष 2016 से 2023 तक उत्तीर्ण युवा-युवतियां भाग ले सकते हैं। चयनिय अभ्यर्थियों को सीटीसी के रूप में 21हजार रुपए मासिक वेतन दिया जाएगा।

### लावारिस पशु फसलों का कर रहे नुकसान

**पंकज सोनी, जवालामुखी।** पंचायत घलोड़ा के सैकड़ो ग्रामीणों ने अतुल चौधरी की अगुआई में ज्वालामुखी तहसील में तहसीलदार के माध्यम से उपमंडल अधिकारी को लावारिस पशुओं की समस्या को लेकर सौंपा। ग्रामीणों ने मांग की है कि जंगली जानवर व लावारिस गोवंश सड़कों पर घूम रहे हैं और उनकी फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। जल्द इस समस्या से निजात दिलवाई जाए।

### एससी-एसटी के मामले शीघ्र निपटाएं

**धर्मशाला।** अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अधिनियम 1989 एवं नियम 1995 के तहत जिला कांगड़ा में गठित जिला स्तरीय सतर्कता एवं प्रबोधन समिति की बैठक अतिरिक्त उपायुक्त सौरभ जस्सल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में अनुसूचित जाति एवं जनजाति अधिनियम के तहत न्यायालय एवं पुलिस से संबंधित लंबित व रद्द मामलों के बारे में समीक्षा की गई। अतिरिक्त उपायुक्त सौरभ जस्सल ने अनुसूचित जाति एवं जनजाति से संबंधित मामलों को शीघ्र निपटाने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर डीएसपी आरपी जस्वाल, डीएसपी वी सिंह, डीएसपी विशाल वर्मा, जिला न्यायवादी अधिकारी और गैरसरकारी सदस्य उपस्थित रहे।

### पूर्व सीएम के जन्मदिन पर काटा केक

**धर्मशाला।** धर्मशाला के कचहरी चौक पर शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के जन्मदिन के उपलक्ष पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन भाजपा मंडल धर्मशाला ने किया। इस मौके पर भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं और आम लोगों ने पूर्व मुख्यमंत्री के जन्मदिवस के अवसर पर केक काटा और स्थानीय लोगों को मिठाई बांटी। इस कार्यक्रम में भाजपा नेता राकेश चौधरी, नगर निगम उप-महापौर तेजिंद्र कौर, सचिन शर्मा सहित भाजपा मंडल के पदाधिकारियों सहित युवा भाजपा, महिला भाजपा एवं विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे।

### कबाड़ी नगरोटा टीम ने जीता क्रिकेट मैच

**नगरोटा बगवां।** गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में ग्रामीण विकास खेल एकता मैदान नोरा में खेले जा रहे क्रिकेट ट्रॉफी के मुकाबले के पहले दौर के 14वें दिन का मुकाबला कबाड़ी नगरोटा और रोयल इनफील्ड के बीच हुआ। कबाड़ी नगरोटा टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 160 रन का लक्ष्य रोयल इनफील्ड टीम को दिया। रोयल इनफील्ड टीम की पारी 12 ओवर में 105 रन पर सिमट गई। कबाड़ी नगरोटा की टीम ने मैच जीत लिया। यह जानकारी मैच टूर्नामेंट संयोजक रिशू कोहली,रजत, विशाल, सुशांत, मुन्नू और साथियों ने सांझा की। युवाओं को खेलों से जोड़कर बढ़ते सामाजिक अपराधों नशों को रोकना है, क्योंकि खेल हमें संयम और भाई चारा सिखाता है।।

### बच्चों ने पंजाबी-हरियाणवी ड्रेस में दिखाया कमाल

**गरली ।** सरस्वती वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गरली में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह मनाया गया। प्रिंसिपल ललित शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुए इस समारोह में बतौर चीफ गेस्ट गरली पंचायत प्रधान शशि लता ने शिरकत की, जबकि वशिष्ट अतिथि के रूप में लोक निर्माण विभाग से क्लास वन रिटायर कर्मी अमर सिंह रणौत नाहण, नगरोटा पंचायत प्रधान मोहित कुमार, रीता देवी और बणी के पूर्व प्रधान ध्यान सिह मौजूद रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने राजस्थानी, पंजाबी और हरियाणा की लोकसंस्कृति की झलक दिखाई। चीफ गेस्ट शशिलता ने सभी विद्यार्थियों को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

### नाटक से साइबर क्राइम पर किया जागरूक



**नूरपुर।** राजकीय उत्कृष्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल लदोड़ी में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह मनाया। रिटायर्ड सूबेदार विशम्बर सिंह ने मुख्यातिथि के रूप शिरकत की। साथ ही जिला परिषद हरदीप सिंह दीपू, पंचायत प्रधान पार्वती देवी, सुरेंद्र सिंह शिंढा जैलदार सुरेंद्र सिंह, उपप्रधान मंजीत सिंह, प्रधानाचार्य अनिल कुंद्रा, प्रधानाचार्य वंदना विशेष रूप में उपस्थित रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्कूली छात्रों ने पहाड़ी, हिंदी पंजाबी गीतों पर डांस किया, वहीं नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से आजकल साइबर क्राइम को लेकर जागरूक किया। साल भर पढ़ाई, स्कूल एक्टिविटी और खेलकूद में अव्वल रहे छात्रों को सम्मानित किया गया। पंचायत प्रधान पार्वती देवी ने स्कूल के दो बच्चों को गोद लिया और उनको हर महीने मदद देने का वायदा किया। रिटायर्ड सूबेदार बिशम्बर सिंह ने भी स्कूल के होनहार बच्चों मदद आश्वासन दिया। जिला परिषद हरदीप दीपू ने 11 हजार रुपए स्कूल के बच्चों के लिए दिए।

### टीबी को लेकर किया जाएगा जागरूक

**नूरपुर।** नूरपुर में टीबी फोरम को लेकर नूरपुर एसडीएम गुरसिमर सिंह व बीएमओ नूरपुर दिलबर सिंह व विभागीय अधिकारी ने एक मीटिंग की। मीटिंग में टीबी जैसी बीमारी को लेकर क्या कार्य करने की जरूरत है और कैसे लोगों को जागरूक किया जा सकता है, उस पर विस्तृत चर्चा की गई। एसडीएम ने बताया कि हमारा टीबी मुक्त पंचायत पर काम हो रहा है और जल्द ही टीबी मुक्त पंचायत में एप्लिकेशन मिल जाएगी अगर कोई पंचायत बच जाएगी उसपर भी काम करेंगे।

---

गरली के आश्रम में तैनात सुरक्षा कर्मी ज्योति ने सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में लगाए आरोप

# बालिका बाल आश्रम में बच्चियों को किया जा रहा टॉर्चर, नौकरों की तरह ले रहे काम

**शालविया शर्मा, गरली**

गरली के बालिका आश्रम की कार्यप्रणाली पर फिर सवाल उठे हैं। अब यहां आश्रम में तैनात सुरक्षा कर्मी ज्योति देवी ने सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर यहां रह रहीं 23 बेसहारा बच्चियों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर संस्थान के कर्मियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में सुरक्षा कर्मी ज्योति देवी ने आश्रम में तैनात कर्मियों पर मासूम बच्चियों से नौकरों की तरह काम लेने और छोटी-छोटी बात पर टॉर्चर करने के गंभीर आरोप लगाए हैं।

सुरक्षा कर्मी ज्योति देवी का आरोप है कि यहां तैनात कर्मी मासूम बच्चों को छोटी-छोटी बातों को लेकर तंग करते हैं। खैर, सुरक्षा कर्मी ज्योति देवी की बात में कितनी सच्चाई है यह तो जांच का विषय है, अगर ज्योति देवी की बातों में सच्चाई निकली, तो ऐसे में बालिका आश्रम की कार्यशैली पर सवाल उठना लाजिमी है। (अनंत ज्ञान)

▶ बेसहारा बच्चियों की सुरक्षा और प्रशासन पर लगाए गंभीर आरोप

▶ सूचना मिलते ही मौके पर आश्रम पहुंची एसडीएम और रक्कड़ पुलिस



गरली बाल बालिका आश्रम परिसर में एसडीएम व पुलिस कर्मी।

> मामले की जांच चाइल्ड प्रोटेक्शन अधिकारी कर रहे हैं। सीडीपीओ परागपुर डीएसपी ज्वालामुखी विकास आदि भी इस मामले की गंभीरता से जांच करेंगे। जांच के बाद जो तथ्य सामने आएंगे। उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।
> **-शिल्पी बेक्टा, एसडीएम देहरा**

### एसडीएम ने बच्चियों से की बात

बालिका आश्रम गरली का मामला जग जाहिर होते ही एसडीएम देहरा शिल्पी बेक्टा और रक्कड़ पुलिस सहित पहुंची। इस दौरान पंचायत प्रधान गरली शशिलता, मूही पंचायत प्रधान सुभाष शर्मा, सीडीपीओ परागपुर भी मौजूद थे। जांच टीम भी शनिवार दोपहर के बाद उपरोक्त संस्थान में पहुंची। एसडीएम शिल्पी बेक्टा ने इस मामले को लेकर बच्चियों से अकेले में भी बात की और कर्मियों से भी पूछताछ की।

### कर्मियों ने कहा- आरोप झूठे व निराधार



वायरल वीडियो में आरोप लगातीं सुरक्षा कर्मी।

हैरानी की बात तो यह है कि सरकार हिमाचल भर के तमाम ऐसे आश्रमों में जीवन यापन कर रही तमाम बेसहारा बच्चियों की सुरक्षा व्यवस्था, शिक्षा व अन्य तमाम सुविधाओं पर करोड़ों रुपए खर्च की बातें कर रही हैं, वहीं गरली के बालिका आश्रम की कार्यप्रणाली पर कई तरह गंभीर आरोप लग रहे हैं। हालांकि, इस मामले को लेकर गरली आश्रम में तैनात अन्य कर्मियों ने ज्योति देवी के आरोपों को झूठा और निराधार बताया है।

---

## लोकसभा चुनावों के मद्देनजर गोकुल बुटेल की ताजपोशी



**पालमपुर।** राष्ट्रीय कांग्रेस सहसचिव व मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के मुख्य आईटी सलाहकार गोकुल बुटेल को लोकसभा चुनाव 2024 के लिए ऑर्गेनाइजेशन वाररूम का वाइस चेयरमैन नियुक्त किया गया है। उनकी इस नियुक्ति से उनके समर्थकों में खुशी की लहर है और सोशल मीडिया पर लोग उन्हें बधाई दे रहे हैं।

## बारिश प्रभावितों को घर बनाने के लिए दूसरी किस्त जल्द होगी जारी

**कपिल पंडित, धर्मशाला**

कांगड़ा जिले में बरसात से प्रभावित परिवारों के घरों के निर्माण के लिए जिला ग्रामीण विकास अभिकरण कांगड़ा चालू वित्त वर्ष में समय रहते पूरा करने में जुट गई है। बारिश प्रभावित परिवारों को जल्द ही मकान बनाने की दूसरी किस्त जारी कर दी जाएगी। जिले में बरसात से प्रभावित कुल घरों में से करीब 30 प्रतिशत घरों का निर्माण किया जा रहा है। शेष घरों का निर्माण भी जल्द कर दिया जाएगा। गत वर्ष बरसात के मौसम में जिला कांगड़ा में क्षतिग्रस्त मकानों के पुन:निर्माण के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत करीब 1624 मकान चयनित किए गए हैं। मकानों के निर्माण के लिए विभाग दूसरी किश्त जारी करने की तैयारी में है। उक्त घरों में वे परिवार शामिल हैं, जिनके घर गत बरसात में प्रभावित हुए हैं। पूरी तरह से तबाह घरों के पुन: निर्माण के लिए 1.20 लाख प्रदान किए जाएंगे। उपनिदेशक एवं परियोजना अधिकारी ग्रामीण विकास अभिकरण कांगड़ा चंद्रवीर सिंह ने बताया कि गत बरसात में प्रभावित परिवारों के लिए घर बनाने की प्रक्रिया को विभाग प्राथमिकता के तौर पर ले रहा है और वित्तीय वर्ष से पूर्व चयनित परिवारों के मकान बन जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

---

## व्यापार मंडल बैजनाथ के अध्यक्ष पद को प्रत्याशियों ने शुरू किया चुनाव प्रचार

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

व्यापार मंडल बैजनाथ के अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए प्रत्याशियों ने प्रचार शुरू कर दिया है। अध्यक्ष पद के चुनाव में चार व्यापारी मैदान पर डटे हैं। शनिवार को चारों प्रत्याशियों ने इकट्ठे होकर नए वोट बनाने की प्रक्रिया के लिए दुकानों में जाकर वोट बनाए गए। पिछले व नए वोट मिलाकर अब लगभग 1100 मतदाता अपने मत का प्रयोग कर सकेंगे। चुनाव समिति ने चारों प्रत्याशियों के लिए चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए हैं और अब प्रत्याशी अपने मतदाताओं से संपर्क करने में जुट गए हैं।

इन प्रत्याशियों में मनोज कपूर, सचिन अवस्थी, अजय सिंघानिया और गुलशन कुमार अपने-अपने स्तर पर दुकानदारों से संपर्क बनाकर अपने लिए मत मांगना शुरू कर दिया है। पहली बार अध्यक्ष पद के लिए चार प्रत्याशी मैदान में है और मुकाबला दिलचस्प होगा। मतदान 10 जनवरी को सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक पुराने पंचायत घर मे होगा। इस दौरान पुलिस बल के अतिरिक्त प्रशासन की तरफसे सरकारी प्रतिनिधि भी उपस्थित रहेगा। (अनंत ज्ञान)

## भाजपा हर मामले को राजनीतिक रंग देने का कर रही प्रयास : मनकोटिया

**अनंत ज्ञान, इंदौरा**



▶ चांसलर पर कथित हमले पर कहा कि आरोपियों में भाजपा के करीबी ज्यादा

भाजपा के पास कोई मुद्दा नहीं रहा है, जिसे लेकर वह सरकार पर बात करे, ऐसे में हर बात को मीडिया में सुर्खियां बटोरने के लिए राजनीतिक रंग देने का प्रयास भाजपा कर रही है। भाजपा अपने पिछले पांच साल के कार्यकाल में सरकारी धन से की गई कथित ऐश परस्ती व धांधलियों पर नजर डाले तो अच्छा होगा।

यह बयान ब्लॉक कांग्रेस इंदौरा के अध्यक्ष दविंद्र मनकोटिया, पौंग बांध विस्थापन पुनर्वास बोर्ड के निदेशक मंडल सदस्य कुलदीप कीपा, डॉ. विशाल ठाकुर, प्रधान भोपाल कटोच व ब्लॉक उपाध्यक्ष कांग्रेस मनजीत ठाकुर ने संयुक्त रूप से दिया। वे हाल ही में अरनी यूनिवर्सिटी के चांसलर द्वारा दर्ज करवाए गए कथित हमले के मामले पर भाजपा द्वारा की जा रही राजनीतिक बयानबाजी पर पलटवार करने के लिए वन विभाग विश्राम गृह इंदौरा में प्रेस को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा के जो नेता कल तक यह कह रहे थे कि कांग्रेस की सरकार में माफिया का राज है और कांग्रेसी लोग सत्ता के नशे में गुंडागर्दी कर रहे हैं, वे बताएं कि जिन लोगों के नाम उक्त मामले में सामने आए हैं, उनमें से भाजपा के कितने हैं और उन पर भाजपा चुप क्यों है। वहीं अरनी यूनिवर्सिटी के चांसलर पर कथित हमले मामले में कहा कि आरोपियों में भाजपा के करीबी ज्यादा हैं।

## पूर्व राज्यसभा सांसद विप्लव की शिक्षकों को नसीहत पहले खुद आदर्श बनें तभी बच्चे अनुसरण करेंगे

**अनंत ज्ञान, देहरा**

▶ राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला देहरा ब्वॉयज में वार्षिक समारोह आयोजित

राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला देहरा ब्वॉयज में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह पूर्व राज्यसभा सदस्य एवं पूर्व राज्य मंत्री विप्लव ठाकुर की अध्यक्षता में हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने देहरा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों के 104 मेधावियों को सम्मानित किया।

इनमें देहरा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के 30 विद्यार्थी शामिल थे। इस दौरान विप्लव ठाकुर ने कहा कि समाज में कुछ लोग बच्चों को गलत रास्ते पर चलाने की कोशिश करते हैं। ऐसे लोगों से दूर रहने की जरूरत है। उन्होंने अध्यापकों को नसीहत देते हुए कहा कि आप अध्यापक आदर्श बनकर रहेंगे, तो बच्चे आपका अनुसरण करेंगे।, इसलिए आपको आदर्श बनकर रहना है। वहीं टैबलेट वितरण के बाद, मुख्य अतिथि ने देहरा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के मेधावी बच्चों को सम्मानित किया। प्रधानाचार्य अनिल वर्मा ने सभी मेहमानों का स्वागत किया।

## बदौली में पागल गीदड़ों ने चार लोग किए जख्मी

**पंकज सोनी, ज्वालामुखी**

पंचायत बदौली के गांव भाटी में तीन दिनों से पागल गीदड़ों ने आतंक मचा रखा है। पागल गीदड़ जंगल से निकल कर सीधे गांव में पहुंच रहे हैं और लोगों पर हमले कर रहे हैं। अभी तक चार लोगों को जख्मी कर चुके हैं, जिनमें तीन महिलाएं व एक बजुर्ग शामिल है। पागल गीदड़ों ने दो मवेशियों एक भैंस व एक बकरी को भी काटा है। वहीं, इलाके में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना प्रधान व उपप्रधान को दे दी है।

पंचायत बदौली के उपप्रधान नितिन ने बताया कि उन्होंने इसकी सूचना एसडीएम ज्वालामुखी को दी है और वन विभाग से भी बात हुई है। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों ने जल्द से जल्द इन पागल गीदड़ों के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि जंगली जानवरों के चलते उन्हें दहशत का सामना करना पड़ रहा है। वन परिक्षेत्राधिकारी देहरा सन्नी वर्मा ने बताया कि गीदड़ों के हमले की उन्हें सूचना मिली है, जिसके लिए वन कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। ज्वालामुखी अस्पताल के वरिष्ठ डॉक्टर सतिंद्र वर्मा ने बताया कि चार लोग पागल गीदड़ों के हमले से घायल अवस्था में अस्पताल पहुंचे थे। उन्हें एडमिट किया गया और उनका उपचार किया गया है। (अनंत ज्ञान)

## 75 वर्ष पूरा कर चुके पेंशनर्स सम्मानित

**जवाली।** कांगड़ा पेंशनर्स संघ जवाली इकाई की एक बैठक शनिवार को साईं पैलेस लब में जिला प्रधान कृष्ण स्वरूप शर्मा की अध्यक्षता में हुई।

बैठक में 75 वर्ष पूरा कर चुके पेंशनर्स और पारिवारिक पेंशनरों में संतोष कुमारी, कृष्णा देवी, रोशनी देवी, सिमलो देवी, कुलदीप कौर, शीला देवी, कांता देवी, स्वरूप कुमारी, इश्या देवी, लाल चंद, सुखदेव सिंह, सरदारी शिंह, हरबंस सिंह, प्रीतो देवी, गंगू राम, रत्न चंद, शंकरी देवी, सत्या देवी, कृष्ण चंद, राम शिंह, सीता देवी, गगन शिंह, लक्ष्या देवी, ओम प्रकाश क्षत्रिय, विमला देवी, जगदीश चंद , अयोध्या देवी, शेला देवी, ज्ञानो देवी, रत्न कौर, दया देवी, गीता देवी, कृष्णा देवी, बाबू राम, लाल चंद, यशोदा देवी, बांसी लाल, गुलदेव शिंह, सुभाष गोतम, सुरेश कांता, कृष्णा देवी, राज कुमारी, कृष्ण शिंह, गुरमीत कोर, कुलवंत कौर, संतोष कुमारी, बलवंत सिंह, गायत्री देवी सहित छह दर्जन पेंशनर्स को जिला प्रधान कृष्ण स्वरूप शर्मा ने कंबल व टोपी देकर सम्मानित किया गया।

---

## प्रदेश में चर्चित रहा डबल मर्डर नगरोटा में बढ़े अपराध के मामले

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

**जिला** कांगड़ा के पुलिस थाना नगरोटा बगवां के तहत 2022 में हत्या का कोई मामला दर्ज नहीं हुआ तो वहीं 2023 में भाई तथा भाभी की गोली मार कर भाई के फरार होने के मामले ने पूरे प्रदेश का झकझोर दिया। खून के रिश्तों में जमीन के टूकड़े के लिए इस प्रकार दो हत्याएं करने का ये मामला आम भी नहीं था। कई राज्यों में मारा-मारा फिरने के बाद आरोपी 26 दिन अपनी बहन और जीजा के साथ आत्मसमर्पण करने एसपी कार्यालय पहुंचा। यह एक मामला था जब एक स्कूल का संचालन करने वाले आरोपी दीपक ने दो घरों में अंधेरा कर दिया। परिवार समेत वो जेल में विचाराधीन है, तो वहीं मृतक दंपती के घर की दो विशेष बच्चियों के सिर से माता-पिता का साया उठ गया।

पुलिस थाना साल 2022 में अपराध के 181 मामलों के मुकाबले 2023 में 218 मामले दर्ज हुए, तो वहीं कुल 218 लोगों को ही गिरफ्तार किया गया। साल 2022 के मुकाबले 2023 में दुराचार के मामलों में जहां कमी दर्ज हुई है तो सड़क हादसों में बढ़ोत्री हुई है। एनडीपीएस के 2022 में 8 मामलों के मुकाबले 2023 में 7 मामले दर्ज हुए हैं। शराब तस्करी के 2022 के 17 मामलों के मुकाबले 2023 में 24 मामले दर्ज किए गए हैं। उधर, आंकड़ों की पुष्टि करते हुए डीएसपी कांगड़ा अंकित शर्मा ने कहा कि पुलिस अपराध पर काबू पाने के लिए तत्पर है और उन्होंने जनता से अपील की अपराधियों तथा नशे के सौदागरों के खिलाफ इस जंब पुलिस को सहयाग देते रहें। (अनंत ज्ञान)

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

**सूचना**

आर्मी नं. 2672319 ए हवलदार स्वामी राम पुत्र स्व. बालम राम निवासी गांव छत्तर, तह. जोगिन्द्र नगर, मंडी (हि.प्र.) की पुत्री का सही नाम कंचन कुमारी है। सभी संबंधित नोट करें।

---

**समारोह** | कोठी पहाड़ा, कस्बा जुगहड़ और लमलेहड़ के पेयजल पर खर्च किए 525 लाख

## सीपीएस ने अपर दत्तल में नवाजे होनहार

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

**नार्थ स्टार** पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल अपर दत्तल के वार्षिक पारितोषिक उत्सव में मुख्य संसदीय सचिव शहरी विकास एवं शिक्षा, आशीष बुटेल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने विद्यालय के मेधावियों को पुरस्कृत किया। आशीष बुटेल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक विस्तार हुआ है और प्रदेश में गुणात्मक शिक्षा उपलब्ध करवाना सरकार की प्राथमिकता है।



मुख्य संसदीय सचिव शहरी विकास एवं शिक्षा, आशीष बुटेल का स्वागत करते लोग।

उन्होंने कहा कि सरकारी तथा निजी संस्थानों में सभी मापदंड पूर्ण हों इस दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। इस दौरान सीपीएस ने कहा कि कोठी-पहाड़ा-कस्बा जुगेहड़ पेयजल योजना पर तीन करोड़ 63 लाख रुपए व्यय किए गए हैं। इस योजना में शुद्ध पेयजल लोगों को उपलब्ध करवाने के लिए दो ट्यूबवेल लगाए गए हैं और चार टैंकों का निर्माण किया गया है। इस योजना में लगभग 15 हजार मीटर नईं पाइप लाइन भी बिछाई गई है और इससे सीधे तौर पर करीब चार हजार आबादी लाभान्वित हो रही है। उन्होंने कहा कि लमलेहड़ पेयजल योजना पर भी एक करोड़ 62 लाख खर्च किया गया है। इसमें दो टैंकों का निर्माण किया गया और 14 हजार मीटर नईं पाइप लाइन बिछाई गई है। इस योजना से 4500 के करीब लोग लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोठी मनियाड़ा सड़क के निर्माण पर साढ़े चार करोड़ व्यय किए जाएंगे। सीपीएस ने विद्यालय में सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए 21 हजार देने की घोषणा की। इसके बाद सीपीएस कस्बा जुगेहड़ के लोगों से रू-ब-रू हुए और जनसमस्याओं को सुना। उन्होंने अधिकतर समस्याओं का निपटारा मौके पर ही कर दिया। उन्होंने पंचायत की मांगों को चरणबद्ध पूर्ण करने का आश्वासन दिया। उन्होंने संघपट्ट के लिये ओपन जिम, वन विभाग की ओर से पार्क विकसित करने और तप्पा रोड से नाथ बस्ती के पुल निर्माण की घोषणा की। उन्होंने कहा कि ट्यूबवेल में मीटर लगा दिया गया है और विभाग को पानी की पाइप बिछाने के आदेश दे दिये गए हैं ताकि पेयजल की कमी दूर हो। कार्यक्रम में विद्यालय के ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष त्रिलोक चंद, एमडी सुरेश जम्वाल, निगम पाषज़्द राज कुमार ठाकुर, रोशन लाल चौधरी, टीआर कपूर, अमर सेठी, सुरेश धीमान, मोहिंदर सिंह, बीना देवी, प्रधानाचार्य परमजीत शर्मा, प्रधान लमलेहड़ पंचायत निशा देवी, उपप्रधान अनिल राणा, प्रधान कस्बा जुगहड़ के प्रधान पवनसुत, उपप्रधान मोहिंदर सिंह, नितेश सूद, अनुराग नरयाल, एसडीओ पंकज व्यास, सार्थक सूद तथा प्रवीण कुमार, विद्यालय के अध्यापक, छात्र, अभिभावक और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।













## न्यूज ब्रीफ

### टांडा रेंज में होगा फायरिंग का अभ्यास

**धर्मशाला।** सहायक आयुक्त सुभाष गौतम ने बताया कि टांडा फील्ड फायरिंग रेंज में भारतीय सेना की ओर से आठ, नौ व 11 जनवरी को सुबह आठ बजे से रात 10 बजे तक फायरिंग का अभ्यास किया जाएगा। उन्होंने ग्राम पंचायत कोहाला, कच्छयारी, खोली, घुरकड़ी व साथ लगते क्षेत्रों के लोगों से अपील की है कि इस दौरान वह फायरिंग रेंज में न स्वयं जाएं और अपने पालतु पशुओं को भी न जाने दें ताकि किसी भी प्रकार की जान-माल की हानि से बचा जा सके।

### दुकान से देसी शराब की 17 बोतलें बरामद

**नगरोटा बगवां।** नगरोटा बगवां पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत हटवास की एक दुकान पर शुक्रवार शाम को नगरोटा बगवां पुलिस ने छापामारी की। इस दौरान दुकान से देसी शराब की 17 बोतलें पकड़ कर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मामले की पुष्टि थाना प्रभारी रमेश ठाकुर ने की है।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम से मोहा मन




**योल।** आर्यन पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल टंग नरवाना ने शनिवार को टंग मेला मैदान में वार्षिक पारितोषिक समारोह मनाया, जिसमें शहीद सौरभ कालिया के पिता एनके कालिया बतौर मुख्यातिथि पहुंचे। कार्यक्रम के शुभारंभ में स्कूल के प्रबंध निदेशक अश्वनी काजल ने मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान नन्हे बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। स्कूल की प्रधानाचार्या शिखा रावत ने वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी। मुख्यातिथि ने मेधावी छात्रों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

### ग्रामीणों को सड़क सुरक्षा के नियम बताए



**नगरोटा बगवां।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पलह चकलु विद्यार्थियों के साथ प्रधानाचार्य और अध्यापकों ने सड़क सुरक्षा को लेकर रैली निकाली। ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों से जागरूक करवाया। रैली में स्कूल के प्रधानाचार्य अरुण कुमार नागपाल, कपिल चौधरी (इंचार्ज रोड सेफ्टी ), प्रवीन कुमार, सीमा कुमारी, रंकज, संजय, विनय कुमार, सुरिंदर, अनिल, आशा देवी, सोनिका, मंझू रानी, ओंकार सिंह उपस्थित रहे ।

### विकास कार्यों की पट्टिकाएं तोड़ने पर रोष

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** पूर्व भाजपा सरकार की ओर से किए गए विकास कार्यों को दर्शाने वाली पट्टिकाओं को हटाने या तोड़ने के क्रम को नहीं रोका गया तो बैजनाथ भाजपा के सभी कार्यकर्ता संबंधित विभागों का घेराव करेंगे। पूर्व विधायक मुल्खराज प्रेमी ने कहा कि ताजा घटना में पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर की ओर से देयोल सड़क के सुधारीकरण के लिए लगी पट्टिका को हटा दिया गया। बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र में अब तक क्रमवार कई पट्टिकाओं को तोड़ा जा चुका है या हटाया गया है, लेकिन संबंधित विभागों ने इसे रोकने के लिए कोई भी कदम नहीं उठाया। ,उन्होंने कहा कि पिछले एक वर्ष के कार्यकाल में प्रदेश सरकार ने बैजनाथ में कोई नया विकास कार्य तो किया नहीं अपितु पूर्व सरकार के किए विकास कार्यों के प्रतीक चिन्हों को हटाया जा रहा है।

### अंग्रेजी प्रश्नोत्तरी में चिनाव-रावी सदन प्रथम



**गरली।** गरली के गांव सदवां में चल रहे लोटस इंटरनेशनल कॉन्वेंट स्कूल में अंग्रेजी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन प्रधानाचार्य पंकज शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। चारों सदन के जूनियर और सीनियर कक्षा के विद्यार्थियों ने भाग लिया। सीनियर में सतलुज और चिनाब सदन का मुकाबला दिलचस्प रहा। चिनाब सदन ने सतलुज को हराकर यह मुकाबला जीता। जूनियर में रावी सदन प्रथम स्थान पर रहा। आयोजन में लोटस ग्रुप के अध्यक्ष अश्विनी कुमार, गुरपाल सिंह और देशराज ठाकुर भी उपस्थित रहे।

### तीन होनहार छात्रों ने जीते लैपटॉप



**देहरा।** डीआर पब्लिक स्कूल नैहरनपुखर के 2021-22 की बोर्ड परिक्षा में अव्वल रहे प्लस टू के तीन छात्रों ने लैपटॉप जीते हैं। प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शर्मा ने बताया कि तीन छात्रों अनिकेत आशुतोष विजय वीर सिंह को दसवीं कक्षा में 90 से ऊपर अंक प्राप्त करने पर टैव देकर सम्मानित किया इसी स्कूल की एक छात्र मुस्कान ठाकुर जिसने 2019-20 में इस स्कूल में लैपटॉप प्राप्त किया था इसी छात्र ने 12वीं कक्षा ढलियारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला से उत्तीणज़् करके टैब हासिल किया उपरोक्त लैपटॉप शनिवार को देहरा मे आयोजित कायज़् म के दौरान राष्ट्रीय काग्रेशी नेता विप्लव ठाकुर द्वारा दिए गये इन सभी बच्चों ने इस उपलब्धि से अपने स्कूल माता-पिता का नाम रोशन किया है

## राष्ट्र स्तरीय बॉक्सिंग में खुशी ने जीता गोल्ड



**अतुल जसवाल, जयसिंहपुर**

आलमपुर डीएवी स्कूल की नौवीं कक्षा की छात्रा खुशी धीमान ने हरियाणा के करनाल में आयोजित अंडर-17 लड़कियों की राष्ट्रीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर जयसिंहपुर का नाम रोशन किया है।

खुशी जयसिंहपुर विधानसभा के अंतर्गत आने वाले आलमपुर गांव के निवासी स्नेक सेवर नाम से प्रसिद्ध माथुर धीमान की बेटी है। खुशी धीमान ने इस सफलता का सारा श्रेय कोच स्वरूप सिपहिया और डीएवी स्कूल के डीपीई अवनीश कुमार को दिया है।

## केंद्रीय विवि पर विधायक खामोश क्यों ?

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

**केंद्रीय विश्वविद्यालय मामले पर पूर्व विधायक प्रवीन ने उठाए सवाल**

इंसाफ संस्था के अध्यक्ष एवं पालमपुर के पूर्व विधायक प्रवीन कुमार ने केंद्रीय विश्वविद्यालय को लेकर समर्थन जुटाने में लगे एडवोकेट अतुल भारद्वाज के लिए लोगों से आह्वान किया है। पूर्व विधायक ने कहा कि इतिहास साक्षी है जिस भी पार्टी को कांगड़ा की जनता ने दिल खोलकर जनादेश दिया।

शिमला में उसी पार्टी की सरकार बनी है, लेकिन जब यहां से बड़े-बड़े दफ्तर दूसरी जगह बदले तो विधानसभा में बैठे एक भी विधायक ने विरोध नहीं जताया। ऐसा ही केंद्रीय विश्वविद्यालय का मामला है, जिसे लेकर विचारक, बुद्धिजीवी, स्वयंसेवी संस्थाएं, महिला संगठन, छात्र संगठन सड़कों पर उत्तर आए हैं और सरकार से धर्मशाला स्थित जदरांगल में बनने वाले केंद्रीय विश्वविद्यालय परिसर का 30 करोड़ रुपए जमा करवाने की मांग कर रहे हैं। वहीं, विधायक इस मामले में खामोश हैं। पूर्व विधायक ने कहा कि अब पालमपुर फॉर सेल का मामले में वर्तमान सुक्खू सरकार व्यवस्था परिवर्तन के नाम नया फरमान लेकर आ रही है। पूर्व विधायक ने कहा कि उत्तर भारत की चाय की नगरी पालमपुर की पर्यटन स्थल के रूप में पहचान बन रही है। साढ़े चार दशक पूर्व तत्कालीन मुख्यमंत्री शांता कुमार के प्रयासों से पालमपुर में कृषि विवि की स्थापना हुई थी। आज इस कृषि विवि की करीब 3000 कनाल जमीन को पर्यटन विलेज के नाम पर निजी हाथों को सौंपने की तैयारी है। इससे विश्वविद्यालय का अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा। पूर्व विधायक ने सीयू के मसले को समर्थन देते हुए बुद्धिजीवियों से पालमपुर के मामले को भी एजेंडे में शामिल करने की अपील की है।

# खलेट गांव को नगर निगम के दायरे से बाहर करने की मांग

## स्थानीय महिलाएं हुई लामबंद, विधायक आशीष बुटेल को सौंपा पत्र

**अमर सिंह, पालमपुर**

नगर निगम पालमपुर के वार्ड-8 खलेट को नगर निगम के दायरे के बाहर करने के लिए स्थानीय महिलाएं लामबंद होना शुरू हो गई हैं। शुक्रवार को खलेट दौरे पर आए विधायक आशीष बुटेल को दर्जनों महिलाओं ने समस्त गांववासियों से हस्ताक्षरित प्रार्थनापत्र सौंपा और गांव को नगर निगम के दायर से बाहर करने की मांग उठाई।

महिलाओ में रेनू देवी, सुमना देवी, राजकुमारी, रीना देवी, आशा देवी, रेणु देवी किरना देवी समेत सैकड़ों लोगों का कहना है कि नगर निगम में शामिल करने के विरोध में चुनाव के समय गांववासियों से वादा किया गया था कि कांग्रेस की जीत होगी तो उनके गांव को शहर से बाहर किया जाएगा और कांग्रेस की निगम के चुनाव में जीत होती है तो सबसे पहले प्रस्ताव पारित कर भौगोलिक और समाजिक दृष्टि अलग क्षेत्रों को शहर से बाहर किया जाएगा। इसमें खलेट गांव पहले नंबर पर था।

नगर निगम चुनाव में खलेट में भी एक तिहाही बहुमत देकर कांग्रेस के पार्षद को जिताया। उसके बाद विधानसभा में भी मुद्दा बनाया कि अगर कांगेस की सरकार बनती है और पालमपुर से कांगेस का विधायक बनता है, तो पालमपुर नगर में शामिल किए गए ठेठ गांवों को बाहर कर पंचायतों में ही शामिल किया जाएगा। लोगों ने कांग्रेस को दिल खोल कर समर्थन दिया और अब कांग्रेस सरकार बने हुए एक साल बीत चुका है, लेकिन इस मसले पर कुछ नहीं हुआ। (अनंत ज्ञान)



### बुटेल ने दिया आश्वासन

विधायक व सीपीएस आशीष बुटेल ने गांववासियों को आश्वासन दिया है कि उनकी मांग जायज है और शीघ्र ही सरकार से इस मुद्दे पर बात की जाएगी। जो पालमपुर के क्षेत्र नगर के दायरे में फिट नहीं है, उस गांव को बाहर किया जाएगा।

### पत्र में रखी ये मांग

**70** प्रतिशत गांव कृषि पर निर्भर

**60** प्रतिशत परिवार पशु पालक

महिलाओं के दिए प्रार्थनापत्र के अनुसार, उनके गांव को जबरन पिछली सरकार ने नगर निगम का दायरा बढ़ाने के लिए शामिल किया है। इस कारण उन्हें छोटे-छोटे काम के लिए पालमपुर जाना पड़ता है और एक काम के लिए कई कई दिन लग जाते हैं, जो गांव के पंचायत घर में मिनटों में हो जाते थे।

## बच्चों की शिक्षा में अभिभावकों की भूमिका अहम : चंद्र कुमार

**अनिल छांगू, जवाली**

**बच्चों** की शिक्षा में अध्यापकों के साथ अभिभावकों की भूमिका अहम होती है। यह बात राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जवाली में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए कृषि एवं पशुपालन मंत्री चौधरी चंद्र कुमार ने कही। इस मौके पर उन्होंने मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। वहीं, स्कूल के विकास के लिए हर संभव सहायता देने की बात भी कही।

प्रधानाचार्य प्रभात चंदर पावा एवं स्टाफ मेंबर्स ने मुख्यातिथि को सम्मानित किया। मंच का संचालन अधीक्षक नवदीप कुमार और जीवन ज्योति ने किया। इस मौके पर छठी कक्षा के वंश, इशिता व गुरमीत, सातवीं कक्षा के दियाम, स्मृति व शिवम, आठवीं कक्षा की अगाधी, इवादत व यशिता, नवमी कक्षा की निशा, हरशिका, पायल, दसवीं कक्षा के वंश, वंशिका व आशा, ग्यारवीं कक्षा के अनुराग, अंशित, नंदिनी, कल्पना, अंजलि, मुस्कान, नवप्रीत, केशव, आर्यन, बारहवीं कक्षा के शानवी, स्नेहा, आस्था, कुनाल , रूपाली और अंशिका, कॉमर्स की स्मृति, अंकिता व प्राची को प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। खेलकूद में आर्य भारद्वाज, रक्षित मेहरा, संचित, वंश, रिद्धिमा, जीया, वंशिका, अभिषेक, शिवम, निखिल, अंशु, मुस्कान, इशिता और अंकुश को सम्मानित किया गया। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रिया, स्मृति, अनन्या, कोमल, करण, हरशित, अनिरूद्ध, आकाश, वंशिका, यशिता, अगादी, सोनाक्षी, रोनित, रितिक, दिव्यांश, श्रुति को एवं राज्य स्तरीय स्पर्धा में भाग लेने के लिए अनमोल, गौरव और सिमरन को सम्मानित किया गया।



### ये भी किए सम्मानित

इसके अलावा सुमित कतनौरिया को राज्य स्तरीय कला उत्सव में भाग लेने के लिए सम्मानित किया गया। वंश और उदय को नेशनल स्पर्धा के लिए चयनित होने के लिए पुरस्कृत किया गया। टैलेंट सर्च कंपीटिशन के लिए वंशिका, विदुशी, इशिता, नंदिनी, आयुष व सृष्टि को सम्मानित किया गया। ताइक्वांडो में अव्वल रहने वाले तुषार, अक्षित, हर्ष, सौरभ, सुमेर, महक, यशिका और अंशिका चौधरी को सम्मानित किया।

## आठ से सुरक्षा गार्ड और सुरक्षा सुपरवाइजर के लिए इंटरव्यू, 150 पदों के लिए होगी भर्ती

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

**क्षेत्रीय** रोजगार अधिकारी कांगड़ा आकाश राणा ने बताया कि सिस इंडिया लिमिटेड शाहतलाई जिला बिलासपुर ने सुरक्षा गार्ड व सुरक्षा सुपरवाइजर के 150 पद अधिसूचित किए हैं। इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता दसवीं पास और आयु सीमा 21 से 37 वर्ष के बीच रखी गई है। इस साक्षात्कार के लिए केवल पुरुष आवेदक पात्र होंगे।

उन्होंने बताया कि कंपनी की ओर से सुरक्षा गार्ड के तौर पर चयनित उम्मीदवारों को 16500 रुपए से 19500 रुपए प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा। उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि इच्छुक आवेदक अपने मूल प्रमाण पत्रों व पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ के साथ आठ जनवरी को उपरोजगार कार्यालय लंबागांव, नौ जनवरी को उपरोजगार कार्यालय बैजनाथ, 10 जनवरी को उप रोजगार कार्यालय पालमपुर, 11 जनवरी को नगरोटा बगवां और 12 जनवरी को उप रोजगार कार्यालय बड़ोह में सुबह 11 बजे पहुंचकर उक्त कंपनी के समक्ष साक्षात्कार के लिए उपस्थित हो सकते हैं । इस साक्षात्कार के संबंध में यात्रा भत्ता व अन्य देय नहीं होगा।

**यहां करें संपर्क :** अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 8558062252 पर संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि विभागीय वेबसाइट पर साक्षात्कार का ब्योरा अपलोड कर दिया गया है। सभी इच्छुक आवेदकों से अनुरोध है कि वह साक्षात्कार में भाग लेने से पहले https://eemis.hp.nic.in पर अपनी ई-मेल या मोबाइल से लॉगिन करने के बाद अपने डैशबोर्ड पर दिख रही सिस इंडिया लिमिटेड की रिक्तियों के लिए आवेदन करें। विभागीय साईट पर ऑनलाइन आवेदन के पश्चात ही साक्षात्कार में भाग लिया जा सकता है।

### सड़क सुरक्षा पर किया जागरूक




**नूरपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय औंद के विद्यार्थियों ने प्रधानाचार्य महोदय नवीन कुमारी और विद्यालय रोड सेफ्टी क्लब प्रभारी अंग्रेजी प्रवक्ता राकेश कुमार के नेतृत्व में एक सड़क सुरक्षा नियमों से संबंधित जागरूकता रैली निकाली। विद्यार्थियों ने सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में इलाका वासियों को जागरूक किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने भाषण, प्रतियोगिता, पेंटिंग व नारा लेखन में भी भाग लिया ।

## 16 मेधावियों को दिए लैपटॉप

### शिक्षा बोर्ड की परीक्षा में मेरिट में स्थान पाने पर हुए सम्मानित

**शालविया शर्मा, गरली**

**देहरा** पब्लिक स्कूल खबली के 16 छात्र-छात्राओं ने एक साथ लैपटॉप हासिल कर अपनी पाठशाला व माता पिता का कद बढ़ाया है । प्रधानाचार्य रमा सिंह ने बताया कि जमा दो की दीक्षा, नैंसी, दिव्या, प्रिया, अनामिका, पलक, पायल, पंकुश, सुजल व सुशांत ने लैपटॉप हासिल किए हैं, जबकि दसवीं के अखिल तानिया, अनुष्का शगुन, शैलजा ,रिचा व दीपक ने लैपटॉप हासिल कर अपनी पाठशाला का नाम रोशन किया है।

उन्होंने कहा कि 2020-21 के जमा दो साइंस संकाय के छात्रों को हिमाचल प्रदेश शिक्षा बोर्ड की परीक्षा में मेरिट स्थान हासिल करने पर सम्मानित किया गया। कक्षा दसवीं के छह छात्रों को मार्च 2020-21 की बोर्ड परीक्षा में मैरिट स्थान प्राप्त करने के बाद सरकार की ओर से टैब देकर प्रोत्साहित किया गया है। यह पुरस्कार उन्हें आगे बढ़ाने के लिए उत्साहित करता है और बच्चों की रुचि पढ़ाई में और बढ़ती है। प्रधानाचार्य ने बच्चों अध्यापकों को अध्यापकों को बधाई दी।



लैपटॉप के साथ मेरिट में स्थान पाने वाले मेधावी विद्यार्थी।

## प्रदर्शन का चौथा दिन, मांगें नहीं मान रहा प्रबंधन

**अनंत ज्ञान, जवाली**

**वेतन व पेंशन न मिलने पर बिजली कर्मियों में रोष**

बिजली बोर्ड में वेतन और पेंशन न मिलने पर बिजली विभाग कार्यालय जवाली में हिमाचल प्रदेश बिजली बोर्ड कर्मचारी यूनियन और ज्वाइंट फ्रंट जिसमें रिटायरी फोरम यूनियन, इंजीनियर एसोसिएशन ने बोर्ड प्रबंधन के खिलाफ लगातार चौथे दिन भी रोष प्रदर्शन किया।

जवाली रिटायरी फोरम यूनियन के प्रधान राम लुभाया ने कहा कि चार दिनों से प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन बोर्ड प्रबंधन नहीं जाग रहा है। एसडीओ सुखदेव ने कहा कि जो बोर्ड मैनेजमेंट ने कर्मचारियों और पेंशनरों को अलग करने का षड्यंत्र रचा है वो ठीक नहीं है। इस मौके पर हिमाचल बिजली बोर्ड कर्मचारी यूनियन के जिला संगठन सचिव बालकृष्ण, यूनिट प्रधान सुरेश चौधरी, कोषाध्यक्ष संजय कुमार, सहसचिव सरजीवन मनकोटिया, रिटायरी यूनियन के जिला सचिव देव राज हरनोट, एक्सईएन हंस राज धीमान, पूनम, कल्पना, मनिशा, प्रिया, सरोज बाला, राजिंदर कौंडल, अविनाश कुमार, संजीव कुमार, जेई जोगिंदर, अभिषेक, साहिल इत्यादि मौजूद रहे।



बिजली बोर्ड प्रबंधन के खिलाफ प्रदर्शन करते कर्मी व पेंशनर्स।

## युद्ध जैसी कार्रवाई स्वागत योग्य कदम : संजय पराशर



**परागपुर।** कैप्टन संजय पराशर ने कहा है कि आईएनएस चेन्नई व भारतीय नौसेना के कमांडो की ओर से मर्चेंट नेवी के जहाज एमवी लीला नोरफोक पर सवार होना और सोमालियाई समुद्री लुटेरों (नॉन स्टेट एक्टर) का समुद्री डकैती का दावा छोड़ना एक बड़ा ध्यान देने योग्य घटनाक्रम है। जारी प्रेस बयान में पराशर ने कहा कि इस जहाज के मालिक हिमाचल प्रदेश के ऊना से संबंध रखते हैं। जहाज पर सवार 15 भारतीय और छह फिलिपिंस नाविकों को समुद्र में उनके करियर का सबसे बड़ा उपहार मिला। यह घटना समुद्र में समुद्री शक्ति की गतिशीलता को बदल देगी। अंतरराष्ट्रीय जल सीमा में मर्चेंट नेवी के जहाज और नाविक अब भारत के लिए राष्ट्रीय एजेंडा हैं। भारत के राजनीतिक नेतृत्व द्वारा समुद्र में शक्तिशाली बयान और भारतीय नाविकों की सुरक्षा के लिए भारतीय नौसेना की ओर से की गई युद्ध जैसी कार्रवाई स्वागत योग्य कदम है। हिंद महासागर में इंडियन प्रेस्नेस अब स्थायी है।

**समारोह** | वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में पहुंचे सीपीएस किशोरी लाल

## गुनेहड़ स्कूल के होनहार किए सम्मानित

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

**मुख्य** संसदीय सचिव, कृषि, पशुपालन, पंचायतीराज एवं ग्रामीण विकास और विधायक किशोरी लाल ने कहा कि कठिन परिश्रम से ही जीवन में उच्च लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

किशोरी लाल शनिवार को बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र की राजकीय उच्च पाठशाला गुनेहड़ के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य के सरकारी संस्थान छात्रों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध करवा रहे हैं और सरकार भी उच्च शिक्षण सुविधाएं उपलब्ध करवा रही है। इन संस्थानों में अनुभवी अध्यापक बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिये कड़ी मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय में सुबह की प्रार्थनासभा में शहीदों को याद करें। उन्होंने शिक्षा व अन्य गतिविधियों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया। उन्होंने पुरस्कार पाने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई देते दी।

इससे पहले विद्यालय के मुख्यध्यापक प्यार चंद ने मुख्यातिथि का स्वागत किया और वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करने वाले विद्यार्थियों को 11 हजार रुपए देने की घोषणा की।

कार्यक्रम में प्रधान गुनेहड़ अंजना कपूर, प्रधान सुरेश ठाकुर, उपप्रधान दूनी चंद, देश राज, हरबंस लाल एक्स बीडीसी, विचित्र ठाकुर एसएससी प्रधान, अजय गोड सोशल मीडिया, अर्चित एनएसयूआई प्रेसिडेंट, देश राज, दिलीप सिंह, प्रताप सिंह, जेई पीडब्ल्यूडी, जल शक्ति व विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, अध्यापक, छात्र, अभिभावक एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)



स्कूल के वार्षिक समारोह में सीपीएस किशोरी लाल व अन्य।

## संयुक्त सचिव ने अस्पताल का निरीक्षण कर टीबी मरीजों की सुविधाओं को जांचा



सिविल अस्पताल में स्टाफ के साथ विभाग के संयुक्त सचिव पी अशोक बाबू।

**अनंत ज्ञान, जवाली**

**केंद्र** स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त सचिव पी अशोक बाबू ने शनिवार को सिविल अस्पताल जवाली का निरीक्षण किया।

एसडीएम जवाली, बीएमओ नगरोटा सूरियां डॉ. दुष्यंत ने संयुक्त सचिव पी अशोक बाबू का जोरदार वेलकम किया। संयुक्त सचिव पी अशोक बाबू ने टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत टीबी मरीजों को दी जाने वाली चिकित्सा सुविधा को जांचा और विकसित भारत यात्रा के तहत भी जानकारी ली। इस मौके पर एसएमओ जवाली डॉ अमन दुबे सहित स्टाफ मौजूद रहा।

# संपर्क सड़क लाहड़ी का भूमि पूजन

## विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने रखी नींव, 90 लाख से किया जाएगा निर्माण

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने शनिवार को ग्राम पंचायत सुदली में लगभग 90 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाली संपर्क सड़क लाहड़ी का भूमि पूजन किया। उन्होंने कहा कि भटियात क्षेत्र के प्रत्येक गांव को सड़क सुविधा से जोड़ने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गांव लाहड़ी की काफी लंबे समय से सड़क की मांग को पूर्ण किया गया है।

उन्होंने लोक निर्माण विभाग को दो माह के भीतर सड़क निर्माण को पूर्ण करने के लिए निर्देशित भी किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गांव को सड़क सुविधा से जोड़ने के लिए जारी मुहिम के तहत जारी वित्त वर्ष में 32 गांवों को सड़क सुविधा से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने


ग्राम पंचायत सुदली में संपर्क सड़क के भूमि पूजन के दौरान मौजूद विधानसभा अध्यक्ष व अन्य।

कहा कि शेष बचे गांवों को दिसंबर 2026 तक सड़क सुविधा से जोड़ दिया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि भटियात विधानसभा क्षेत्र के तहत संधारा सहित खिरडीधार और बगढ़ार क्षेत्र को पर्यटन के लिहाज से विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों के अनुरूप विभिन्न साहसिक पर्यटन गतिविधियों को शुरू करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि संधारा में पर्यटन के लिहाज से जल क्रीडाएं संबंधित गतिविधियां भी आयोजित की जाएगी ताकि आसपास के क्षेत्र के लोगों को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध हो।

कुलदीप सिंह पठानिया ने सुदली ग्राम पंचायत के नए भवन निर्माण के लिए आवश्यक धनराशि उपलब्ध करवाने का भी आश्वासन दिया। उन्होंने यह भी कहा कि भटियात क्षेत्र की 22 पंचायतों के लिए सिंचाई सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए 44 करोड़ रुपए का प्रपोजल तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत बगढ़ार,नागली, मेल, ढलोग, जियूंता, मोरनू, बैली, सुदली के लिए 60 करोड़ रुपए की लागत से निर्माणाधीन उठाऊ पेयजल योजना का कार्य प्रगति पर है। पंचायत मेल के लिए दो करोड़ की राशि निर्मित होने वाली उठाऊ सिंचाई योजना की निविदाएं आरंभ कर दी गई हैं। इस अवसर पर एसडीएम डलहौजी अनिल भारद्वाज, प्रधान ग्राम पंचायत सुदली जगदीश चंद, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग हर्ष पुरी सहित विभिन्न पंचायतों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# संचूई की टीम ने जीती ट्रॉफी और 11000 रुपए का नकद इनाम

## खणी स्कूल में हुई अमित मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

खणी स्कूल में चल रही अमित मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता के 10वें संस्करण का शनिवार को समापन हो गया। समापन समारोह पर पूर्व भारतीय सैनिक जमीत सिंह ने बतौर मुख्यातिथि सिरकत की। क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन हर वर्ष अमित ठाकुर की याद में किया जाता है।

इस वर्ष क्रिकेट प्रतियोगिता का 10वां संस्करण पहली जनवरी को शुरू किया गया और शनिवार को खत्म हुआ। प्रतियोगिता में 28 टीमों ने हिस्सा लिया। शनिवार को इस प्रतियोगिता के दो सेमीफइनल और एक फाइनल मैच खेला गया। पहला सेमीफाइनल युवक मंडल खणी और खणी (बी) के बीच खेला गया जिसमें युवक मंडल खणी ने शानदार जीत अपने नाम


अमित मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन पर खिलाड़ी मुख्यातिथि के साथ।

दर्ज की। वहीं दूसरा सेमीफइनल संचूई और ग्रीमा के बीच खेला गया जिसमें संचूई ने ग्रीमा टीम को हराकर फाइनल मैच में प्रवेश किया।

प्रतियोगिता का फाइनल मैच युवक मंडल खणी और संचूई के बीच खेला गया जिसमें संचूई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए युवक मंडल खणी की टीम को आठ ओवर में 72 रन का टारगेट दिया। 72 रनों का पीछा करते हुए खणी की टीम आठ ओवर में मात्र 53 रन ही बना पाई। फाइनल मैच में अतुल ठाकुर को मैन ऑफ द मैच तो वहीं प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करने पर रजत ठाकुर को मैन ऑफ द सीरिज से नवाजा गया। मुख्यातिथि ने विजेता टीम को 11000, ट्रॉफी व मोमेंटो और उपविजेता टीम को 8100, ट्रॉफी व मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

## हर हाथ अनंत ज्ञान



चंबा मुख्यालय में पाठक अनिल कुमार अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।



चंबा मुख्यालय में दुकानदार मनोज अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।



होटल इरावती के इंजीनियर नवीन बक्शी अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।



चंबा के देवराज दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान पढ़ते हुए।



चंबा प्रेस क्लब के कोषाध्यक्ष अविनाश गुप्ता अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।



होटल इरावती के कर्मी अंकुर राजपूत अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।

## शनिदेव मंदिर में भक्तों ने नवाया शीश

**चंबा।** हरदासपुरा वार्ड में स्थित शनिदेव मंदिर में शनिवार को सैकड़ों भक्तों ने शीश नवाया और शनिदेव के दर्शन किए। जबकि मंदिर पुजारी अमित शर्मा ने शनि भक्तों को शनि महिमा से अवगत करवाया। शनि महिमा पाठ प्रवचनों से अवगत करवाते हुए पुजारी शर्मा ने बताया कि भाग्य विदाता ने हर एक व्यक्ति को अच्छे बुरे कर्म में पहचान करने के लिए बुद्धि को प्रदान किया है ताकि वह अच्छे व बुरे में अंतर ज्ञात कर सही राह का अनुसरण कर सके। इस मौके पर जिला के दूर-दराज क्षेत्रों से सैकड़ों भक्तों ने उपस्थिति दर्ज करवा भगवान शनिदेव के दर्शन किए।

## समलेऊ स्कूल के होनहारों को इनाम बांटे

**डलहौजी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला समलेऊ ने शनिवार वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह मनाया। समारोह में विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ बहुआयामी गतिविधियों में सक्रिय रहना भी बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि किसी भी संस्थान के लिए वार्षिक उत्सव वर्षभर के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में प्राप्त उपलब्धियां के लिए सम्मानित करने का अवसर होता है। पठानिया ने कहा कि इस क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति की समस्या को देखते हुए 11 केवीए के विद्युत सब स्टेशन का निर्माण कार्य जल्द प्राथमिकता के आधार पर करवाया जाएगा। कुलदीप सिंह पठानिया ने वर्ष भर बहुआयामी गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किए। विधानसभा अध्यक्ष ने स्कूल के सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ाने के लिए 21 हजार की धनराशि देने की घोषणा की।

# छठे दिन भी जारी रही कर्मियों की हड़ताल

## मांगें मनवाने के लिए डटे रहे मंडल कार्यालय के कर्मी व पेंशनर यूनियन

**आरके रांगड़ा, चंबा**

राज्य विद्युत बोर्ड मंडल कार्यालय चंबा के कर्मचारी एवं अभियंताओं तथा पेंशनर यूनियन की हड़ताल लगातार यूनियन मुख्य सलाहकार अनिल वर्मा की अगुआई में छठे दिन जारी रही। इस अवसर पर राज्य विद्युत बोर्ड कर्मचारी एवं अभियंताओं तथा पेंशनर यूनियन मुख्य सलाहकार अनिल वर्मा ने कहा कि राज्य विद्युत बोर्ड कर्मचारियों द्वारा ही सर्वप्रथम ओपीएस बहाली की मांग बुलंद की थी।

जिसमें धीरे-धीरे कई विभाग शामिल होते गए और यह महासंग्राम आंदोलन बन गया। जिसे मौजूद सरकार ने मंजूर किया जिसका यूनियन स्वागत करती है, लेकिन अफसोस की बात कि ओपीएस बहाली से बोर्ड कर्मियों को वंचित रख उन्हें अभी तक



धरना-प्रदर्शन करते राज्य विद्युत बोर्ड मंडल कर्मचारी व पेंशनर यूनियन।

शामिल नहीं किया गया। जिसे यूनियन कभी भी सहन नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि हाल ही में बोर्ड कर्मियों का वेतन रोका गया था। जिस पर मुख्यमंत्री के आदेशों पर यह समस्या तो बहाल बेशक हो गई, लेकिन बुढ़ापे में बोर्ड कर्मियों को पेंशन से नहीं जोड़ सरकार व बोर्ड निदेशक अन्याय का परिचय दे रहे हैं। बिजली बोर्ड से 50 हजार परिवार जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि आईएएस हरिकेश मीणा को बोर्ड के प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। जबकि उनके पास पहले से ही दो विभागों का प्रभार है, इसलिए कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि सरकार बिजली बोर्ड में स्थायी प्रबंध निदेशक नियुक्त करें वहीं तत्काल प्रभाव से हरिकेश मीणा को बोर्ड प्रबंध निदेशक कार्यभार से मुक्त किया जाए। अन्यथा बोर्ड यूनियन अपने शांतिपूर्वक आंदोलन को उग्र रूप देने में भी गुरेज नहीं करेगी। जिसमें उपभोक्ताओं व सरकार को बिजली आपूर्ति तक से बाधित होना पड़ सकता है।

धरना-प्रदर्शन में कर्मचारी संघ से चंबा इकाई के प्रधान अशोक कुमार, सचिव प्रताप चौहान, पावर इंजीनियर एसोसिएशन से ई. तेजू राम, हंस राज, नरसिंह विद्युत बोर्ड से पेंशनर फार्म, रावत, आत्मा राम शर्मा, सोभिया राम, जगदीश, पेंशनर एसोसिएशन से मुकेश बेदी, आत्मा राम परिहान, दलीप चौणा, विनीत ठाकुर, नवचंद्र, ई. एसोसिएशन से साजिद खान, सहित अन्य कई कर्मचारी एवं पेंशनभोगी ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवा प्रदर्शन का समर्थन किया। (अंनत ज्ञान)

# सूखी ठंड से सर्दी-खांसी और जुकाम की चपेट में लोग

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

- सीएमओ ने सर्दी से बचने की दी सलाह



डलहौजी व इसके आसपास के क्षेत्रों में सूखी ठंड ने हर खास आम का जीना दुश्वार किया हुआ है। पूरा दिसंबर बीत चुका है और जनवरी महीना शुरू हो गया है और लोहड़ी का त्यौहार भी नजदीक है, लेकिन अभी तक क्षेत्र में न तो ढंग की बारिश हुई है और न ही बर्फबारी के कोई आसार दिख रहे हैं। सूखी ठंड की वजह से हर कोई सर्दी, खांसी और जुकाम की चपेट में आ चुका है और ठंड की वजह से बुखार ने भी हर किसी को ग्रस्त कर रखा है। डलहौजी के सीएमओ विपिन ठाकुर ने लोगों को इस प्रचंड सूखी ठंड से बचने की हिदायत जारी की है। उन्होंने कहा है कि इस ठंड से खासकर बुजुर्ग एवं बच्चे जितना हो सके बचने की कोशिश करें। बेवजह सुबह-शाम घरों से बाहर न निकले, जितना हो सके इस ठंड से अपने आप को बचाएं। आम आदमी को इस ठंड में काम करना अत्यंत मुश्किल हो गया है। पानी की सप्लाई बाधित है, अधिकतर पानी की पाइपें जाम हो चुकी है और ज्यादातर गांवों में पानी की आपूर्ति बाधित हो रही है। बिना बारिश के प्राकृतिक स्रोत भी सूख रहे हैं इसको लेकर भी ज्यादातर गांववासी परेशान है। पशु और खेतीबाड़ी भी इससे प्रभावित हो रही है। अब तो हर क्षेत्रवासी की भगवान इंद्र से यही प्रार्थना है कि जल्द से जल्द मेघ बरसे बर्फ पड़े और इलाका पानी की परेशानी से मुक्त हो सके।

# स्वयंसेवियों ने रावी नदी के किनारे की साफ-सफाई


राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के पांचवें दिन सफाई करते स्वयंसेवी।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

राजकीय महाविद्यालय चंबा की राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर समर्पण के पांचवे दिन स्वयंसेवियों द्वारा नगर परिषद चंबा के अंतर्गत सुल्तानपुर वार्ड में नैय्यर पेट्रोल पंप के नीचे रावी नदी किनारे सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान स्वयंसेवियों द्वारा रास्तों की सफाई, झाड़ियां काटीं, पनिहार के आस पास सफाई की, कूड़ा-कर्कट हटाया, नदी किनारे साफ-सफाई की गई व प्लास्टिक इकट्ठा कर के नगर परिषद को सौंप दिया गया। स्वयंसेवियों द्वारा सुल्तानपुर बाजार में एक जागरूकता रैली भी निकाली गई। अकादमिक सत्र में सेवानिवृत भाषा अध्यापक अनूप राही ने स्रोत व्यक्ति के रूप में शिरकत की। उन्होंने स्वयंसेवियों को नैतिक मूल्यों के बारे में बताया।

## विस अध्यक्ष आज चुवाड़ी में

**चंबा।** विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया 10 जनवरी तक चंबा प्रवास पर रहेंगे। विभागीय प्रवक्ता ने बताया कि विधानसभा अध्यक्ष के जारी आगामी प्रवास कार्यक्रम के अनुसार सात जनवरी को विधानसभा अध्यक्ष राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चुवाड़ी के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह की अध्यक्षता करेंगे और मेधावी छात्रों को लैपटॉप वितरित करेंगे। आठ जनवरी को कुलदीप सिंह पठानिया राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सिहुंता और नौ जनवरी को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला समोट के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि विधानसभा अध्यक्ष 10 जनवरी को उपकोषागार कार्यालय भवन सिहुंता का उद्घाटन करेंगे। दोपहर बाद टुंडी से धारान संपर्क सड़क मार्ग के उन्नयन कार्य का भूमि पूजन कर टुंडी के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह की अध्यक्षता करेंगे।

# न लिफ्ट लगी, न ही एस्केलेटर

## प्रशासन की अनदेखी का शिकार हो रही चंबा की जनता

**अनंत ज्ञान, चंबा**

चंबा वेलफेयर एसोसिएशन की मासिक बैठक इरावती होटल चंबा में प्रधान ओम प्रकाश गोस्वामी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। एसोसिएशन पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा बैठक में जिला चंबा से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। एसोसिएशन प्रधान ओम प्रकाश गोस्वामी ने बताया कि आधे अधूरे नए बस स्टैंड का खामियाजा सात वर्ष बाद आज भी चंबावासी सहन कर रहे है।

वर्ष 2002 से 2007 के कार्यकाल में तत्कालीन मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह द्वारा शहर से मात्र 500 मीटर दूर भरमौर जीरो प्वॉइंट पर चंबा के लिए बनाएं जा रहे नए विशाल अंतरराष्ट्रीय बस स्टैंड का शिलान्यास किया था, परंतु 2007 में सत्ता परिवर्तन के बाद सरकार ने उस जगह को अपर्याप्त मानते हुए तत्वानी में परिवहन विभाग की कार्यशाला व पुरानी ऐतिहासिक जेल को तोड़कर नया बस स्टैंड बनाने का निर्णय लिया। जिसमें काफी जदोजहद के बाद 29 अगस्त 2009 को सरकार के निदेशानुसार हिमाचल प्रदेश की मुख्य सचिव ने चंबा के विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा बनाई गई अपील बॉडी के सदस्यों शिमला से हिमुडा मुख्य प्रारूपाकार चीफ इंजीनियर दिल्ली से बुलाए गए।

एक प्राइवेट सलाहकार को जिला प्रशासन के साथ विशेष बैठक में तत्वानी में ही नए बस स्टैंड पर जोर देकर स्वीकृति दे दी। जबकि निगम वर्कशॉप को कहीं अयंत्र शिफ्ट करने के लिए आदेश दिए। वहीं लोगों की सुविधा के लिए नए व पुराने बस स्टैंड के नीचे सरल बस सेवा को चलाना तय किया गया। जबकि वार्ड कसाकड़ा होकर चौगान बाजार तक पहुंचाने के लिए यात्रियों के लिए लिफ्ट या एस्केलेटर लगाने के लिए प्रशासन को कहा गया लेकिन वादो की अनदेखी करते हुए मात्र ऐतिहासिक जेल को ही तोड़कर एक छोटा सा सुविधा विहीन बस स्टैंड बनाकर 2017 में जनता को समर्पित कर दिया और वर्कशॉप आज भी वहीं पर है। उसे नई जगह तड़ोली बनाने की आधी अधूरी कोशिश कर बीच में ही छोड़ दिया। जबकि सरकार का पैसा खर्च कर दुरुपयोग किया गया।

आज दिन तक सरकार और जिला प्रशासन की उदासीनता के कारण न तो लिफ्ट लग पाई और न ही एस्केलेटर लग पाया है। जिसके चलते एसोसिएशन इस दिशा में जांच की मांग उठाने सहित पूर्व में जनहित में किए वादों को पूर्ण करने की मांग करती है। इस मौके पर चंबा वेलफेयर एसोसिएशन चंबा पदाधिकारियों व सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

# बनीखेत कॉलेज रोड पर कार्यपालक निदेशक ने किया पुलिया का लोकार्पण

## ग्रामीणों की मांग पर एनएचपीसी ने करवाया निर्माण, आभार जताया

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

बनीखेत कॉलेज रोड पर एनएचपीसी द्वारा निर्मित पुलिया का बनीखेत कार्यपालक निदेशक काजल शाह ने लोकार्पण किया। इस आयोजन में एनएचपीसी के कई पदाधिकारी व कर्मचारी, स्थानीय ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि, स्थानीय ग्रामीणों के अलावा कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। गौर हो कि यह पुलिया उसे नाले पर निर्मित की गई है जो नाला बरसात में अक्सर खतरनाक तथा उग्र रूप धारण कर लेता था।

इसका पानी पद्दर मैदान तथा स्थानीय दुकानों में जा घुसता था और राहगीरों को भी अच्छी खासी परेशानी का सामना करना पड़ता था। जिसके कारण स्थानीय निवासी परेशान थे। इसी परेशानी को लेकर स्थानीय ग्राम पंचायत एवं ग्रामीणों


कॉलेज रोड पर निर्मित पुलिया का लोकार्पण करते कार्यपालक निदेशक काजल शाह।

ने एनएचपीसी से इस पुलिया के निर्माण के लिए आग्रह किया था। इस आग्रह को मंजूरी देते हुए एनएचपीसी ने इस पुलिया का निर्माण करवाया।

वहीं ग्राम पंचायत बनीखेत के प्रधान अरुण राणा ने बताया कि इस नाले को लेकर स्थानीय पंचायत एवं ग्रामीणों ने एनएचपीसी कार्यालय में एक मांग पत्र सौंपा। जिसमें मांग उठाई कि पद्दर नाले पर एनएचपीसी द्वारा एक पुलिया का निर्माण करवाया जाए। एनएचपीसी ने इस आग्रह को मंजूरी देते हुए पुलिया का निर्माण करवाया है। जिसके लिए समस्त ग्राम पंचायत बनीखेत एवं ग्रामीण एनएचपीसी का धन्यवाद करते हैं और कामना करते हैं कि भविष्य में भी एनएचपीसी ऐसे ही विकासात्मक कार्य करवाता रहेगा।

**समस्या** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को नहीं मिल रही सुविधा

# सीएचसी बाथरी में नहीं हो रहे टेस्ट और एक्स-रे

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

- रोगियों को निजी अस्पतालों की लेनी पड़ रही सेवाएं
- क्षेत्रवासियों ने सरकार से मांगा समस्या का समाधान

उपमंडल डलहौजी के अंतर्गत गांव बाथरी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मूलभूत सुविधाओं का अभाव हैं। बताते चलें कि जो डॉक्टर चिकित्सालय में तैनात थे वे भी आजकल छुट्टी पर चल रहे हैं। इस कारण स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल के चंबा प्रवास के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाथरी का भी निरीक्षण किया था।

जिन सुविधाओं की कमी हैं उनको लेकर स्थानीय कांग्रेसी नेता आशा कुमारी एवं स्थानीय जनता को आश्वस्त किया था कि जल्द ही इन समस्याओं का समाधान प्रदेश सरकार द्वारा कर दिया जाएगा परंतु मौजूदा हालात बद से बदतर हो चुके हैं। बीएमओ समोट डॉक्टर शाम ने बताया कि उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाथरी के बारे में कई बार आला अधिकारियों से पत्राचार के माध्यम से हालात बयां किए हैं। वहीं सीएमओ चंबा का भी कहना है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाथरी में मूलभूत सुविधाओं की कमी हैं।

इसके बारे में स्थानीय जनता ने आग्रह किया है और हम इसको लेकर जरूर उचित कदम उठाएंगे। स्थानीय समाजसेवी अजय शर्मा व प्रेम प्रकाश वर्मा ने बताया कि बीते कई सालों से बाथरी एवं इसके साथ लगते क्षेत्र की जनता स्वास्थ्य सुविधाओं का पूरा लाभ नहीं उठा पा रही है, इसका एकमात्र कारण मूलभूत सुविधाओं का अभाव ही है।

सामुदायिक चिकित्सालय बाथरी की बात करें तो क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए एकमात्र यही चिकित्सालय है जो एनएच 154 ए पर स्थित है और राष्ट्रीय महामार्ग पर कोई


सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाथरी, जहां लोगों को मूलभूत सुविधाएं भी नहीं मिल रही हैं।

आपातकालीन स्थिति में इसका महत्व और अधिक बढ़ जाता है। स्थानीय लोगों को भी आपातकालीन स्थिति में प्राथमिक उपचार के अलावा कुछ नहीं मिल पाता और आगे रेफर कर दिया जाता है। अस्पताल के पास न तो एंबुलेंस की सुविधा है न ही ढंग की एक्स-रे मशीन है। जो एक्स-रे मशीन मौजूद है वह काफी पुरानी है जिससे डॉक्टर मरीज को बाहर से ही एक्स-रे करवाने की सलाह देते हैं। अल्ट्रासाउंड या अन्य टेस्टों के लिए मरीजों को मोटी रकम खर्च कर बाहर टेस्ट करवाने को मजबूर होना पड़ रहा है। स्थानीय जनता की स्वास्थ्य विभाग और प्रदेश सरकार से मांग है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाथरी के मौजूदा हालातों को देखते हुए इसके समक्ष आ रही परेशानियों को दूर किया जाए और जो चिकित्सालय में कमियां है उनको भी शीघ्र अति शीघ्र पूरा किया जाए। (अनंत ज्ञान)

# डॉ. हरनाम सिंह ने 1977 में किया था विंटर कार्निवाल का आगाज

## आज राष्ट्रीय विंटर कार्निवाल में झलकती है देशभर की संस्कृति, पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण बन गया है यह उत्सव








विंटर कार्निवाल के दौरान रैंप पर फैशन के जलवे बिखेरतीं प्रतिभागी।

**कमलेश वर्मा, मनाली**

विश्व प्रसिद्ध पर्यटन नगरी मनाली में मनाए जाने वाले विंटर कार्निवाल ने आज विश्वभर में अपनी पहचान बनाई है। सर्द हवाओं के बीच जब देशभर की संस्कृति मनाली में अपनी छठा बिखेरती है तो यहां का माहौल कड़कती ठंड में गर्म हो जाता है। विंटर कार्निवाल के इतिहास पर यदि नजर दौड़ाई जाए तो तत्कालीन पर्वतारोहण संस्थान के निदेशक डॉ. हरनाम सिंह ने इस कार्निवाल की शुरुआत वर्ष 1977 में इस उद्देश्य को लेकर की थी कि मनाली में विंटर गेम्ज को बढ़ावा दिया जा सके।

सबसे पहले इस कार्निवाल की शुरूआत सोलंगनाला की स्की ढलानों पर हुई थी और यहां पर विंटर गेम्ज का आयोजन किया गया था। इस कार्निवाल का शुभारंभ उस समय तत्कालीन मुख्यमंत्री वाईएस परमार ने किया था। इसके बाद मनुरंगशाला संस्था ने इस प्रयास को सराहा था और विंटर कार्निवाल में जहा दिन के समय सोलंगनाला में विंटर गेम्ज का आयोजन होता था, वहीं सांयकालीन मनुरंगशाला में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी शुरुआत की गई। धीरे-धीरे इस उत्सव ने पूरे देश भर में नाम कमाया। 1998 में इस विंटर कार्निवाल को राज्य स्तर का दर्जा मिला और 2011 में इसे राष्ट्र स्तरीय का दर्जा मिल गया। (अनंत ज्ञान)

### पर्यटन और लोक संस्कृति का एक अनूठा संगम

**विश्व** प्रसिद्ध पर्यटन नगरी मनाली का राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल पर्यटन और लोक संस्कृति का एक अनूठा संगम है। हर साल नववर्ष के आगमन के साथ राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवल का आयोजन देश-विदेश के पर्यटकों, स्थानीय व देश के विभिन्न राज्यों के लोक कलाकारों के लिए आकर्षण का केंद्र बन जाता है।

कार्निवाल में विंटर क्वीन व वॉयस ऑफ कार्निवाल प्रतियोगिता और विभिन्न राज्यों से आए कलाकारों की ओर से प्रस्तुत की जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा कुल्लवी महानाटी व अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से देशभर की संस्कृति से रू-ब-रू होने का अवसर मिलता है। कुल्लू जिला की समृद्ध लोक संस्कृति से संबंधित गतिविधियों को शामिल करके आयोजन समिति ने विंटर कार्निवल को व्यापक सांस्कृतिक स्वरूप प्रदान किया है। विंटर कार्निवल के शुभारंभ अवसर पर ढुंगरी के हिडिंबा मंदिर से निकलने वाली स्थानीय महिलाओं और देश के विभिन्न राज्यों के सांस्कृतिक दलों की झांकियों के माध्यम से मनाली के माल रोड पर मिनी भारत जैसा नजारा दिखता है।

इस उत्सव में विंटर क्वीन और 'वॉयस आफ कार्निवल' जैसी स्पर्धाएं हिमाचली प्रतिभाओं को बहुत ही अच्छा मंच प्रदान करती हैं। इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाली युवतियों और प्रतिभाशाली गायकों को आगे बढ़ने के लिए एक बहुत ही अच्छा मंच विंटर कार्निवल के माध्यम से मिलता है। अब विंटर कार्निवल के माध्यम से कुल्लवी लोक संस्कृति का खूब प्रचार-प्रसार हो रहा है। कुल्लू घाटी की लोक संस्कृति और परंपराएं सचमुच पर्यटकों में कौतुहल पैदा कर देती हैं। विभिन्न राज्यों के सांस्कृतिक दलों की भागीदारी से विंटर कार्निवल में सांस्कृतिक आदान-प्रदान को भी बढ़ावा मिलता है। इसी कड़ी में इस वर्ष भी विंटर कार्निवाल धूमधाम से मनाया गया और प्रशासन इसके लिए बधाई का पात्र है।






## लोकनृत्य और फैशन शो प्रतियोगिता आकर्षण का केंद्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मनाली**

राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवल के अंतिम दिन शनिवार को लोकनृत्य और फैशन शो प्रतियोगिता आकर्षण का केंद्र रहा। कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुति से दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। वहीं, सुबह प्रतियोगी कार्यक्रमों का आगाज लोकनृत्य प्रतियोगिता से हुआ। कुल्लवी नाटी, जम्मू का डोगरी और पंजाब के भंगडा पर धमाल मचा।

लोकनृत्य में सूर्या सांस्कृतिक दल बनोगी, शांगल म्यूजिकल ग्रुप गोहर ओर रुद्रा दा अल्टीमेट ग्रुप कुल्लू अपनी प्रस्तुति दी। इसके अलावा फिल्म डांस स्पर्धा में कलाकारों ने दर्शकों को झूमने पर विवश कर दिया। फिल्म डांस में मनु हडिंबा क्लब मनीला, ब्लैक स्पाइडर ओर परफेक्ट डांस स्टूडियो जम्मू ने प्रस्तुति दी। पुराने फिल्मी गीत और नृत्यांगना कला सांस्कृतिक मंच नग्गर कक प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही।

इसके बाद क्लासिल डांस में कुल्लूत सांस्कृतिक कला संगम, सूर्या सांस्कृतिक दल बनोगी ओर फ्लाइंग स्टेप जम्मू के कलाकारों ने अपनी अपनी प्रस्तुति से दर्शकों का मनोरंजन किया। फैशन शो से सांस्कृतिक दलों ने माहौल में गर्माहट भर दी। फैशन शो में आधुनिकता के साथ पुरातन पहनावे का समावेश देखने को मिला। परफेक्ट डांस स्टूडियो जम्मू, डी. वॉरियर कुल्लू, जागृति कला मंच मनाली और सूर्या सांस्कृतिक दल बनोगी ने इस प्रतियोगिता में अपनी अपनी प्रस्तुति दी।



मुख्यातिथि राजेश धर्माणी को सम्मानित करते विधायक गौड़।



प्रस्तुति देती नन्हीं बच्ची।

### कुमार साहिल के नाम रही चौथी सांस्कृतिक संध्या

**विंटर** कार्निवाल की चौथी सांस्कृतिक संध्या कुमार साहिल के नाम रही। उन्होंने अनेकों गाने गाकर दर्शकों का मनोरंजन किया। उन्होंने पहाड़ी, पंजाबी व फिल्मी गाने गाकर दर्शकों को नचाया। इससे पहले शेष राम शनागी ने अनेकों धार्मिक गाने गाकर माहौल भक्तिमय कर दिया। इस सांस्कृतिक संध्या में कैबिनेट मंत्री राजेश धर्माणी मुख्यातिथि पहुंचे। उन्होंने मनाली वासियों को कार्निवाल की बधाई दी। इस बीच मंत्री ने भी मंच में नाचने का आनंद लिया। मंत्री ने बैडमिंटन, बास्केटबॉल, व वॉलीबाल के विजेताओं को सम्मानित किया। इससे पहले कार्निवाल कमेटी की ओर से विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने स्मृति चिन्ह भेंटकर मंत्री को सम्मनित किया।

### मथियाना की नाटी रही आकर्षण, फैशन के दिखे जलवे

**राष्ट्र** स्तरीय विंटर कार्निवल के अंतिम दिन शनिवार को मेहमान कलाकारों ने खूब रंग जमाया। नन्हे कलाकारों के डांस पर दर्शकदीर्घा तालियों से गूंज उठी। वशिष्ठ कला मंच मथियाना के कलाकारों ने कुल्लवी नाटी पेश कर समान बांधा। इसके अलावा 18 एविति के कलाकारों का फैशन आकर्षण रहा। फैशन शो के प्रतिभागियों ने मनु रंगशाला में कैटवॉक करते हुए दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। फैशन शो में दिया ठाकुर, अन्वेषा जंवाल, प्रीसेलिया, सुमन, कनिका, विनम्रता, हीना ने भाग लिया। कार्निवाल परेड में इस बार महिला मंडलों का आंकड़ा 230 के पार हो गया। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू ने प्रति महिला मंडल राशि 25 हजार कर दी। इसके लिए विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने मुख्यमंत्री का आभार जताया।

### हर हाथ अनंत ज्ञान



जिला कुल्लू के डुगीलग के केंद्रीय मुख्याध्यापक देवेंद्र ठाकुर अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।



टशी फुंचोक निवासी तिबोग गावं लाहौल स्पीति, ढालपुर में अनंत ज्ञान समाचार पढ़ते हुए।



सूंदर लाल, निवासी कुल्लू ढालपुर मैदान में अनंत ज्ञान समाचार पढ़ते हुए।



दिले राम निवासी शरण सैंज, ढालपुर में अनंत ज्ञान समाचार पढ़ते हुए।

## 'मेरा भारत विकसित भारत' विषय पर होगी भाषण प्रतियोगिता

**कुल्लू।** मेरा भारत विकसित भारत 2047 विषय पर नेहरू युवा केंद्र कुल्लू के द्वारा जिला स्तर की भाषण प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। नेहरू युवा केंद्र कुल्लू, युवा मामले विभाग भारत सरकार द्वारा आयोजित होने जा रहे इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 12 जनवरी तक प्रतिभागी की उम्र 15 से 29 के बीच होनी चाहिए। भाषण प्रतियोगिता के लिए सभी प्रतिभागियों को चयनित विषय के अनुसार मेरा भारत विकसित भारत 2047 को केंद्र में रख कर ही भाषण देना होगा। इसके साथ ही सभी प्रतिभागियों को भाषण के दौरान समय का भी विशेष रूप से ध्यान रखते हुए सात मिनट के अंदर ही अपने भाषण को समाप्त करना होगा। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाला आवेदक कुल्लू का मूल निवासी हो। जिला स्तर पर विजेता रहे प्रतिभागी को राज्य स्तर की भाषण प्रतियोगिता के लिए चयनित किया जाएगा। पहला स्थान हासिल करने वाले को एक लाख, दूसरा स्थान पाने वाले को 50 हजार व तीसरे स्थान में रहने वाले प्रतिभागी को 25 हजार रुपए का नकद इनाम दिया जाएगा। आवेदन की अंतिम तिथि नौ जनवरी तय की गई है। अधिक जानकारी के लिए इस नंबर 01902 222203 पर संपर्क करें।

## सनोवर वैली व भागासिद्ध में होगा कुल्लू कप का फाइनल



सेमीफाइनल मैच खेलते खिलाड़ी।

**कुल्लू।** कुल्लू के ढालपुर मैदान में चल रहे राजा वीरभद्र सिंह मेमोरियल के द्वारा आयोजित कुल्लू कप क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-दो का आयोजन अब अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंच चुका है। अंतिम सेमीफाइनल का दूसरा मैच बल टीम क्रिकेट क्लब और सनोवर वैली टीम के बीच खेला गया। इस दौरान बल क्रिकेट क्लब टीम ने टॉस जीत कर बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी बल टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट के नुकसान पर 20 ओवर के अंदर 152 रनों बनाए और सनोवर वैली की टीम को जीत के लिए 153 रनों के लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सनोवर वैली की टीम ने आखरी ओवर में जीत का स्वाद चखते हुए बल टीम को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। भागासिद्ध की टीम पहले ही फाइनल में प्रवेश कर चुकी है। भागासिद्ध और सनोवर वैली की टीम फाइनल में आमने-सामने होंगी। हांलाकि अब तक फाइनल मैच का दिन अभी तक तय नहीं किया जा सका है।

## पेंशनर्स ने मांगों को लेकर किया मंथन

**कुल्लू।** सिविल पेंशनर्स एंड सोशल वेलफेयर एसोसिएशन, भुंतर खंड की मासिक बैठक मालती गेस्ट हाउस, भुंतर में योगराज शर्मा, कैशियर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक गायत्री मंत्र से शुरू हुई। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि सभी पेंशनरों 2016 से पहले और 2016 से बाद के पेंशनरों का सभी प्रकार का बकाया 2021 तक का, एक मुश्त में तुरंत दिया जाए क्योंकि पेंशनरों ने भारी रोष जताया है। बैठक में राज्य उप प्रधान जिला प्रधान, सेसराम ठाकुर ने सरकार से आग्रह किया है कि सभी प्रकार का बकाया सभी पेंशनरों का 31 जनवरी 2024 तक देना होगा। बैठक को मोहर सिंह सीस, जिला महासचिव, तथा योगराज शर्मा, कैशियर, रामलाल शर्मा सहसचिव ने संबोधित किया जिसमें विभिन्न मांगो बारे प्रकाश डाला। सदस्यों की निजी समस्याओं बारे भी सुनवाई की तथा उसका निपटारा भी किया और कहा कि लिखकर भी देने बारे भी सुझाव दिया। बैठक में मुख्य रूप से राम सिंह थापा, उत्तमराम ठाकुर, ओमदत्त नेगी आदि उपस्थित रहे।

### न्यूज ब्रीफ

## विधायक ने किया सीवरेज योजना का भूमि पूजन

**मनाली।** शनिवार को मनाली के कन्याल गांव में मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने 385 करोड़ की लागत से बनने वाली सीवरेज का शिलान्यास किया। मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने बताया की यह सीवरेज (मल निकासी) परियोजना राइट बैंक में मनाली गांव, ढुंगरी, नसोगी, बलसारी, सियाल, छियाल, सिमसा, मोड़ी, रांगड़ी, गधेरनी, ब्रोड, पारस, शालीन और लेफ्ट बैंक मैं वशिष्ठ, मथियाना, कोशला, चढियारी, समाहन, धाराणु, चाचोगा, झाड़गं, अलेउ, प्रीणी, शुरू,जगतसुख, बहनू, गोजरा पंचायत की सात पंचायतों के 35 हजार लोगों को लोगो इसका लाभ मिलेगा। यह योजना तीन वर्ष मैं बनकर तैयार होगी। गौड़ ने कहा कि यह परियोजना हिमाचल की सबसे बड़ी योजना है, जिससे मनाली की जनता को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि भविष्य में इस योजना का विस्तार किया जाएगा और सात करोड़ और जोड कर गोजरा पंचायत की डीपीआर तैयार की जा रही है और गोजरा को भी सीवरेज से जोड़ा जाएगा और अन्य पंचायतों को भी लाभ मिलेगा। एएफडी से स्वीकृत करवाई है जिसमें हिमाचल सरकार दस प्रतिशत किया खर्च कर रही है। उन्होंने इस योजना और मनाली के विकास के कार्यों के लिए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का धन्यवाद किया और कहा की मुख्यमंत्री ने यह प्रदेश की सबसे बड़ी परियोजना के लिए खुद हिमाचल सरकार की ओर से हस्ताक्षर किए हैं। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता देवेंद्र नेगी, नवीन तंवर पंचायत के प्रधान दिले राम सहित गणमान्य उपस्थित थे।



सीवरेज योजना का शिलान्यास करते विधायक गौड़।

## नरेंद्र शर्मा व मोहित सिंह बने महामंत्री

**बंजार।** बंजार भाजपा मंडल के तहत संगठनात्मक विस्तार करते हुए शनिवार को बंजार भाजपा किसान मोर्चा मंडल के सदस्य व कार्यकारिणी की घोषणा की है। बंजार भाजपा मंडल किसान मोर्चा के नवनियुक्त अध्यक्ष यज्ञा चंद ठाकुर ने किसान मोर्चा के सदस्यों व कार्यकारिणी की घोषणा की है। शीर्ष नेतृत्व के साथ चर्चा करने के बाद बंजार किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को नवीन दायित्व दे देते हुए सूची जारी की है। यह नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू होंगी।
बजौरा क्षेत्र के प्रोहधार से नरेंद्र शर्मा व सैंज घाटी के देहूरीधार से मोहित सिंह को महामंत्री की जिम्मेदारी से नवाजा गया है, जबकि बलौन के केवल राम को वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाया गया है। गड़सा के गंभीर सिंह, शपनील से जय सिंह, धाऊगी से प्रदीप कुमार, पाटन से कली राम, सरची से सुरेंद्र कुमार, दोगाधार से गगन कुमार व मन्याशी से कुलदीप कुमार को उपाध्यक्ष बनाया गया है। टेक राम, कुशाल ठाकुर, जवाहर नेगी, रोशन लाल, तेज राम, याद राम राजू, योगराज शर्मा को सचिव नियुक्त किया गया है।

## निरमंड, बंजार व आनी में खुलेंगी उचित मूल्य की दुकानें

**कुल्लू।** जिला नियंत्रक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले शिव चंद राही ने कहा कि बंजार, आनी व निरमंड विकास खंड की पांच पंचायतों में उचित मूल्य की दुकानें खुलेंगी। उन्होंने बताया कि विकास खंड निरमंड की ग्राम पंचायत बड़ीधार के बड़ीधार, विकास खंड बंजार की ग्राम पंचायत कोठी चेहणी के होरनगाड़, ग्राम पंचायत बनोगी के देहुरी, ग्राम पंचायत धाऊगी के भाटकी थुआरी, विकास खंड आनी की ग्राम पंचायत लगोटी के कोलथा में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत उचित मूल्य की दुकान का पुनराबंटन किया जाना प्रस्तावित है, जिसके लिए निर्धारित प्रपत्र पर 10 फरवरी तक आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए है।

उन्होंने कहा कि प्रथम प्राथमिकता सार्वजनिक संस्था या सार्वजनिक निकायों जैसे ग्राम पंचायत, स्वयं सहायता समूह, सहकारी सभाएं तथा महिलाएं और उनके समूह को दी जाएगी। द्वितीय प्राथमिकता, एकल नारी जैसा कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा निर्धारित किया गया हो, विधवा जो अपने बच्चों का स्वयं पालन पोषण कर रही हो, शारीरिक रूप से अपंग व्यक्ति, जो कि उचित मूल्य की दुकान का कार्य ठीक प्रकार से करने में सक्षम हो, भूतपूर्व सैनिक, शिक्षित बेरोजगार,जिसके परिवार से कोई भी सदस्य नियमित रोजगार में न हो तथा तृतीय प्राथमिकता प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम लिमिटेड को दी जाएंगी। इच्छुक संस्था या व्यक्ति विभागीय पोर्टल पर अपना आवेदन पत्र निर्धारित प्रपत्र पर 10 फरवरी तक समस्त आवश्यक दस्तावेज सहित अपलोड कर सकते हैं। आवेदन पत्र केवल ऑनलाइन माध्यम से ही मान्य होंगे। आवेदन करने के लिए न्यूनतम योग्यता दसवीं पास है।

## पर्यटन कारोबार को पटरी पर ला गया क्रिसमस और नया साल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला कुल्लू की पर्यटन नगरी मनाली में बरसात में उजड़े पर्यटन कारोबार को क्रिसमस और नए साल का जश्न पटरी पर लौटा गया है। जिससे पर्यटन कारोबारियों को राहत मिलती नजर आ रही है।

**कारोबारियों को मिली राहत फलने-फूलने लगा कारोबार**

पिछले दिनों जिन पर्यटन कारोबारियों को बैंक की किश्तें भरने और कर्मचारियों का वेतन देने के लाले पड़ गए थे, उन कारोबारियों का कारोबार अब पटरी पर लौटने लगा है।

गौरतलब है कि कुल्लू मनाली में बरसात के कारण चौपट हुए पर्यटन कारोबार पर क्रिसमस व न्यू ईयर ने मरहम लगाने का काम किया है। नव वर्ष के पहले छह दिन पर्यटन की दृष्टि से बेहतर रहे हैं। छह दिन के भीतर बाहरी राज्यों से साढ़े छह हजार पर्यटक वाहन मनाली पहुंचे हैं, हालांकि क्रिसमस के समय सोशल मीडिया में दर्शाए गए ट्रैफिक जाम के कारण न्यू ईयर काफी हद तक फीका रहा, लेकिन एक से छह जनवरी तक हर रोज एक हजार से ऊपर पर्यटक वाहन मनाली आ रहे हैं।

### अभी भी पचास फीसदी ऑक्यूपेंसी

**पर्यटन** कारोबारी रवि, दीपक, प्रीतम व रोशन ने बताया कि न्यू ईयर के बाद पर्यटन कारोबार कम हुआ है लेकिन अभी भी होटलों में 50 प्रतिशत आक्यूपेंसी चल रही है। उन्होंने बताया कि वह अपने होटलों में पर्यटकों को 40 प्रतिशत की छूट दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि पर्यटन कारोबार के रफ्तार न पकड़ने का मुख्य कारण हिमपात न होना है। हिमपात होते ही पर्यटन कारोबार चरम पर होगा। कोकसर के पर्यटन कारोबारी रतन व विवेक ने बताया कि सपताहांत के चलते शनिवार को पर्यटकों की भीड़ उमड़ी। उन्होंने बताया कि लगभग दो हजार पर्यटक वाहन अटल टनल पार कर लाहुल घाटी में पहुंचे।

**रोष** वेतन न मिलने से खफा बिजली कर्मचारियों का धरना छठे दिन भी जारी

## मांगें नहीं मानीं तो प्रदेश में होगा ब्लैक आउट



सरकार व बोर्ड प्रबंधन के खिलाफ प्रदर्शन करते बिजली कर्मचारी।

**अनंत ज्ञान, आनी**

हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड के कर्मचारियों को छह दिन बीत जाने के बाद भी वेतन न मिलने से खफा विद्युत मंडल आनी के बोर्ड कर्मचारियों का धरना भोजन अवकाश के दौरान जारी रहा। विद्युत संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर विद्युत मंडल आनी के बोर्ड कर्मचारियों, पेंशनधारकों तथा अधिकारियों ने अब तक वेतन व पेंशन न मिलने पर रोष स्वरूप भोजनावकाश के समय में कार्यालय के बाहर सरकार व बोर्ड प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया।

विरोध सभा को संबोधित करते हुए यूनियन के प्रदेश मुख्य संगठन सचिव झाबे राम शर्मा, प्रमोद कुमार शर्मा, तनुज शर्मा, नवल ठाकुर तथा विजय ठाकुर ने कहा कि सरकार व बोर्ड प्रबंध निदेशक डॉ. हरिकेश मीना व चेयरमैन बिजली बोर्ड भरत खेड़ा की कार्यप्रणाली के कुप्रबंधन के परिणाम स्वरूप 52 साल के इतिहास में पहली बार बिजली बोर्ड जैसे कमाऊ विभाग के कर्मचारियों को वेतन नहीं मिला है, जो कि सरकार के लिए भी बड़े शर्म की बात है। उन्होंने सरकार से बोर्ड कर्मचारियों की ओपीएस को शीघ्र बहाल करने और बोर्ड के अस्थायी एमडी हरिकेश मीणा को तुरंत प्रभाव से बाहर करने की जोरदार मांग उठाई है। यूनियन के नेताओं ने कहा कि सरकार ने उनकी मांगों को यदि जल्द न माना तो उनका धरना उग्र रूप धारण करेगा और पूरा प्रदेश जल्द ही ब्लैक आउट होगा।

### कर्मचारियों ने दी उग्र होने की चेतावनी

**कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड ज्वाइंट फ्रंट, जिला कुल्लू के पदाधिकारी और पेंशनर फॉर्म के केएल हंगल, परवेश ठाकुर, राम लाल शरहेली व नोता राम एवं कुल्लू यूनिट की समस्त कार्यकारिणी की उपस्थिति में छह जनवरी को अधीक्षण अभियंता, परिचालन वृत्त कुल्लू के प्रांगण में जोर-शोर के साथ शांतिपूर्ण धरना दिया गया। इस मौके पर कर्मचारी नेताओं ने कहा कि सरकार और बिजली बोर्ड मैनेजमेंट के रवैये को देखकर नहीं लगता है कि धरने को शांतिपूर्वक ही रखा जाए। सरकार एवं मैनेजमेंट बिजली बोर्ड को मजबूर कर रही है कि की इस धरने को उग्र रूप दें और ब्लैकआउट जैसी स्थिति उत्पन्न करें। कर्मचारियों को दिसंबर महीने की पेंशन और वेतन से वंचित रखा गया गया है और न ही पुरानी पेंशन से संबंधित कोई भी नोटिफिकेशन जारी हुई है।




परिचालन वृत्त कुल्लू के प्रांगण में शांतिपूर्ण धरना देते बिजली कर्मी।

## न्यूज ब्रीफ

### बलद्वाड़ा पंचायत की प्रधान निष्कासित

**सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट की बलद्वाड़ा पंचायत की प्रधान ज्ञानो देवी को जिलाधीश मंडी द्वारा उनके पद से निष्कासित कर दिया गया है। ज्ञानो देवी पर आरोप लगाया गया था कि उन्होंने पंचायत प्रधान पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल करती बार इस तथ्य को छुपाया था कि उन्होंने सरकारी भूमि पर अतिक्रमण किया है। ज्ञानो देवी के चुनाव को इस आधार पर एसडीएम सरकाघाट की अदालत में चुनौती दी गई थी और एसडीएम ने उन्हें प्रधान पद के लिए अयोग्य घोषित कर दिया था। एसडीएम के निर्णय को ज्ञानो देवी ने जिलाधीश मंडी की अदालत में अपील कर चुनौती दी थी और जिलाधीश मंडी ने भी एसडीएम के फैसले को सही ठहराया था। ज्ञानो देवी ने प्रदेश उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर जिलाधीश मंडी के फैसले को निरस्त करने की अपील की थी, लेकिन उच्च न्यायालय ने भी जिलाधीश मंडी द्वारा पारित आदेशों को सही ठहराया और ज्ञाने देवी के चुनाव को अवैध ठहराया और उनके चुनाव को अवैध घोषित किया और उन्हें छह वर्षों तक चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया है।

### कटौला स्कूल के छात्रों को पुरस्कृत किया



समारोह के दौरान पाठशाला के अध्यापक व पूर्व मंत्री कौल सिंह ठाकुर।

**मंडी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कटौला में शनिवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्यातिथि के रूप में पूर्व मंत्री कौल सिंह ठाकुर ने शिरकत की और कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य सुभाष कमल ने की। इस दौरान मुख्यातिथि ने शैक्षणिक, खेल व सांस्कृतिक कार्यक्रम व स्कूल की विभिन्न गतिविधियों में अव्वल रहे होनहारों को इनाम बांटे। जिसमें हिमांशु कक्षा नौवीं ने राष्ट्रीय स्तर पर वॉलीबाल प्रतियोगिता के लिए चयनित हुआ था और स्मृति ठाकुर कक्षा बारहवीं की छात्रा ऑल राउंड बेस्ट रहने पर पुरस्कृत किया गया।

### यूको बैंक ने मनाया स्थापना दिवस

**लडभड़ोल।** यूको बैंक शाखा लडभड़ोल द्वारा अपना 82वां स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम से बनाया गया। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक विपिन कुमार ने ग्राहकों को मिठाई बांटकर स्थापना दिवस मनाया। वहीं शाखा को फूल मालाओं के साथ भी सजाया गया और विपिन कुमार द्वारा बैंक द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्राहकों को दी। इस मौके पर बैंक स्टाफ में रजत जम्वाल, मुकेश कुमार, विनता,कुलदीप कुमार, सन्नी मौजूद रहे।

### पंडोह में जेसीबी से बैटरी चोरी

**मंडी।** पंडोह में शैली होटल के समीप राष्ट्रीय उच्च मार्ग के किनारे खड़ी की हुई जेसीबी नंबर एचपी 65 - 6844 की बैटरी चोरी होने की सूचना है। जेसीबी मालिक टेक चंद ने बताया कि चोरी के संबंध में पुलिस चौकी पंडोह में शिकायत की गई है। पंडोह की जनता ने पुलिस विभाग से गुहार लगाई है कि इस पर शीघ्र कारवाई करें ताकि लोग सुरक्षित रहे।

### छात्राओं को सिखाए आत्मरक्षा के गुर

**मंडी।** पंडोह क्षेत्र की ग्राम पंचायत घ्राण के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में छात्राओं का दो दिवसीय आत्मरक्षा शिविर शनिवार को संपन्न हुआ। इस शिविर में छात्राओं को किसी भी अनहोनी घटना के तैयार रहने के गुर सिखाए गए। आत्मरक्षा संस्था जिला की समन्वयक कुमारी संतोष शर्मा व प्रशिक्षक योगेश कुमार ने बताया की इस तरह के शिविरों से छात्राओं को विशेष लाभ पहुंचाना ही हमारा मुख्य उद्देश्य है। विद्यालय की प्रधानाचार्य रेणु शर्मा ने शिविर में प्रशिक्षण लेने वाले बच्चों को आपातकाल में इस विद्या का उपयोग करने की सलाह दी।

### डबरोग में बेकार पोल हटाने की मांग

**सरकाघाट।** पीपल्स वेलफेयर सोसायटी डबरोग का एक प्रतिनिधिमंडल शनिवार को सोसाइटी के प्रधान कृष्ण चंद ठाकुर की अध्यक्षता में डिविजनल इंजीनियर बीएसएनल सरकाघाट से मिला। जिसमें डिविजनल इंजीनियर को अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन दिया। जिसमें मांग की गई की डबरोग,वार्ड नंबर सात में बीएसएनएल के पोल व बहुत सी जगह पर तारे बिखरी पड़ी हैं। यह तारें नैना देवी डबरोग के मंदिर के ऊपर, लोगों के घरों के ऊपर तथा खेतों के ऊपर बिना यूज़ के बिखरी पड़ी हैं। प्रतिनिधिमंडल ने डिविजनल इंजीनियर से मांग की के इस तरह के बीएसएनएल के पोल व तारों को वहां से हटाया जाए। इस प्रतिनिधिमंडल में समिति के प्रधान कृष्ण चंद ठाकुर के अलावा समिति के पैटर्न इन चीफ जीवन लाल शर्मा, योग शिक्षक नेकराम शास्त्री, वरिष्ठ उपप्रधान व मन्दिर कमेटी के प्रधान राजकुमार शर्मा, अधिवक्ता लाल चंद ठाकुर व महासचिव सुरेश कुमार शर्मा शामिल थे।

### डीसी-नगर निगम मेयर को सौंपा ज्ञापन

**मंडी।** नागरिक अधिकार मंच मंडी द्वारा शनिवार को उपायुक्त मंडी अरिंदम चौधरी व नगर निगम के महापौर को शहर की विभिन्न समस्याओं को लेकर मंच को एक ज्ञापन प्रेषित किया। जिसमें मांग की गई कि पंचवक्त्र पुल का निर्माण शीघ्र किया जाए और पुल को दो पहिया वाहन के साथ एंबुलेंस योग्य बनाया जाए, इसके साथ ही पड्डल मैदान में गाड़ियों की पार्किंग व ड्राइविंग टेस्ट बंद किए जाएं, शहर में पार्किंग व्यवस्था बढ़ाई जाए और जिला पुस्तकालय को जल्द स्थानांतरित किया जाए। मंच के महासचिव सुरेश सरवाल ने कहा कि शहर के 15 वार्ड हो गए हैं शहर में सभी घरों को दोबारा से मकान नंबर जारी किए जाएं इसके साथ ही श्मशानघाट में अस्थायी शौचालय का पुनः निर्माण कर स्थायी शौचालय बनाया जाए। उन्होंने आवारा कुत्तों और बेसहारा पशुओं के लिए उचित व्यवस्था की मांग की हैं, इसके साथ ही डुगलीघाट में बन रहे शौचालय को शीघ्र बनाने के साथ बालकरूपी मंदिर के समीप नालियों की मरम्मत शीघ्र करवाने का आग्रह किया हैं। सुरेश सरवाल ने कहा कि उपायुक्त और महापौर को ज्ञापन सौंपा गया और मांग की गई कि शहर की समस्याओं को जल्द से जल्द हल किया जाए ताकि शहर की जनता को आ रही समस्याओं को दूर किया जा सके। इस अवसर पर मंडी नागरिक अधिकार मंच अध्यक्ष हरमीत सिंह बिट्टू, महासचिव सुरेश सरवाल, सरिता हांडा, नरेंद्र कौशल, नरेंद्र सैनी, अजय वैद्य, रमेश गुलेरिया, देवेंद्र कुमार, रेहाना, लीलावती, प्रवीन कुमार इत्यादि ने हिस्सा लिया।

### आस्था अस्पताल में घुटनों का प्रत्यारोपण



सफल ऑपरेशन के बाद डॉक्टरों के साथ 92 वर्षीय ब्रह्मी देवी।

**मंडी।** चक्कर में स्थित आस्था मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल में दयारी गांव की 92 वर्षीय ब्रह्मी देवी के दोनों घुटनों के प्रत्यारोपण का सफल ऑपरेशन किया गया। बता दें कि हिमाचल प्रदेश में अभी तक इतनी वृद्ध महिला का घुटना प्रत्यारोपण का यह पहला केस है। यह महिला लगभग चार वर्षों से चलने में असमर्थ थी और अपनी दिनचर्या के कामों के लिए अपने बच्चों के सहारे ही थी। यह ऑपरेशन डॉक्टर अरुण चंदेल हड्डी रोग विशेषज्ञ और डॉ. राजीव वैद्य एनसथीसिया और सहायक टीम द्वारा किया गया। डिस्चार्ज के समय यह महिला पूरी तरह स्वस्थ होने के साथ अपने पांव पर चलने में भी समर्थ है।

### 'यूथ जोड़ो बूथ जोड़ो' कार्यक्रम पर चर्चा

**मंडी।** हिमाचल प्रदेश युवा कांग्रेस की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक मंडी के सर्किट हाउस में आयोजित की गई। बैठक में विशेष तौर पर राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी विनीत कम्बोज, राष्ट्रीय सचिव एवं सह-प्रभारी योगेश हांडा, प्रदेश अध्यक्ष निगम भंडारी और राष्ट्रीय चुनाव प्रबंधन प्रभारी विकास सिंह मौजूद रहे। इस बैठक का आयोजन जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष तरुण ठाकुर ने किया। बैठक में युवा कांग्रेस के द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों यूथ जोड़ो बूथ जोड़ो, सुपर शक्ति शी और पहला वोट पर विस्तृत चर्चा और विश्लेषण किया गया।प्रदेश अध्यक्ष निगम भंडारी ने आने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारी को तेज करने के निर्देश देते हुए यूथ जोड़ो बूथ जोड़ो मुहिम में और तेजी लाने का आग्रह किया।

# एक दिन में सात बार हाजिरी

## डाइट में हो रहा है अनूठे फरमान का पालन, कर्मचारी हो रहे परेशान

**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी**

यहां के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट में गत लगभग दो सप्ताह से हर कर्मचारी को सात बार हाजिरी दर्ज करनी पड़ रही है। हर कर्मचारी द्वारा यह कार्य दो बार रजिस्टर पर, दो ही बार बायोमीट्रिक मशीन पर जबकि तीन बार एक कागज पर किया जा रहा है।

दूसरी ओर इस संस्थान के अधीन 25 खंड स्रोत केंद्र कार्यालयों में उपस्थिति के लिए बायोमीट्रिक मशीनें तक स्थापित नहीं की गई हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार लगभग दो सप्ताह से इस संस्थान में टीचिंग, नॉन टीचिंग व परियोजनाओं के तहत नियुक्त श्रेणी के हर कर्मचारी द्वारा प्रातः काल संस्थान में पहुंचने पर तीन उपस्थितियां दर्ज की जा रही है। एक उपस्थिति रजिस्टर पर, दूसरी एक कागज पर और तीसरी बायोमीट्रिक मशीन पर अंगूठा लगाकर दर्ज की जा रही है। उसके पश्चात दोपहर के वक्त भी एक उपस्थित कागज पर दर्ज की जाती है जबकि शाम को संस्थान छोड़ने से पहले प्रातः काल की तर्ज पर तीन उपस्थितियां दर्ज की जा रही हैं। यह भी जानकारी मिली है कि कागज पर लगाई जाने वाली तीनों वक्त की उपस्थिति की सूचना शिक्षा निदेशालय को तत्काल मेल पर भेजी जा रही है। ऐसे में संस्थान के कुछ कर्मचारी घुटन महसूस कर रहे हैं, उनका कहना है कि ऐसा तो बंधुआ मजदूरों के साथ भी व्यवहार नहीं होता जबकि वे तो प्रतिष्ठित पदों पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इस संस्थान में लगभग 25 कर्मचारी टीचिंग और लगभग इतने ही नान टीचिंग श्रेणी में शामिल हैं। हैरानीजनक विषय तो यह है कि इसी संस्थान के अधीन फिल्ड में लगभग 25 खंड स्रोत केंद्र कार्यालय स्थापित हैं जहां पर पहले औसतन चार कर्मचारी एक दफ्तर में होते थे।

अब खंड स्रोत समन्वयकों को पदों से हटा देने के बाद भी कनिष्ठ अभियंता, अकाउंटेंट व डाटा एंट्री ऑपरेटर यानि हर कार्यालय में औसतन दो कर्मचारी अब भी कार्यरत हैं। न्यायालय व सरकारी आदेशों के बावजूद इतने संस्थानों में बायोमीट्रिक मशीनें उपस्थिति दर्ज करने के लिए न होना विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल चस्पां हो रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### विभागीय आदेशों का कर रहे पालन



इस बारे में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में कार्यकारी प्रधानाचार्या सरिता शर्मा ने बताया कि विभागीय आदेशों के तहत ही हर कर्मचारी की उपस्थिति रजिस्टर, कागज व बायोमीट्रिक मशीन पर दर्ज की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि खंड स्रोत केंद्र कार्यालयों में भी बायोमीट्रिक उपस्थिति दर्ज करने के लिए शीघ्र ही कार्रवाई की जाएगी।

# गोहर में मनाया जाएगा उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह



बैठक में विचार-विमर्श करते हुए एसडीएम एवं अन्य।

**अनंत ज्ञान, गोहर**

उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन के लिए उपमंडल अधिकारी नागरिक कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। उपमंडल अधिकारी नागरिक लक्ष्मण सिंह कनेट ने बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में एसडीएम ने कहा कि हर वर्ष की भांति उपमंडल स्तर का गणतंत्र दिवस समारोह गोहर स्कूल में मनाया जाएगा। जहां मुख्यातिथि एसडीएम गोहर लक्ष्मण सिंह कनेट द्वारा 11 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा व पुलिस, होमगार्ड, एनसीसी, एनएसएस द्वारा परेड की सलामी दी जाएगी। इसके बाद स्कूली छात्रों, कॉलेज छात्रों, महिला मंडल द्वारा देशभक्ति पर रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। बैठक में एसडीम गोहर ने सभी अधिकारियों को कार्यक्रम की तैयारी को समय रहते पूरा करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर विशेष व्यक्तियों तथा गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम में शामिल बच्चों व प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल कर देश व प्रदेश का नाम रोशन किया है। बैठक में तहसीलदार मित्र देव मोहतल, थाना प्रभारी लाल चंद ठाकुर मौजूद रहे।

# डडौर में प्रशासन ने हटाए फोरलेन किनारे बने ढांचे

**अनंत ज्ञान, नेरचौक**



डडोर स्थित फोरलेन किनारे बने ढांचे हटाने के लिए कार्रवाई करते एसडीएम बल्ह अमर नेगी।

किरतपुर-नेरचौक के किनारे प्रशासन व एनएचएआई द्वारा कुछ ढांचे गिराए गए हैं। प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा ये निर्देश दिए गए हैं कि जिन प्रभावितों को उनके मकानों व अन्य ढांचों का पैसा मिल चुका है और अभी तक ढांचों को हटाया नहीं गया है उन पर कार्रवाई अमल में लाई जाए।

उच्च न्यायालय के इन्ही निर्देशों पर प्रशासन व एनएचएआई द्वारा प्रभावितों को कुछ दिन पहले इन्हें हटाने के आदेश दिए गए थे लेकिन आदेशों के बावजूद ढांचों को उनके मालिकों द्वारा गिराया या हटाया नहीं गया था। इसको लेकर प्रशासन द्वारा सख्ती से कार्रवाई अमल में लाई गई। जिस पर डडौर में दो ढांचों को हटाया गया है।

इस दौरान एसडीएम बल्ह अमर नेगी, एनएचएआई के अधिकारी अमित ठाकुर सहित राजस्व विभाग व एसडीआरएफ की टीम मौके पर मौजूद रही। प्रभावितों का आरोप है कि कंपनी द्वारा चहेतों को लाभ पहुंचाया गया है जबकि कुछ लोगों के साथ भेदभाव किया गया है। हम देश निर्माण के पक्ष में हैं। जो भी विकास हो हम साथ हैं लेकिन हमारे साथ अन्याय हो रहा है।

अमर नेगी, एसडीएम बल्ह ने बताया कि उच्च न्यायालय के निर्देशों के तहत चिन्हित ढांचों को गिराया गया है ताकि फोरलेन का बाकी बचा कार्य पूरा किया जा सके। पहले इन्हें सूचित किया गया था।

### शिक्षण संस्थानों में क्विज 23 को

**मंडी।** मंडी सदर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी सरकारी और निजी शिक्षण संस्थानों में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत 23 जनवरी को क्विज कंपीटिशन का आयोजन किया जाएगा। मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत निर्वाचन विभाग मंडी प्रतियोगिता का आयोजन करेगा। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं एसडीएम सदर ओम कांत ठाकुर ने बताया कि स्वीप कार्यक्रम के तहत प्रतियोगिता होगी। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता का मकसद देश की नई पीढ़ी को अपने देश, लोकतंत्र, चुनाव, निर्वाचन क्षेत्र और उम्मीदवारों के बारे में जानने के लिए जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता के सुव्यवस्थित आयोजन के लिए प्रश्नोत्तरी में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों की सूची 12 जनवरी तक उपमंडल कार्यालय मंडी को भेजने के आदेश सभी स्कूलों को जारी कर दिए गए हैं।

# जयराम ठाकुर के जन्मदिवस पर रक्तदान किया, हलवा भी बांटा

## सेरी मंच पर भाजपा ने मनाया नेता प्रतिपक्ष का जन्मदिन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के जन्मदिन पर रक्तदान करते भाजपा कार्यकर्ता।

ऐतिहासिक सेरी मंच पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर का 59वां जन्मदिवस मंडी भाजपा द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के जन्मदिन पर मंडी और सराज में रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें 59 रक्तदानियों द्वारा रक्तदान करने का लक्ष्य रखा गया था, जबकि 118 ने जिला में स्वेच्छा से रक्तदान किया। इस दौरान मंडी सदर के विधायक अनिल शर्मा भी मौजूद रहे।

उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर को बधाई देते हुए उनकी दीर्घायु की कामना की। अनिल शर्मा ने कहा कि बधाई देने के कई तरीके होते हैं। आज भाजपा के सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने रक्तदान शिविर आयोजित कर उनके जन्मदिवस को मनाया है। इस दौरान लोगों को गजरेला भी बांटा गया। उन्होंने कहा कि जयराम ठाकुर ने प्रदेश में बहुत से विकास कार्य किए हैं और आगे भी प्रदेश व पार्टी को उनके मार्गदर्शन की जरूरत हैं। भाजपा के जिलाध्यक्ष निहाल चंद शर्मा ने भी जयराम ठाकुर को जन्मदिन की बधाई दी। कार्यक्रम के दौरान जयराम ठाकुर पर बनाए गए पहाड़ी गानों और नाटियों पर नाटी डाली। इस दौरान जिला परिषद अध्यक्ष पाल वर्मा, नगर निगम के महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा, उपमहापौर माधुरी कपूर, पार्षद एवं महामंत्री सोमेश उपाध्याय, महामंत्री संजय ठाकुर, जिला परिषद सदस्य प्रियंता शर्मा, सदर मंडलाध्यक्ष मनीष कपूर, जिला मीडिया प्रभारी राकेश वालिया, जिला कार्यालय सचिव रोहित भभोरिया, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष योगेश सहित कई भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।

# जोगिंद्रनगर में मरीजों को फल बांटे

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**



फल बांटने के बाद विधायक प्रकाश राणा के साथ भाजपा कार्यकर्ता।

जोगिंद्रनगर के विधायक प्रकाश राणा ने पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के जन्मदिन पर बधाई दी और कहा कि आज हम सबके लिए एक बहुत ही खास दिन है हमारे पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर का जन्मदिन है। जोगिंद्रनगर मंडल के अध्यक्ष अजय सकलानी, महामंत्री व भाजपा के कार्यकर्ताओं ने जोगिंद्रनगर अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरित किए। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने हिमाचल में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। 2017 से पहले 80 साल के बुजुर्गों को पेंशन का लाभ मिलता था, लेकिन जयराम ठाकुर ने बुजुर्गों की पीड़ा को समझा और बुढ़ापा पेंशन कि आयु 80 वर्ष से 60 वर्ष कर दी। इसी तरह गरीब व्यक्तियों के लिए हेल्थ कार्ड स्कीम के तहत पांच लाख तक का इलाज मुफ्त होता है उन्ही के कार्यकाल में हुआ है। जयराम ठाकुर ने हर क्षेत्र में किसी भी व्यक्ति विशेष के साथ भेदभाव नहीं किया है।

### बगस्याड़ में रक्तदान शिविर आयोजित

**गोहर।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने सिविल अस्पताल बगस्याड़ में नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के 59वें जन्मदिन पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में 68 लोगों ने रक्तदान किया। भाजपा ग्राम केंद्र बगस्याड़ के कार्यकर्ताओं ने इस मौके पर लोगों को हलवा भी बांटा। भाजपा नेता व अधिवक्ता तेजिंदर ठाकुर ने बताया कि शिविर में लोगों ने बढ़चढ़ कर रक्तदान किया। इस मौके पर सिविल अस्पताल बगस्याड़ के डॉ. प्रितिका और डॉ. पवन समेत ब्लड बैंक मंडी की टीम ने भाग लिया। इस अवसर पर ग्राम केंद्र बगस्याड़ के अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा, चमन ठाकुर, दीवान, पवन, रॉकी, नीरज, संजय ठाकुर, ग्राम केंद्र सचिव यशवंत समेत अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।




### काला मोती आर्गेनिक खाद फसलों को उत्तम

**मंडी।** हिमाचल एग्रीकल्चर इनपुट और डाक्टर लिन्फील्ड लेबोरेटरी की काला मोती आर्गेनिक खाद के उपयोग से किसानों और बागवानों को उच्च गुणवत्ता की फसल मिल रही है। खर्चा भी अन्य की अपेक्षा बहुत कम है। काला मोती खाद संपूर्ण केमिकल फ्री खाद है। काला मोती खाद में 17 तरह के मिनरल्स, 14 तरह के माइक्रोब्स, कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, छह तरह के विटामिन, दो तरह की प्रूनिश, छह तरह की सूगर, 21 तरह के अमिनो एसिड, 17 तरह ऑर्गेनिक एसिड, तीन तरह के एंजाइम, बायो एनपीके, माइकरोजा पाए जाते हैं। काला मोती एक ऐसा उत्पाद है जो सक्रिय कार्बन प्रौद्योगिकी पर काम करता है। उत्कृष्ट पोषक उपयोग दक्षता के साथ काला मोती 84 प्रकार के प्राकृतिक पौधों के घटकों सहित सभी पौधों की सामग्रियों का एक संयोजन है। एग्रीकल्चर इनपुट के प्रबंध निदेशक संजय ने बताया कि इस उत्पाद का उपयोग प्रदेश के बागवानी में अग्रणी फल उत्पादक जिलों के प्रगतिशील बागवान उपयोग कर रहे हैं।

# एचएससीए विज्ञान के प्रचार-प्रसार में निभा रही है अग्रणी भूमिका

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

हिम साइंस कांग्रेस एसोसिएशन देश व प्रदेश में विज्ञान के प्रचार प्रसार के लिए वचनबद्ध है और इस क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही है। यह जानकारी एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रो. दीपक पठानिया ने शनिवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टोरखोला में दी।

उन्होंने एसोसिएशन की ओर से कुछ फर्नीचर का सामान स्कूल में विज्ञान की प्रयोगशाला में डोनेट करने के उद्देश्य से स्कूल का दौरा किया। गौरतलब है कि इससे पहले भी एचएससीए ने राजकीय प्राथमिक पाठशाला रेडधार मंडी को गोद लिया था और वहां कुछ मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के साथ-साथ बच्चों को विज्ञान के क्षेत्र में अपना भविष्य चुनने के लिए प्रोत्साहित किया था। प्रदेश की पिछड़ी पंचायत टोरखोला में स्थित शनिवार का कार्यक्रम भी इसी कड़ी का एक हिस्सा था। इस अवसर पर प्रो. पठानिया ने स्कूल के मयूर इको क्लब द्वारा आयोजित सतत विकास कार्यशाला में हरित भविष्य के लिए ऊर्जा प्रबंधन की विभिन्न चुनौतियों पर एक विशेषज्ञ वार्ता की।

एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष डॉ. जगदीप वर्मा भी इस अवसर पर एचएससीए व इसके उद्देश्यों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। इको क्लब के प्रभारी संजीव कुमार ने क्लब के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम विद्यालय के प्राचार्य कुलदीप चंद डोगरा के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित किया गया जो कि स्वयं भी समय-समय पर विद्यार्थियों को पर्यावरण और सेहत से संबंधित विषयों पर जागरूक करते रहते हैं। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने स्कूल परिसर को प्लास्टिक मुक्त बनाने का संकल्प भी लिया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं गैर शिक्षक वर्ग ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### बारिश के लिए ममलेश्वर महादेव से लगाएंगे गुहार

**करसोग।** ठंड के सीजन के दो महीने बीत चुके हैं, लेकिन करसोग में अब तक बारिश का आधा कोटा भी पूरा नहीं हुआ है। खासकर किसानों के लिए जिनके लिए यह स्थिति काफी चिंताजनक है। करसोग में बारिश होने की स्थिति बेहद खराब हो रही है। जिसका असर क्षेत्र की फसलों पर दिख रहा है। जिसके कारण सूखे की स्थिति गंभीर हो रही है। इसके परिणामस्वरूप, किसानों को भी बारिश की कमी का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही करसोग में भी 31 दिसंबर तक बारिश की अपेक्षा कि जा रही है। वहीं शनिवार को श्री ममलेश्वर महादेव के विभिन्न हार के लोग यहां मंदिर पहुंचे और मंदिर कमेटी के गोपाल कृष्ण शर्मा ने बताया कि कल यहां मंदिर में क्षेत्र के विभिन्न हारो के लोग श्री ममलेश्वर महादेव मंदिर में देवता जी से बारिश के लिए गुहार लगाएंगे।

**कार्यक्रम** | वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के दौरान छात्रों ने जमाया रंग

# ट्रिनिटी स्कूल में 'तेरी अंगुली पकड़ के चला...'

**अनंत ज्ञान, गोहर**




ट्रिनिटी पब्लिक स्कूल बासा में आयोजित समारोह के दौरान रंगारंग प्रस्तुति देते छात्र।

ट्रिनिटी पब्लिक स्कूल बासा में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस समारोह में मुख्यातिथि के रूप में चैलचौक पंचायत की प्रधान इंदिरा देवी और विशिष्ट अतिथि के रूप में स्कूल के संस्थापक हंसराज गुप्ता ने शिरकत की। उसके बाद नर्सरी केजी के भार्गवी और नैतिक ने दिल है छोटा सा गीत पर डांस किया।

चैलचौक शाखा के नर्सरी के बच्चों हर्षिता और टीम ने पापा मेरे पापा, चैलचौक शाखा की नैन और ओशीन ने स्टोरी टेलर सुनाई। प्रांजल ने इतनी सी खुशी और ख्याति ने डुग्गी डुग्गी पेश कर धूम मचाई। बच्चों के तेरी अंगुली पकड़ के चला और लिखे जो खत तुझे गीत ने सालाना समारोह में चार चांद लगाए। सातवीं कक्षा के विनय ठाकुर और साथियों ने पापा कहते हैं बड़ा नाम करेगा गीत पर डांस कर वाहवाही लूटी।

बच्चों के बावन गंजका हरियाणवी गीत ने सालाना समारोह में समां बांधे रखा। बच्चों के इंग्लिश डांस ने अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कच्चा बादाम मोबाइल एडिक्शन के प्रति बच्चों ने जागरूक किया। हिमाचल की सैर करवाते हुए बच्चों ने हिमाचली फोक डांस से दर्शक दीर्घा में बैठे दर्शकों को नाचने पर मजबूर कर दिया। कराटे डेमो, मोबाइल स्किट, गरबा, राजस्थानी, गिद्दा और लुड्डी नाटी ने ट्रिनिटी स्कूल के सालाना समारोह को चार चांद लगाए। इस मौके पर मुख्यातिथि और विशिष्ट अतिथि ने शिक्षा, खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में अव्वल छात्रों किंजल, युशांन, दिव्यांशी, पर्व, अनिरुद्ध, ख्याति, राध्या कटोच, एकांश, मयंक, गवेश, लिशानि, यक्षिता, सूर्यांश राणा, आरव राज, अविध, निधि, तेजस, लक्ष्य कुमार, कृतिका चौहान, घनिका कुमारी, कोमल, प्रांजल, आरवी, युक्ति, शानवी, प्रियांश, जीविका कौशल, दीक्षित, रिया, नव, सृष्टि, निवेदिता चौहान, अंकिता, ऋषित गुप्ता, सेजल वर्मा, भूमिका, ओशीन भारद्वाज, निशा, नव्या, ध्रुव, दीपिका, रिदम कुमार, अंशुमान, दक्षित, शांडिल, नैतिक शर्मा, सृष्टि वर्मा, भार्गवी सोनी, यथार्थ गुप्ता और स्नेहा समेत अनेक मेधावी बच्चों को पारितोषिक वितरित किए गए। इस अवसर पर स्कूल प्रधानाचार्य मोनिषा गुप्ता ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी और स्कूल की गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने ऐलान किया है कि अगले शैक्षणिक सत्र से ट्रिनिटी पब्लिक स्कूल में संगीत की कक्षाएं शुरू की जाएंगी। उपप्रधानचार्य डिकपाल शर्मा ने भी स्कूल की उपलब्धियां अभिभावकों के समक्ष बताई। इस अवसर पर स्कूल के एमडी रितेश गुप्ता और धर्मेंद्र शर्मा ने भाग लिया।

# ओपीएस की बहाली, स्थायी प्रबंध निदेशक की नियुक्ति की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

## कर्मचारियों को अपने खून-पसीने की कमाई के लिए भी आंदोलन का सहारा लेना पड़ रहा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बीते दिसंबर माह का वेतन मिलने के बावजूद बिजली बोर्ड के कर्मचारियों ने अब पेंशनर्स की पेंशन के भुगतान के साथ ही ओपीएस की बहाली तथा बोर्ड में स्थायी प्रबंध निदेशक की नियुक्ति की मांग को लेकर अपना प्रदर्शन जारी रखा है।

शनिवार को भी बिजली बोर्ड कर्मचारी यूनियन के बैनर तले कर्मचारियों ने बिलासपुर जिला मुख्यालय स्थित डिविजन ऑफिस के बाहर लंच टाइम में गेट मीटिंग करके प्रदर्शन किया। इस दौरान बोर्ड प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। उन्होंने दोटूक कहा है कि उक्त मांगें पूरी न होने तक लंच टाइम के दौरान विरोध-प्रदर्शन लगातार जारी रहेगा। बिजली बोर्ड कर्मचारी यूनियन की बिलासपुर यूनिट के अध्यक्ष यशवंत चौहान की अगुआई में विरोध-प्रदर्शन करते हुए कर्मचारियों ने कहा कि बोर्ड प्रबंधन के रवैये की वजह से अव्यवस्था पूरी तरह से हावी हो गई है। कर्मचारियों को अपने खून-पसीने की कमाई के लिए भी आंदोलन का सहारा लेना पड़ा। तब कहीं जाकर उन्हें दिसंबर माह का वेतन मिल पाया है, लेकिन पेंशनर्स की झोली अभी भी खाली है। बिजली बोर्ड में कई सालों तक सेवाएं देने के बाद सेवानिवृत्त हुए कर्मचारी जीवन यापन के लिए पेंशन पर ही आश्रित हैं। पेंशन न मिलने के कारण उन्हें भी आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है।


ओपीएस की बहाली, स्थायी प्रबंध निदेशक की नियुक्ति की मांग को लेकर बिलासपुर में प्रदर्शन करते बिजली बोर्ड के कर्मचारी।

### दवाई लेने या इलाज करवाने में मुश्किल

वृद्धावस्था में कई तरह की बीमारियां भी घेरने लगती हैं। पेंशन न मिलने की वजह से पेंशनर्स को दवाई लेना या इलाज करवाना भी मुश्किल हो रहा है। बिजली बोर्ड में ओपीएस की बहाली भी नहीं हो रही है। यह सभी समस्याएं बोर्ड में स्थायी प्रबंध निदेशक की तैनाती नहीं होने के कारण पैदा हो रही हैं। इनके समाधान के लिए स्थायी प्रबंध निदेशक की नियुक्ति तुरंत प्रभाव से की जानी बेहद जरूरी है। पेंशन, ओपीएस बहाली तथा बिजली बोर्ड में स्थायी प्रबंध निदेशक की नियुक्ति की मांग पूरी न होने तक लंच टाइम के दौरान विरोध-प्रदर्शन का सिलसिला जारी रहेगा।

# घुमारवीं में भी किया प्रदर्शन


घुमारवीं स्थित बिजली बोर्ड कार्यालय के प्रांगण में धरना-प्रदर्शन करते कर्मचारी।

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

शनिवार को संयुक्त संघर्ष समिति कर्मचारी संघ एवं पेंशनर्स संघ की घुमारवीं इकाई ने समय पर वेतन और पेंशन न मिलने पर घुमारवीं स्थित बिजली बोर्ड घुमारवीं कार्यालय के प्रांगण में धरना-प्रदर्शन किया। इस मौके पर समय पर वेतन और पेंशन न मिलने पर बिजली बोर्ड के कर्मचारियों और पेंशनर्स ने भारी रोष व्यापक किया।

कर्मचारी संघ के वरिष्ठ उपप्रधान शम्मी खान ने कहा कि वेतन और पेंशन न मिलने से कर्मचारियों की आजीविका पर गहरा असर पड़ा है तथा कर्मचारियों तथा पेंशनरों को रोजी-रोटी के लाले पड़ गए हैं। उन्हें अपनी तथा परिवार के भविष्य की चिंता सताने लगी है। इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जब बिजली बोर्ड के कर्मचारियों को न तो समय पर वेतन मिल रहा है और न ही पेंशन। पेंशनर्स एसोसिएशन के वरिष्ठ उपप्रधान गंगा प्रसाद ने सरकार को चेताया हुए कहा कि उन्होंने बिजली बोर्ड प्रबंधन के खिलाफ भी अपना रोष प्रकट करते हुए प्रबंधन की कार्य प्रणाली पर सवाल खड़े किए। प्रबंधन के ढुलमुल रवैया की वजह से ही कर्मचारियों के साथ-साथ पेंशनर्स भी परेशान हैं। अगर जल्द ही उनके वेतन और पेंशन का भुगतान नहीं किया गया, तो सभी लोग शिमला पहुंचकर सचिवालय तथा बिजली बोर्ड के मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन शुरू करेंगे, जिसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी। पेंशनर्स एसोसिएशन व संयुक्त संघर्ष समिति के प्रधान रामलाल शर्मा ने कहा कि आज छह तारीख तक भी बिजली बोर्ड के कर्मचारियों का वेतन और पेंशनर्स को पेंशन जारी नहीं हो पाई है। बोर्ड वेतन और पेंशन समय पर नहीं दे रहा है ऐसा करके बिजली बोर्ड को आर्थिक रूप से कमजोर दिखाई जाने की साजिश हो रही है।

## पानी की पाइप डालने के लिए सड़क पर पड़ी टाइलों को उखाड़ा

# एक परिवार को फायदा पहुंचाने के लिए खराब कर डाली सड़क

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

नगर परिषद घुमारवीं के तहत वार्ड नंबर-पांच में मिनर्वा स्कूल के पास एक परिवार की ओर से पानी की पाइप तथा सीवरेज पाइप डालने के लिए सड़क पर पड़ी टाइलों को उखाड़ दिया, लेकिन करीब दो सप्ताह का समय बीत जाने के बाद भी इन टाइलों को लगाया नहीं जा सका है न ही सड़क की मरम्मत करवाई गई, जिससे आने-जाने वाले लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है, जबकि इस संपर्क मार्ग से रोजाना हजारों छोटे तथा बड़े स्कूली बच्चों का आना-जाना होता है।



इसके साथ ही यहां पर रह रहे लोगों को भी घर तक सामान पहुंचाने में दिक्कतें पेश रही हैं, लेकिन करीब दो सप्ताह का समय बीत जाने के बावजूद संबंधित परिवार की ओर से इस सड़क की मरम्मत नहीं करवाई गई है। हालांकि नगर परिषद का कहना है कि इस परिवार ने पाइप डालने के लिए नगर परिषद में एक लिखित एफिडेविट दिया था, जिसमें उन्होंने एक या दो दिन में इस कार्य को खत्म करने की बात कही थी। उन्होंने काम करने के बाद सड़क की मरम्मत करने की भी जिम्मेदारी ली थी, लेकिन काम कछुआ चाल से चला हुआ है, जिस कारण लोगों तथा स्कूल आने-जाने वाले बच्चों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों की नगर परिषद से मांग है कि जल्द से जल्द इस सड़क की मरम्मत करवाई जाए क्योंकि उखड़े रास्ते के कारण लोगों को परेशानियां उठानी पड़ रही हैं। लोगों ने इसकी शिकायत स्थानीय पार्षद व नगर परिषद में की गई थी। फिर भी उनकी परेशानियों का कोई समाधान नहीं निकल पाया है। (अनंत ज्ञान)

> मामला ध्यान में आया है लोगों की ओर से शिकायत दी गई है कि पिछले 15 दिनों से सड़क पर कार्य किया जा रहा है, लेकिन आज तक इस कार्य को पूरा नहीं किया गया है, जिस कारण लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। उक्त परिवार को आदेश दे दिया जाएगा कि एक दिन के भीतर इस कार्य को पूरा कर सड़क की मरम्मत की जाए अन्यथा उन पर कार्रवाई की जाएगी।
> **रीता सहगल, अध्यक्ष नगर परिषद घुमारवीं।**

## पूजित अक्षत कलश यात्रा पवित्र तीर्थ स्थल मार्कंडेय पहुंची

**घुमारवीं।** देशभर में चल रही पूजित अक्षत कलश यात्रा पवित्र तीर्थ स्थल मार्कंडेय पहुंची। यहां पर लोगों ने यात्रा का भव्य स्वागत किया और आगे के लिए रवाना किया। इस दौरान लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

सबसे पहले दियोथ से शोभायात्रा मेथी पंचायत, निहारखान वासला होते हुए महात्रृषि मार्कंडेय मंदिर पहुंची। वहां से राम मंदिर अयोध्या से आया महा निमंत्रण अक्षत कलश निहारखान नयना देवी मंदिर, शिव मंदिर दियोथ और शिव मंदिर चरणमोड़ में स्थापित हुआ। इस यात्रा में 25 गाड़ियों में सैकड़ों लोग भजन-कीर्तन करते हुए मार्कंडेय मंदिर पहुंचे। जहां लोगों ने भजन-कीर्तन करने के उपरांत पवित्र स्नान किया। कार्यक्रम संयोजक पवन ठाकुर और सह संयोजक विक्रम ठाकुर ने बताया कि अक्षत कलश सभी मंदिरों में स्थापित हो गया है। अब पंचायत में घर-घर जाकर लोगों को निमंत्रण देने की योजना बन गई है। घर-घर जाकर निमंत्रण देने का काम शुरू हो जाएगा। 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सभी मंदिरों में लाइव प्रसारण किया जाएगा। उस दिन शाम को पूरी पंचायत में महा दिवाली मनाई जाएगी।

# 350 से ज्यादा अव्वल रहे बच्चों को मुख्यातिथि ने नवाजा


वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मौजूद स्टूडेंट्स।

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोठीपुरा में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। समारोह में पूर्व कैबिनेट मंत्री राम लाल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जबकि प्रधानाचार्या निर्मला ठाकुर की अध्यक्षता में समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि ने दीप प्रज्वलित कर किया।

प्रधानाचार्या निर्मला ने मुख्यातिथि को समृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। मंच संचालन स्कूल प्रवक्ता कानन शर्मा की ओर से किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्या ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत कर स्कूल में पिछले एक साल से चल रही गतिविधियों से अवगत करवाया। मुख्यातिथि ने शिक्षा, खेल, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट एंड गाइड व अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी बच्चों को पुरस्कारों से नवाजा।

कार्यक्रम में विभिन्न गतिविधियों में अव्वल रहे लगभग 350 से ज्यादा बच्चों को मुख्यातिथि की ओर से नवाजा गया। इसमें मुख्य रूप से 19 बच्चे दसवीं और 24 बच्चे बारहवीं कक्षा रहे, जिन्होंने प्रदेश भर में स्कूल शिक्षा बोर्ड की मेरिट में स्कूल का नाम रोशन किया।

# कांग्रेस सरकार एक साल में हर स्तर पर हुई फेल: राजेंद्र

**घुमारवीं।** पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग ने प्रदेश सरकार पर आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार एक साल में हर स्तर पर फेल हुई। जहां लोगों को सस्ते राशन के डिपो में एक साथ सारा सामान नहीं मिल रहा, वहीं बिजली बोर्ड के कर्मियों को वेतन के लिए आंदोलन का रास्ता अख्तियार करना पड़ा। उन्होंने कटाक्ष किया है कि कांग्रेस सरकार का यही व्यवस्था परिवर्तन है।

**कहा- कांग्रेस सरकार का यही व्यवस्था परिवर्तन**

यहां जारी ब्यान में पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग ने कहा कि लोगों को सस्ते राशन के डिपो में एक साथ सारा सामान नहीं मिल रहा है। सामान के लिए लोगों को कई-कई चक्कर डिपो में लगाने पड़ रहे हैं। इससे उनके जहां समय पर बर्बाद हो रहा है, वहीं उन्हें आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। लोगों को डिपो के माध्यम से सस्ता राशन उपलब्ध करवाया जाता है, लेकिन आज हालात ऐसे हैं कि डिपो में मिलने वाला सामान महंगा हो गया है। सस्ते राशन डिपो के माध्यम से मिलने वाला सरसों का तेल, चीनी व दालों के दाम बढ़ा दिए हैं। कांग्रेस ने सरकार में आते ही लोगों को राहत देने की बात की थी, परंतु जैसे ही सरकार में आए वैसे ही एक नहीं, बल्कि दो बार पेट्रोल और डीजल पर टैक्स लगाया। जरूरी सामान महंगा कर दिया। सस्ते राशन के डिपो के माध्यम से मिलने वाले राशन के लिए लोगों को कई-कई चक्कर काटने पड़ रहे हैं। जब राज्य में भाजपा की सरकार थी, तब डबल इंजन की सरकार के माध्यम से जरूरी सामान के दाम कम किए गए थे तथा लोगों को भी डिपो के बार-बार चक्कर नहीं काटने पड़ते थे।

# गीतों से जाइका के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी


जाइका के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की जानकारी देते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

कृषि विभाग हिमाचल प्रदेश में फसल विविधीकरण प्रोत्साहन योजना जाइका प्रोजेक्ट में शनिवार को जिला बिलासपुर के कृषि विभाग ने जुखाला के माकड़ी गांव में कृषि व ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जुड़े लोगों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जाइका प्रोजेक्ट के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों व योजनाओं संबंधी जानकारी व जागरूकता प्रदान की गई।

खंड परियोजना प्रबंधक डॉक्टर देवेंद्र संख्यान में जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने स्वयं कृषकों से संवाद कायम करते हुए जाइका परियोजना के संबंध में अनेक जानकारियां साझा कीं। महासंगम थियेटर ग्रुप बिलासपुर ने गीत-संगीत व नाटक के माध्यम से ग्रामीण लोगों को जाइका परियोजना के तहत किए जाने वाले कार्य, जिसमें सिंचाई सुविधा का विकास सोलर फोटोवोल्टिक इकाई कृषि सड़कों का सुंदरीकरण, सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली, ड्रिप अथवा स्प्रिंकलर प्रणाली वह फसल उत्पादकता इत्यादि के बारे में विस्तृत रूप से नाटक के माध्यम से जागरूक किया गया।

# जेजवीं स्कूल में सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जेजवीं में पाठशाला के सड़क सुरक्षा क्लब की ओर से सड़क सुरक्षा एवं जागरूकता के ऊपर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इसमें पाठशाला के छठी से आठवीं कक्षा कनिष्ठ वर्ग नवमीं व दसवीं कक्षा वरिष्ठ वर्ग तथा जमा एक व जमा दो कक्षा वरिष्ठ माध्यमिक वर्ग के 21 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में निर्णायक मंडल की भूमिका प्रमोद कुमार प्रवक्ता राजनीतिक शास्त्र, राकेश गर्ग प्रवक्ता कंप्यूटर साइंस एवं विजय ठाकुर, प्रशिक्षित विज्ञान स्नाातक तथा समय संयोजक की भूमिका दीपराज प्रशिक्षित कला स्नाातक ने निभाई। इस कार्यक्रम में मंच संचालन सतीश शर्मा प्रवक्ता वाणिज्य ने किया। कनिष्ठ वर्ग में प्रथम स्थान अनन्या शर्मा ने, द्वितीय स्थान अक्षज संख्यान ने एवं तृतीय स्थान वंश ने प्राप्त किया। वरिष्ठ वर्ग में अंशिका शर्मा ने प्रथम व शिवानी देवी ने द्वितीय स्थान हासिल किया। वरिष्ठ माध्यमिक वर्ग में अक्षिता कुमारी ने प्रथम, भवानी शर्मा ने द्वितीय एवं तमन्ना शर्मा व आरती देवी ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया।



जेजवीं स्कूल में सड़क सुरक्षा जागरूक कार्यक्रम में मौजूद स्टूडेंट्स व अन्य।

इस आयोजन पर कार्यक्रम संयोजक डॉक्टर संदीप शर्मा ने विस्तार पूर्वक सड़क सुरक्षा व उससे संबंधित नियमों के बारे में विद्यार्थियों को जागरूक किया। पाठशाला के कार्यकारी प्रधानाचार्य अनिल शर्मा ने बच्चों को सड़क सुरक्षा के नियमों की अनुपालन करने व उससे समुदाय को अवगत करवाने के बारे में प्रेरित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विद्यालय के सभी अध्यापकों का पूर्ण सहयोग रहा।

## नयना देवी की वेबसाइट पर ही दें दान

**श्री नयना देवी जी।** उपमंडल अधिकारी श्री नयना देवी धर्मपाल ने जानकारी देते हुए बताया कि माता श्री नयना देवी मंदिर की आधिकारिक वेबसाइट संचालित है। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील करते हुए कहा कि वह केवल इसी आधिकारिक वेबसाइट पर दान अथवा अन्य जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

किसी भी प्रकार के दान अथवा चढ़ने के लिए कोई और वेबसाइट नहीं है और यदि कोई अन्य वेबसाइट के माध्यम से दान या कोई कार्य करता हुआ पाया गया, तो उसके प्रति कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। यदि किसी व्यक्ति विशेष को किसी और वेबसाइट के माध्यम से दान आदि प्राप्त करते हुए किसी को भी सूचना मिले, तो इस संबंध में मंदिर अथॉरिटी को सूचित करें, ताकि उसके प्रति आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जा सके। प्रसाद ऑनलाइन प्राप्त करने संबंधित जानकारी भी शामिल की जा रही है।

# झंडूता के विधायक आज से क्षेत्र में शुरू करेंगे पदयात्रा

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

**भारत संकल्प यात्रा के बाद जीतराम पदयात्रा निकाल रहे**

झंडूता विधानसभा क्षेत्र का चहुंमुखी विकास करवाने के साथ ही लोगों के दुख-सुख में हमेशा उनके साथ खड़े होने वाले झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल अब एक नए कार्यक्रम के माध्यम से बूथ स्तर पर जनता के बीच पहुंचेंगे। विकसित भारत संकल्प यात्रा के बाद जीतराम कटवाल अब पद यात्रा निकालने जा रहे हैं। इसकी शुरुआत रविवार सात जनवरी को हो रही है।

पहले दिन धणी पंचायत के खरली व धनौला ससोटा तथा पपलोआ पंचायत के गाह बूथ पर कार्यक्रम होंगे। इस दौरान लोगों को मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी देने के साथ ही वह लोगों की समस्याएं भी सुनेंगे। झंडूता मंडल भाजपा कार्यालय सचिव हरबंस लाल भभौरिया ने बताया कि झंडूता विधानसभा क्षेत्र में कुल 108 बूथ हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत विधायक जीतराम कटवाल ने इनमें से 42 बूथों पर आयोजित कार्यक्रमों में उपस्थिति दर्ज करवाई थी। बाकी बचे 66 बूथों को अब दूसरे चरण में विकसित भारत संकल्प पद यात्रा के माध्यम से कवर किया जाएगा। इस दौरान लोगों को जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुआई में केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, नीतियों और उपलब्धियों से अवगत करवाया जाएगा, वहीं लोगों की समस्याएं सुनकर उनका समाधान भी किया जाएगा। पहले दिन विधायक धणी पंचायत के खरली व धनौला, ससोटा तथा पपलोआ पंचायत के कार्यक्रमों में भाग लेंगे। कल मलरांव पंचायत के मलरांव तथा कुलज्यार पंचायत के कड़ोह व जंगल, ठठल, चैंता तथा नौ को कोसरियां पंचायत के कोसरियां व बच्छरेटू तथा बड़गांव पंचायत के बुखर बूथ पर कार्यक्रम होंगे।

**आयोजन** डीसी की अध्यक्षता में एससी विकास कार्यक्रम के अंतर्गत किया समीक्षा बैठक का आयोजन

# पूंजीगत कार्यों की प्रगति को प्राथमिकता से पूर्ण करें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक की अध्यक्षता में अनुसूचित जाति विकास कार्यक्रम के अंतर्गत समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षा विभाग, हिप्र. लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग, आयुष विभाग, पशु पालन विभाग व वन विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया।

बैठक में अनुसूचित जाति विकास कार्यक्रम के अंतर्गत पूंजीगत कार्यों की समीक्षा की गई व विभागों को निर्देश दिए गए कि वे कार्यों को पूर्ण करने के लिए आवश्यक गति प्रदान करें तथा जिन पूंजीगत कार्यों की प्रगति 75 प्रतिशत या उससे अधिक है उनको प्राथमिकता पर पूर्ण करें। इसके साथ ही वर्ष 2024-25 के लिए बजट मांग हेतु पूंजीगत कार्यों के प्रस्ताव शीघ्र भेजने के बारे में भी संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए। अध्यक्ष ने सभी सदस्यों को अनुसूचित जाति विकास कार्यक्रम के अंतर्गत चल रहे विकासात्मक कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता जीत सिंह ठाकुर, जल शक्ति विभाग के अधीक्षण अभियंता राहुल दुबे, जिला कल्याण अधिकारी आरसी बंसल, जिला आयुष अधिकारी डॉ. मनीषा गुप्ता तथा लोक निर्माण विभाग व जल शक्ति विभाग के अधिशाषी अभियंता तथा अन्य अधिकारी मौजूद रहे ।


डीसी की अध्यक्षता में अनुसूचित जाति विकास कार्यक्रम के अंतर्गत समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

# बैंक ग्राहकों की सेवा के लिए तत्पर

## यूको बैंक ने बिलासपुर में 82वें स्थापना दिवस पर किया कार्यक्रम का आयोजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

यूको बैंक की मुख्य शाखा बिलासपुर में यूको बैंक के 82वें स्थापना दिवस मनाया, जिसमें मुख्यातिथि के रूप में अतिरिक्त उपायुक्त बिलासपुर, डॉ. निधि पटेल ने दीप प्रज्वलित करके यूको बैंक को स्थापना दिवस पर बधाई दी। बैंक जिले में ग्राहकों की सेवा के लिए तत्पर है।

केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं को जिले में घर-घर तक पहुंचाने में निरंतर प्रयासरत है। बैंक ने जिले में डिपॉजिट और ऋण क्षेत्र में उपलब्धि हासिल की है। इस अवसर पर अग्रणी जिला प्रबंधक अशोक कुमार गुप्ता ने मुख्यातिथि को बताया कि बैंक की स्थापना 06-01-1943 को घनश्याम दास बिरला ने की थी।


यूको बैंक बिलासपुर में 82वें स्थापना दिवस पर मौजूद लोग।

बैंक की ओर से दी जा रही उत्कृष्ट ग्राहक सेवा के बारे में अतिरिक्त उपायुक्त को अवगत करवाया। जिले में बैंक की 14 शाखाएं हैं, जिसके अंतर्गत दो लाख ग्राहकों को सेवा प्रदान की जा रही है। जिले में कुल 1668 करोड़ का डिपॉजिट व लोन राशि ग्राहक सेवा में सम्मिलित है। एक अग्रणी बैंक प्रबंधक कार्यालय तथा वर्ष 2010 से यूको आरएसईटीआई, ग्रामीण स्वरोजगार संस्थान कार्यरत हैं, जिसमें अभी तक लगभग 6000 स्टूडेंट्स को विभिन्न ट्रेड में प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

# धौलासिद्ध प्रोजेक्ट पर मजदूरों का प्रदर्शन

## कहा, समझौते को लागू किया जाए, नहीं तो आंदोलन किया जाएगा तेज

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**



आंदोलन कर रहे मजदूरों के साथ खड़े सीटू के नेता डॉ. कश्मीर सिंह ठाकुर।

धौलासिद्ध में निर्माणाधीन हाइडल प्रोजेक्ट के मजदूरों ने रित्विक कंपनी में कार्यरत मजदूरों ने गेट मीटिंग करके विरोध-प्रदर्शन किया। वे अपनी मांगों पर प्रबंधन की अनदेखी से नाराज थे। उन्होंने एसजेवीएन प्रबंधन के खिलाफ भी जमकर गुब्बार निकाला। मजदूरों की इस रैली को सीटू के राष्ट्रीय सचिव डॉ. कश्मीर सिंह ठाकुर और हिमाचल भवन सड़क निर्माण मजदूर यूनियन के राज्य अध्यक्ष जोगेंद्र कुमार ने भी संबोधित किया।

विरोध-प्रदर्शन करने वाले मजदूरों का कहना था कि हाइडल प्रोजेक्ट में मजदूरों को न्यूनतम वेतन, सेलरी स्लिप, ओवरटाइम, बोनस, आवश्यक सुरक्षा उपकरण, सफाई व पीने के पानी की व्यवस्था तक नहीं दी जा रही। जो भी श्रम कानून के तहत मिलने वाली सुविधाएं हैं, वे भी नहीं दी जा रही हैं। श्रम कानून का धड़ल्ले से मजाक उड़ाया जा रहा है। इससे पहले भी कंपनी में कार्यरत मजदूरों ने संगठित होकर आंदोलन किया था और श्रम कानून के तहत मिलने वाली सुविधाओं जैसे न्यूनतम वेतन, ओवरटाइम, हाजिरी कार्ड, सैलरी स्लिप, बोनस, छुट्टियों के लाभ, पीने के पानी की सुविधा, शैड, जूते (गम बूट) व सेफ्टी किट जैसी मूलभूत सुविधाओं को लेकर संघर्ष किया था।

यूनियन, कंपनी प्रबंधन और केंद्रीय श्रम अधिकारी के साथ चंडीगढ़ में संयुक्त रूप पर समझौता हुआ है, जिसमें कंपनी ने लिखित तौर पर कहा है कि वह श्रम कानून के दायरे में आने वाली सुविधाओं को मजदूरों को दिया जाएगा। बरसात के दौरान जिन लोगों को काम से हटाया गया था। उन्हें कंपनी द्वारा काम पर दोबारा नहीं रखा जा रहा है और जो भी लोग प्रभावित हैं, जिनकी जमीन इस परियोजना में चली गई है। प्रभावित लोगों को भी काम पर नहीं रखा जा रहा है। इससे स्थानीय लोगों में भी रोष व्याप्त है।

कंपनी यहां पर जंगल राज के तहत काम कर रही है और जो मजदूर ठेकेदारों के तहत रखे जा रहे हैं, उनको तो जो कानून के तहत मिलने वाले वेतन के आधे से भी कम वेतन दिया जा रहा है। यह सब ठेकेदारों रित्विक कंपनी प्रबंधन और एसजेवीएन प्रबंधन के अधिकारियों की मिलीभगत के कारण हो रहा है। जहां मैस में एक तरफ कुछ मजदूरों से 2000 रुपए तक काटा जाता है, जबकि कुछ मजदूरों से 4500 रुपए काटा जाता है। सीटू इसका कड़ा विरोध करती है और आज रित्विक कंपनी प्रबंधन के इस मनवाने रवैये के खिलाफ प्रदर्शन में निर्माणाधीन परियोजना में कार्यरत 500 से ज्यादा मजदूरों ने भाग लिया और चेतावनी दी कि अगर मजदूरों को केंद्रीय श्रम अधिकारी मध्यस्थता से हुए समझौते को अगर लागू नहीं किया जाता है तो आंदोलन कड़ा किया जाएगा और कंपनी प्रबंधन नहीं माना तो प्रोजेक्ट में हड़ताल करने से भी मजदूर गुरेज नहीं करेंगे। (अनंत ज्ञान)

### मजदूर निर्णायक लड़ाई के लिए रहें तैयार

**सीटू** के राष्ट्रीय सचिव डॉ. कश्मीर सिंह ठाकुर, सीटू के राज्य अध्यक्ष जोगिंद्र कुमार, रंजन शर्मा, परियोजना इकाई के अध्यक्ष नवीन ठाकुर ने भी संबोधित किया। उन्होंने आह्वान किया कि मजदूर आने वाले समय में निर्णायक लड़ाई के लिए तैयार रहें, क्योंकि मजदूर अपनी मेहनत, खून-पसीने की कमाई को यूं लूटने नहीं देंगे। जल्द ही हड़ताल करके लड़ाई तेज करेंगे।

# उपराष्ट्रपति की पत्नी सुजानपुर के आंगनबाड़ी केंद्र में पहुंची



उपराष्ट्रपति की पत्नी सुदेश धनखड़ आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों व अन्य के साथ।

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की पत्नी सुदेश धनखड़ सुजानपुर के दाड़ला पंचायत की मिहाड़पुर आंगनबाड़ी केंद्र पहुंची। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ अपनी पत्नी के साथ हमीरपुर के एनआईटी में एक कार्यक्रम में पहुंचे थे। उसके बाद उनकी पत्नी विशेष रूप से सुजानपुर के दाड़ला पंचायत की आंगनबाड़ी केंद्र में पहुंची। उन्होंने इस अवसर पर बच्चों के साथ संवाद भी किया और आंगनबाड़ी केंद्र को सराहा।

सीडीपीओ कुलदीप सिंह चौहान ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचकर उन्होंने आंगनबाड़ी के भवन को सराहा। इस अवसर पर प्रशासन द्वारा उन्हें आंगनबाड़ी कांसेप्ट के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। अवसर पर उन्होंने बच्चों को गिफ्ट दिए। इस अवसर पर उन्हें लोकल मशरूम, रागी के लड्डू, शीरा आदि भी भेंट किए गए।

उपराष्ट्रपति की पत्नी ने शिव धाम का दीदार भी किया। स्थानीय प्रशासन की ओर से उनका स्वागत किया गया तथा उन्हें चार धाम की एक फोटो भेंट की गई।

# डीएवी में क्षमता संवर्धन पर हुई कार्यशाला

**हमीरपुर।** डीएवी में चल रही कार्यशाला में नौ डीएवी स्कूलों के लगभग 200 शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यशालाओं का संचालन अंग्रेजी, हिंदी, सामाजिक विज्ञान, गणित, विज्ञान जैसे विभिन्न विषयों में मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा किया गया। कार्यशाला विशेष रूप से नई शिक्षा नीति की शुरूआत को ध्यान में रखते हुए आयोजित की गई थी। दो दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम के पहले ग्रुप में प्राइमरी क्लास, दूसरे में तीसरी से आठवीं और तीसरे ग्रुप में आठवीं से 10वीं कक्षा के अध्यापक शामिल थे। अध्यापकों ने अपने-अपने विषय के एक्सपर्ट के साथ संवाद किया। उन्होंने बताया कि भविष्य में भी ऐसे प्रोग्राम जारी रहेंगे जिनका फायदा शिक्षकों के जरिए स्टूडेंट्स को ही मिलेगा।

# ट्राई कोर्डमा फफूंद नाशकों का अच्छा विकल्प

**अनंत ज्ञान, रंगस**



बकारटी गांव में आयोजित शिविर में जानकारियां देते विशेषज्ञ।

औद्योनिकी एवं वानिकी कॉलेज नेरी द्वारा उद्यान विभाग हमीरपुर के सहयोग से बकराटी गांव में फसल उत्पादन के लिए ट्राई कोर्डमा के उपयोग पर एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। नेरी कॉलेज के डीन डॉ. कमल शर्मा ने समय पर इस प्रकार की प्रशिक्षण आयोजित करने पर बल दिया। शिविर में आधारभूत विज्ञान विभाग की प्रमुख डॉ. राज सैनी एवं सहायक प्राध्यापक डॉ. रिचा शर्मा ने किसानों को जानकारी देते हुए बताया कि ट्राई कोर्डमा एकमात्र फफूंद है, जो कि पौधों के रोगों के लिए जैव नियंत्रण का कार्य करता है। इसे जैविक व एकीकृत खेती में उपयोग करके किसान अपनी फसलों से भरपूर लाभ कमा सकते हैं।

उन्होंने बताया कि ट्राई कोर्डमा का उपयोग इस क्षेत्र के किसानों तक अभी तक अपनी पहुंच नहीं बन पाया है, जबकि ट्राई कोड में रासायनिक कीटनाशकों एवं फफूंद नाशकों का अच्छा विकल्प है, जो कि मृदा स्वास्थ्य एवं मृदा उर्वरतता के लिए भी बहुत लाभदायक है। शिविर में बकारटी गांव के करीब 27 किसान मौजूद थे।

## मदर प्राइड स्कूल में फुटबॉल प्रतियोगिता शिविर सात से

**बड़ा।** उपमंडल नादौन के मदर प्राइड पब्लिक स्कूल मलोटी (बड़ा) में हिमाचल की अंडर-14 फुटबॉल टीम का सात दिवसीय अभ्यास शिविर शुरू होगा। इस अभ्यास शिविर में हिमाचल के 18 खिलाड़ी भाग लेंगे। डीएफए के जिला प्रधान प्रदीप सिंह ने बताया कि सात जनवरी से शुरू होने वाले इस अभ्यास शिविर में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का चयन गत दिवस सुजानपुर में हुई स्टेट चैंपियनशिप में किया गया था, जिसमें हिमाचल की टीम के लिए 18 फुटबाल खिलाड़ियों का चयन किया गया था। 17 से 21 जनवरी तक रांची (झारखंड) में शुरू होने वाली अंडर-14 फुटबॉल नेशनल प्रतियोगिता में यह टीम हिमाचल का प्रतिनिधित्व करेगी।

# डीएवी भड़ोली में शिक्षकों ने सीखे दक्षता के गुर



दक्षता निर्माण कार्यशाला में शिक्षक मुख्यातिथि के साथ सामूहिक चित्र में।

**अनंत ज्ञान, नादौन**

डीएवी भडोली स्कूल में ईईडीपी शिक्षकों के लिए दो दिवसीय दक्षता निर्माण कार्यशाला के सामान्य सत्र में प्रिंसीपल सुरजीत कुमार राणा ने अध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बच्चों में अपने विषय के प्रति रुचि बढ़ाना है और उनकी समस्याओं को दूर करना था।

शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिए हरसंभव प्रयास करके समय के साथ बदलते परिवेश में शिक्षा में बदलाव लाने की परम आवश्यकता है। इस कार्यशाला का समापन एआरओ एचपी जोन-डी वीके यादव प्रिंसिपल पालमपुर, ट्रेनिंग को-ऑर्डिनेटर एंड क्लस्टर हेड के दिशा-निर्देश में किया गया। इस कार्यशाला में प्रिंसिपल वागनी एमआर राणा, प्रिंसिपल विपिन जिटशू उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### बॉक्सिंग में आलमपुर की खुशी ने जीता गोल्ड

**सुजानपुर।** हरियाणा के करनाल में खेली गई अंडर-17 लड़कियों की राष्ट्रीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप में हिमाचल के आलमपुर की खुशी धीमान ने गोल्ड मेडल और सेजल मेहरा ने कांस्य पदक जीत कर अपने इलाके का नाम रोशन किया। यह चैंपियनशिप चार से आठ जनवरी तक खेली जा रही है। खुशी धीमान ने गोल्ड मेडल जीतने का पूरा श्रेय अपने माता-पिता के साथ अपने कोच स्वरूप सिपहिया और डीपीई अवनीश कुमार को दिया। खुशी धीमान के पिता भी एक एथलीट हैं।



बॉक्सिंग में मैडल जीतने वाली लड़कियां

### बारिश न होने से किसान परेशान

**हमीरपुर।** हमीरपुर जिले के किसान बारिश न होने से खासे परेशान हैं, क्योंकि खेतों में गेहूं की फसल बिना पानी के सूखना शुरू हो गई है। अगर समय पर बारिश नहीं हुई, तो किसानों को इस बार काफी नुकसान झेलना पड़ेगा। किसानों ने नवंबर माह से गेहूं की बिजाई कर रखी है, लेकिन जनवरी माह तक बारिश न होने से किसानों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। बिना बारिश के किसानों की फसलें अब मुर्झाना शुरू हो गई है। फसलों की रही-सही कसर को जंगली जानवर पूरा कर रहे हैं। इसके अलावा लावारिश पशु भी किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाने में लगे हुए हैं। कृषि विभाग की मानें तो एक-दो हफ्ते के तक अगर बारिश नहीं होती है, तो जिला की करीब 25 फीसदी गेहूं फसल खेतों में नष्ट हो जाएगी। यही वजह है कि हमीरपुर जिला के किसान धीरे-धीरे खेतीबाड़ी से मुंह मोड़ रहे हैं। खेतों में खराब हो रही गेहूं फसल को देखकर किसानों के चेहरे भी काफी मायूस हैं। वहीं कृषि विभाग हमीरपुर के उपनिदेशक सुरेश कुमार धीमान का कहना है कि गेहूं फसल को इस समय बारिश की सख्त जरूरत है। अगर जल्द बारिश नहीं हुई, तो किसानों को काफी नुकसान झेलना पड़ सकता है।

### बनोह में पहुंची अक्षत कलश यात्रा

**नादौन।** नादौन के बलोह गांव में स्थानीय लोगों द्वारा घर-घर जाकर अयोध्या से आए पूजित अक्षत वितरित किए गए एवं अयोध्या जाने का निमंत्रण दिया गया। प्रभु रामलल्ला की प्राण प्रतिष्ठा एवं महा निमंत्रण अभियान के अंतर्गत अयोध्या से पूजित अक्षत कलश बलोह गांव पहुंचा, जिसका गांव वासियों ने पूर्ण श्रद्धा के साथ स्वागत किया। महिलाओं ने भजन संध्या का आयोजन किया एवं प्रभु राम का गुणगान किया गया। इस अवसर पर विकास, अनुज, सुमित, विनय, संजीव, अंजना, सुनीता, चंचला, रंजना, शीला, मोना व नैनसी आदि उपस्थित रहे।

### सेरा स्कूल के स्टूडेंट्स ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**धनेटा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सेरा के 12वीं कक्षा के 33 स्टूडेंट्स ने चामुंडा मंदिर, गोपालपुर, सौरव वन विहार में एकदिवसीय शैक्षणिक भ्रमण किया। मुख्याध्यापक बीएल कौशल ने बताया कि इस प्रकार के भ्रमण से जहां बच्चों का चहुमुखी विकास होता है, वहीं बच्चे ज्ञानवर्धक बातें सीखते हैं।

### कराटे बेल्ट ग्रेडिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**बड़ा।** उपमंडल नादौन के एसडीएम पब्लिक स्कूल बड़ा में संजू मार्शल आर्ट के सौजन्य से कराटे बेल्ट ग्रेडिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में नदौन ब्लॉक के छह निजी स्कूलों के 130 बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

### बेटियां बेटों से कम नहीं : डॉ. गौतम

**नादौन।** राजकीय उत्कृष्ट कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नादौन में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाया गया। समारोह में हिमाचल के मुख्यमंत्री के सीईओ डॉ. गोपाल गौतम ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जबकि ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कैप्टन पृथ्वी चंद बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। इस अवसर पर कमल कम्मी, रीना देवी, डिंपल कटोच, रमेश कुमार, नानक चंद, एसएमसी प्रधान रिंकू शर्मा, संतोष संधू, नरेंद्र सोनी, बलदेव चौधरी, सरदारी लाल, प्रधानाचार्य दिले मोहम्मद, एमडी अशोक शर्मा, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य सतीश शर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। डॉ. गौतम ने छात्राओं को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई देते हुए कहा कि आज बेटियों का युग है और बेटियां हर कार्य में बेटों से कम नहीं हैं। सरकार के द्वारा भी बेटियों के लिए लगातार उत्तम कार्य किया जा रहे हैं।

### यूको बैंक की रंगस शाखा ने मनाया स्थापना दिवस

**रंगस।** यूको बैंक का 82वां स्थापना दिवस रंगस स्थित बैंक शाखा में धूमधाम से मनाया गया। शाखा प्रबंधक विजय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में स्वतंत्रता सेनानी की पत्नी कैलाशो देवी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने इस अवसर पर केक काटा व बैंक कर्मियों को स्थापना दिवस की बधाई दी। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को शाखा प्रबंधक द्वारा बधाई देते हुए बैंक द्वारा चलाई जा रही जनहितैषी योजनाओं की जानकारियां भी दीं। कार्यक्रम में उपशाखा प्रबंधक ललित बड़ोगा, अतर चंद, अमित कुमार, अदाम्य,पूर्व बैंक मैनेजर ओम प्रकाश धीमान सहित कई लोग भी मौजूद थे।



कैलाशो देवी बैंक कर्मचारियों के साथ केक काटती हुई।

### व्यापारी संदीप राणा के पिता का निधन

**बड़ा।** उपमंडल नादौन के कस्बा बड़ा के प्रतिष्ठित व्यापारी संदीप राणा के पिता राम शरण राणा के निधन पर मुख्यमंत्री सुक्खू, प्रदेश मीडिया को-ऑर्डिनेटर यशपाल शर्मा, कांग्रेस के पूर्व मंडलाध्यक्ष डॉ. मोहन लाल कौंडल, प्रवीण चौधरी, राजेश कुमार, कुलदीप पटियाल, अशोक कुमार, प्रदीप सिंह आदि ने गहरा शोक प्रकट किया और स्वर्गीय राणा के परिवार को इस गहरे सदमे से उभरने की प्रार्थना की हैं। वहीं कस्बा बड़ा के समस्त व्यापारियों ने भी संदीप राणा के पिता के निधन पर शोक प्रकट किया।

## हैप्पी बर्थडे



गांव चलसाई (बिझड़ी) के हर्षित शर्मा को जन्मदिन पर अनंत ज्ञान परिवार की ओर से ढेरों शुभकामनाएं।

## प्रवेश ठाकुर बने ईको टूरिज्म कमेटी के सदस्य

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश ईको टूरिज्म कमेटी का सदस्य बनाने पर प्रवेश ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुक्खू और सुनील शर्मा बिट्टू, विधायक सुरेश कुमार को अपनी नियुक्ति के लिए आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया और कहा कि मुख्यमंत्री ने जो जिम्मेदारी मुझे दी है उसे में पूरी ईमानदारी से निभाऊंगा।



# 'जागो-जागो रे' मतदाता गीत गाकर किया जागरूक



जागो-जागो रे मतदान गीत गाकर मतदान के लिए जागरूक करते बच्चे।

**अनंत ज्ञान, भरेड़ी**

भोरंज उपमंडल के अधीन आने वाली राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भुक्कड़ में स्वीप के तहत जागो-जागो रे मतदाता गीत से अधिक मतदान करके लोकतंत्र को मजबूज बनाने के आह्वान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य देशराज कमल ने की तथा बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान करना केवल अधिकार ही नहीं बल्कि हर व्यक्ति का नैतिक कर्तव्य भी है क्योंकि मतदान भारतीय लोकतंत्र की आधारशीला है। उन्होने कहा कि मतदान नागरिकों को अपनी रॉय व्यक्त करने और नेताओं को चुनने की शक्ति देता है जो उनके विचारों से मेल खाते हैं।

उन्होंने कहा कि मतदान परिवर्तन लाने और यह सुनिश्चित करने की उपकरण है कि सरकार लोगों की इच्छा को प्रतिबिंबत करें। उन्होंने बच्चों को समझाते हुए कहा कि 18 वर्ष के आयु वाले युवाओं को समय पर वोट बनाकर मतदान प्रणाली को मजबूती प्रदान करके लिए मतदान करना चाहिए।

इस दौरान दसवीं कक्षा की लड़कियों सेजल, शबनम, वंशिका, ईशा प्रसाद, पायल, प्रिया, मन्नत अक्षरा ने जागो-जागो रे मतदाता गीत गाकर मतदान के लिए जागरूक किया। इस दौरान चुनावी साक्षरता क्लब के सदस्य बलदेव सिंह, प्रीतम चंद, पवन रांगड़ा, राकेश कुमार व अन्य अध्यापक उपस्थित रहे।

## महारल स्कूल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह

**बिझड़ी।** विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने कहा है कि आजादी के बाद देश और प्रदेश में कांग्रेस की सरकारों ने सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य मूलभूत सुविधाओं के प्रावधान के साथ-साथ साइंस एंड टेक्नोलॉजी को बढ़ावा देकर आधुनिक भारत की नींव रखी थी। भारत का यह विकास कुछ चंद वर्षों में नहीं, बल्कि पूर्व की कांग्रेस सरकारों की दूरदर्शी नीतियों के कारण संभव हुआ है। लखनपाल शनिवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला महारल के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत कर रहे थे।

इस अवसर पर विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई देते हुए लखनपाल ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में एक नई सोच के साथ कार्य कर रही है। इसी कड़ी में प्रदेश के सरकारी स्कूलों में प्राइमरी स्तर से इंग्लिश मीडियम आरंभ किया जा रहा है। शिक्षकों के सैकड़ों पदों को भरने की प्रक्रिया आरंभ की गई है।

# बच्चों की हर गतिविधि पर नजर रखे मां-बाप : राणा



विधायक राजेंद्र राणा के साथ जंदडू स्कूल के शिक्षक व बच्चे।

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

सुजानपुर विधायक राजेंद्र राणा ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जंदडू के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए वार्षिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्टूडेंट्स को पुरस्कृत किया। प्रधानाचार्य विजय कुमार सहित तमाम स्टाफ सदस्यों ने मुख्यातिथि का स्वागत किया।

विधायक ने कहा कि बच्चों की हर गतिविधि पर अभिभावक पूरी नजर रखें। अध्यापक उन्हें शिक्षित कर रहे हैं, लेकिन घर पर वह क्या करते हैं इस बात की पूरी जानकारी परिजनों को होनी चाहिए। आपके बच्चे किसके साथ घूमते हैं उनकी संगत किन के साथ है वह कहां पर जा रहे हैं तमाम बातों की जानकारी लेना अभिभावकों का प्रथम कर्तव्य होना चाहिए। वर्तमान में जिस तरह से नशा लगातार बढ़ रहा है ऐसे में परिजनों को अपने बच्चों का पूरा ख्याल रखना होगा। अध्यापक अपना कर्तव्य निभा रहे हैं। परिजन भी अपना पूरा कर्तव्य निभाएं।

उन्होंने छात्र-छात्राओं से आह्वान किया कि कोई ऐसा गलत कार्य न करें जिससे उनकी उनके परिजनों और उनके अध्यापकों की बदनामी हो। इस मौके पर विधायक ने स्कूल को अपनी तरफ से 11000 रुपए भेंट किए।

## सिविल अस्पताल बड़सर को मिले दो विशेषज्ञ डॉक्टर

**बिझड़ी।** सिविल हॉस्पिटल बड़सर में विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति होने पर लोगों में खुशी की लहर है। पिछले दो वर्षों से यहां पर कोई भी विशेषज्ञ डॉक्टर नहीं था, जिसकी वजह से मरीजों को निजी चिकित्सालय यह फिर मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में जाना पड़ रहा था, जिस कारण मरीज को आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा था। वर्तमान में सिविल अस्पताल बड़सर में छह पद एमबीबीएस के भरे हुए हैं, लेकिन अब विशेषज्ञ डॉक्टर के आने से लोगों को बहुत राहत मिल रही है। बड़सर विधानसभा क्षेत्र की 52 पंचायत को अब विशेषज्ञ डॉक्टर का लाभ मिलने से उनकी मेडिसिन और स्क्रीन बीमारियों का समाधान सिविल अस्पताल बड़सर में ही मिल जाएगा। इसके अतिरिक्त बड़सर के लोगों ने विधायक आईडी लखनपाल से मांग की है कि यहां पर स्त्री रोग और रेडियोलॉजिस्ट विशेषज्ञ डॉक्टरों के पदों को भी शीघ्र भरा जाए। बीमार लोगों के अभिभावकों का यह भी कहना है अगर मुख्यमंत्री के गृह जिला में ही चिकित्सकों की भारी कमी चल रही है तो फिर ऐसे में प्रदेश के अन्य जिलों का या हाल होगा?

उधर, बड़सर के बीएमओ बृजेश कुमार ने कहा कि सिविल हॉस्पिटल बड़सर में दो विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति हो गई है, इससे क्षेत्र की 52 के करीब ग्राम पंचायत के लोगों को भीतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी।

**संघर्ष** बोर्ड प्रबंधन के निर्णय से बिजली बोर्ड के पेंशनर्स की भावनाओं को पहुंची ठेस

# बिजली बोर्ड कर्मचारियों का चौथे दिन भी प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, नादौन**





बिजली बोर्ड के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन करते कर्मचारी व इंजीनियर।

हिमाचल प्रदेश विद्युत बोर्ड के कर्मचारियों व पेंशनर्स का संयुक्त रूप से ज्वाइंट फ्रंट ऑफ इंप्लाइज एंड इंजीनियर के आह्वान पर चौथे दिन भी मंडलीय कार्यालय गगाल परिसर में धरना-प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड कर्मचारी यूनियन के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कुलदीप सिंह खरवाड़ा, नादौन इकाई के अध्यक्ष नितिश भारद्वाज, राज्य सहसचिव पंकज परमार, जिला संगठन सचिव राकेश चौधरी, वरिष्ठ उपप्रधान आशीष शर्मा, यूनिट सचिव रजत कौंडल, पेंशन फोरम इकाई नादौन के ई. लाल चंद परमार व अध्यक्ष राजकुमार चौधरी, सचिव विधि चंद सनौरिया ने प्रदर्शन को संबोधित करते हुए विद्युत बोर्ड के प्रबंधक वर्ग के रवैये की तीखी आलोचना की। सभी वक्ताओं ने संयुक्त रूप से बिजली बोर्ड के प्रबंध निदेशक हरिकेश मीणा को बोर्ड से बाहर करने की मांग करते हुए किसी सक्षम अधिकारी की अतिशीघ्र नियुक्ति करने की मांग की। उन्होंने सभी कर्मचारियों व पेंशनर्स से आह्वान किया कि जब तक कार्यवाहक प्रबंध निदेशक हरिकेश मीणा को बिजली बोर्ड से नहीं हटाया जाता, पुरानी पेंशन बहाल नहीं की जाती और पेंशनर्स व कर्मचारियों को नियमित रूप से उचित समय पर पेंशन व वेतन की अदायगी की व्यवस्था नहीं कर दी जाती तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा।

कुलदीप सिंह ने कहा कि बिजली बोर्ड के प्रबंधक वर्ग ने कर्मचारियों व पेंशनर्स की एकता को खंडित करने के इरादे से आज सैलरी देने का निर्णय कर दिया, जबकि पेंशन की अदायगी बारे कोई निर्णय नहीं लिया गया। उन्होंने मुख्यमंत्री से कहा कि बोर्ड प्रबंधन के निर्णय से बिजली बोर्ड के 29 हजार पेंशनर्स की भावनाओं को ठेस पहुंची है।

# सातवें सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ कर 623 .2 अरब डॉलर पर पहुंचा

**एजेंसी, मुंबई/नई दिल्ली**

लगातार सातवें सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार में इजाफा हुआ है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 29 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में 2.760 अरब डॉलर बढ़ कर 623.20 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। इससे पिछले हफ्ते देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 4.471 अरब डॉलर बढ़ कर 620.441 अरब डॉलर रहा था।

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक 29 दिसंबर को समाप्त हफ्ते में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.760 अरब डॉलर बढ़ कर 623.20 अरब डॉलर रहा है। विदेशी मुद्रा भंडार लगातार सातवें हफ्ते उछल कर 22 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है।

आंकड़ों के मुताबिक इस दौरान विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक



विदेशी मुद्रा आस्तियां 1.87 अरब डॉलर बढ़ कर 551.61 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह स्वर्ण भंडार का मूल्य 85.3 करोड़ डॉलर उछल कर 48.33 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) भी 3.8 करोड़ डॉलर बढ़ कर 18.36 अरब डॉलर हो गया है। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास रखा देश का मुद्रा भंडार इस अवधि में 20 लाख डॉलर घटकर 4.89 अरब डॉलर रहा है।

## अच्छी गुणवत्ता पर समझौता नहीं किया जा सकता : पीयूष गोयल

# भारत को मानकों का अग्रणी होना चाहिए

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत को मानकों का अग्रणी होना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए सरकार अन्य उत्पादों को भी अनिवार्य गुणवत्ता मानकों के दायरे में लेकर आएगी। गोयल ने कहा कि अच्छी गुणवत्ता पर समझौता नहीं किया जा सकता।

पीयूष गोयल ने शनिवार को भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के 77वें स्थापना दिवस को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि उत्पादों और सेवाओं में उच्च गुणवत्ता मानकों का अनुपालन करने से भारत को ऊंचा लक्ष्य पाने और एक



नई दिल्ली में शनिवार को भारतीय मानक ब्यूरो के 77वें स्थापना दिवस को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संबोधित करते हुए पीयूष गोयल

विकसित राष्ट्र बनने में मदद मिलेगी। गोयल ने कहा कि इस दिशा में बीआईएस को गुणवत्ता मानकों का दूत बनना चाहिए। इसे केवल मानकों को अपनाने वाला नहीं बनना चाहिए, बल्कि मानकों का अगुवा भी बनना चाहिए। पीयूष गोयल ने कहा कि मानकों को जहां भी संभव हो अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुकूल बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि उदाहरण के लिए लिफ्ट या एयर फिल्टर या चिकित्सा आइटम हो सकता है। अभी तक 672 उत्पादों को दायरे में लाने वाले 156 गुणवत्ता नियंत्रण आदेश (क्यूसीओ) जारी किए जा चुके हैं जबकि 2014 से पहले सिर्फ 106 उत्पादों को दायरे में लाने वाले 14 क्यूसीओ ही मौजूद थे।

## सोना साढ़े 62 हजार पर आया, चांदी में दो हजार से ज्यादा की गिरावट

**नई दिल्ली।** इस हफ्ते सोने-चांदी के दामों में गिरावट देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के अनुसार, सर्राफा बाजार में इस हफ्ते



की शुरुआत, यानी एक जनवरी को सोना 63,302 रुपए पर था, जो अब यानी छह जनवरी 62,540 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। यानी इस हफ्ते इसकी कीमत 762 रुपए कम हुई है।

वहीं, चांदी की कीमत में दो हजार रुपए से ज्यादा की गिरावट आई। इस हफ्ते चांदी में दो हजार रुपए से ज्यादा की गिरावट देखने को मिली है। इस हफ्ते की शुरुआत में ये 73,624 रुपए पर थी, जो अब 71,550 रुपए प्रति किलोग्राम पर आ गई है।

# बीएसएफ ने सीमा से तीन किलो हेरोइन बरामद की

**एजेंसी, चंडीगढ़**

सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने सीमावर्ती क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन चलाकर तीन किलो से अधिक हेरोइन बरामद की है। यह हेरोइन पाकिस्तान की ओर से ड्रोन की मदद से भारतीय सीमा में गिराई गई थी। इस बैग पर फुटबाल खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो की तस्वीर लगी हुई है, जिसके चलते बीएसएफ और पंजाब पुलिस की जांच नए एंगल से होगी।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार-शनिवार की मध्यरात्रि अमृतसर के सीमावर्ती गांव दाओके में सर्च ऑपरेशन के दौरान तीन किलो 210 ग्राम हेरोइन बरामद की गई है। यह हेरोइन उस बैग से बरामद हुई, जिसमें फुटबाल प्लेयर क्रिस्टियानो रोनाल्डो की फोटो लगा रखी थी।



बीएसएफ को हेरोइन एक पीले टेप के साथ बंधी हुई मिली। इसके साथ ही बीएसएफ को दो मोबाइल फोन और एक पैंट भी बरामद हुई है। बैग में डालकर यह सारा कुछ फेंका गया था।

बीएसएफ प्रवक्ता के अनुसार, वर्ष 2023 में कुल 107 ड्रोन, 442.395 किलो हेरोइन पकड़ी गई थी। पाकिस्तानी तस्कर इन दिनों सीमावर्ती क्षेत्रों में पड़ रहे कोहरे का लाभ उठाकर इस तरह की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं।

## वर्ल्ड न्यूज

### सोनीपत में पुलिस ने गाड़ी से बरामद किए 86 लाख

**सोनीपत।** सोनीपत पुलिस ने भिगान टोल पर नाकाबंदी के दौरान एक गाड़ी से 86 लाख रुपए की नगदी बरामद की है। शनिवार को पूर्वी सोनीपत के पुलिस उपायुक्त गौरव राजपुरोहित ने बताया कि पकड़ी गई गाड़ी में जांच के दौरान पूछने पर चालक साहिल हरिगढ भोरख जिला कुरुक्षेत्र के रुप में अपनी पहचान बताई है। शक होने पर कार की चैकिंग की गयी तो गाडी से 86 लाख रुपए नगद बरामद हुए। चालक नगदी व व गाड़ी की मलकियत बारे कोई दस्तावेज पेश नहीं कर पाया। बरामद नगदी व कार को कब्जे में लेकर अगली कार्रवाई शुरू कर दी गई है।



### जम्मू-कश्मीर में ट्रक नदी में गिरा तीन लोगों की मौत, एक घायल

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में शनिवार को एक सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि यह घटना रियासी जिले के जीरो मोड़ गोट्टा में हुई। ट्रक के चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और वह नदी में जा गिरा। पुलिस ने कहा कि हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि एक अन्य घायल हो गया। मृतकों की पहचान माहौर के जाहिद अहमद (27), उनकी पत्नी सायरा अख्तर (26) और उनके तीन महीने के बच्चे के रूप में हुई है।

### संतों को दिया श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का न्योता

**झज्जर।** विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों की टीम ने शनिवार को जिले के चार प्रमुख संतों से मिलकर भव्य श्रीराम जन्म भूमि मंदिर अयोध्या में श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम का न्योता दिया। जिन संतों को निमंत्रण दिया गया उनमें वेदांत आश्रम परनाला से महामंडलेश्वर स्वामी देवेंद्रा नंद गिरी, झज्जर नगर खेड़ा मंदिर के स्वामी परमानंद गिरी, छुड़ानी धाम के स्वामी ब्रह्मस्वरूप और विश्व के परिषद के पुराने कार्यकर्ता रमेश सैनी शामिल हैं। बता दें कि स्वामी देवेंद्रानंद ने कार सेवा के लिए झज्जर जिला से गए रामभक्तों की अगुआई की थी।

### अब बालक के जन्म पर भी मिलेगी महालक्ष्मी किट : रेखा आर्या

**देहरादून।** महिला एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने शनिवार को बताया कि गत दिनों दिनों मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में महालक्ष्मी किट को लेकर एक अहम निर्णय लिया गया। मंत्री आर्या ने बताया कि इसमें लिए गए निर्णय के अनुसार जो महालक्ष्मी किट सिर्फ बेटियों के जन्म पर दी जाती थी, उसे अब बेटों के जन्म (प्रथम दो प्रसव ) पर भी दिया जाएगा। ऐसे में अब महालक्ष्मी किट बेटी और बेटे दोनों के जन्म पर प्राप्त होगी।

### चीन का केंद्रीय बैंक आर्थिक विकास और बाजार खोलने के लिए प्रतिबद्ध

**बीजिंग।** पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना ने देश की आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने और विदेशी निवेशकों के लिए अपने वित्तीय बाजारों को और खोलने के उद्देश्य से कई उपाय किए हैं। हाल ही में एक घोषणा में बैंक ने विवेकपूर्ण मौद्रिक नीतियों के साथ स्थायी सामाजिक वित्तपोषण विकास को बढ़ावा देने के माध्यम से स्थिर आर्थिक विस्तार बनाए रखने की अपनी प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। केंद्रीय बैंक ने एक बेहतर क्रेडिट संरचना के महत्व को रेखांकित किया है जो तकनीकी नवाचार का समर्थन करता है और चीन के व्यापक पर्यावरणीय लक्ष्यों के अनुरूप कार्बन उत्सर्जन को कम करने में योगदान देता है।

## पीओके के वन क्षेत्र में लगी आग बॉर्डर तक फैली

**जम्मू।** पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के एक वन क्षेत्र में लगी आग भारतीय सीमा तक फैल गई है और आग की आड़ में घुसपैठ की किसी भी कोशिश को विफल करने के लिए सुरक्षाबल अलर्ट पर हैं। यह जानकारी अधिकारियों ने शनिवार को दी। उन्होंने बताया कि आग जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के पास वन क्षेत्र तक फैल गई है।



**घुसपैठ की आशंका के चलते सुरक्षाबल अलर्ट**

यह आग शुक्रवार देर रात पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर में भड़की और मेंढर उपजिला के बालाकोट सेक्टर तक फैल गई है। उन्होंने कहा कि भीषण आग को देखते हुए नियंत्रण रेखा पर अलर्ट जारी कर दिया गया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि आग की आड़ में आतंकवादियों द्वारा घुसपैठ की कोई कोशिश न हो। अधिकारियों ने बताया कि नियंत्रण रेखा की रक्षा कर रहे सेना के जवान आग बुझाने का प्रयास कर रहे हैं।

# उत्तराखंड में बनेगा दुनिया का सबसे बड़ा गुरुकुलम

## केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हरिद्वार में किया शिलान्यास

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हरिद्वार**

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को गुरुकुल के संस्थापक स्वामी दर्शनानंद महाराज की जयंती के अवसर पर पतंजलि योपगीठ के गुरुकुलम का शिलान्यास किया।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उत्तराखंड के हरिद्वार में स्वामी दर्शनानंद गुरुकुल महाविद्यालय में 'गुरुकुलम एवं आचार्यकुलम' के शिलान्यास समारोह में पट्टिका का अनावरण किया। करीब 500 करोड़ रुपए की लागत से बन कर तैयार होने वाले विश्व के



इस सबसे बड़े गुरुकुलम के शिलान्यास से पहले वैदिक रीति-रिवाज से पूजा-पाठ हुआ। इसमें योग गुरु बाबा रामदेव के साथ उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी शामिल हुए। बाबा रामदेव के मुताबिक, स्वामी दर्शनानंद ने 118 साल पहले तीन बीघा जमीन, तीन ब्रह्मचारी और तीन चवन्नियों के साथ गुरुकुल की शुरुआत की थी।

उन्हीं के नाम पर गुरुकुल का मान स्वामी दर्शनानंद गुरुकुल महाविद्यालय रखा गया है।

### तीन बड़ी परियोजनाओं की योजना

**स्वामी** रामदेव का कहना है कि यहां तीन बड़ी परियोजनाएं संचालित होंगी। पहला लगभग 250 करोड़ की लागत से तैयार होने वाला 7 मंजिला भव्य पतंजलि गुरुकुलम होगा। इस गुरुकुल में लगभग 1500 छात्रों के लिए रहने की व्यवस्था होगी। इसके अतिरिक्त यहां लगभग 250 करोड़ की लागत से आचार्यकुलम की शाखा स्थापित की जाएगी, जिसमें लगभग पांच हजार बच्चे डे-बोर्डिंग का लाभ ले सकेंगे। इसके साथ ही यहां महर्षि दयानंद अतिथि भवन बनाने की भी योजना है।

### पांच भाषाओं में पढ़ेंगे बच्चे

**बाबा** रामदेव का कहना है कि यहां आधुनिक शिक्षा और श्रेष्ठतम प्राच्य विद्या दोनों का संगम होगा। बच्चों को वैश्विक स्तर पर कीर्तिमान हासिल करने में मदद के लिए उन्हें हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत से लेकर विश्व की पांच भाषाओं में शिक्षा दी जाएगी।

## मोहाली के जंगल में चल रहा था मदरसा, बाल आयोग की टीम ने मारा छापा

**चंडीगढ़।** राष्ट्रीय बाल अधिकार आयोग की टीम ने पंजाब के मोहाली में बड़ी कार्रवाई करते हुए जंगल में एक मदरसा चलता पकड़ा है। बताया जा रहा है कि यहां पढ़ने वाले बच्चे डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक या वकील नहीं बनना चाहते। वे यहां मुफ्ती बनने के लिए पढ़ने आ रहे हैं। राष्ट्रीय बाल अधिकार आयोग द्वारा इस संबंध में पंजाब सरकार को नोटिस जारी करके रिपोर्ट मांग ली गई है।





आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो के अनुसार मदरसे में पढ़ाने वाला मौलाना खुद पांचवीं पास है। हरियाणा के नूंह से गरीब मुस्लिम बच्चों को लाकर इस कड़ाके की ठंड में खुले जंगल में अस्थायी टिन शेड में रखकर औरंगजेब के जमाने की दीनी तालीम दी जा रही है। यहां पढ़ाने वाले मौलाना ने बताया कि कनाडा जाने के इच्छुक लोग वीजा लगने बाद यहां दरगाह पर पहुंचते हैं। वह यहां जूते दान करते हैं। इस मामले में आयोग ने पंजाब पुलिस को तुरंत कार्रवाई के आदेश जारी कर दिए हैं। इसके बाद पुलिस ने सभी बच्चों के बयान दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी है।

## 12 साल से फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने जालंधर से किया काबू

**देहरादून।** थाना राजपुर में दर्ज हत्या व डकैती के मामले में न्यायालय से जमानत लेने के उपरांत विगत 12 वर्षों से फरार चल रहे अजय पुत्र भारत भूषण निवासी गांव नगरा निकट रेलवे फाटक बिजलिपला, थाना बिलगा, जालंधर से गिरफ्तार किया गया है।

आरोपी की गिरफ्तारी के लिए न्यायालय से गैर जमानती वारंट जारी हुए थे, परंतु पुलिस द्वारा आरोपी के संभावित ठिकानों में दी गई दबिशो के उपरांत भी आरोपी अपनी गिरफ्तारी से बचते हुए लगातार फरार चल रहा था। पुलिस को आरोपित के जालंधर में छिपे होने की जानकारी प्राप्त हुई। आरोपित के साथी कुलविंदर



के जालंधर निवासी संजीव नाम के व्यक्ति की पत्नी के साथ अवैध संबंध थे, जिसके चलते अजय अपने चार अन्य साथियों के साथ संजीव को लेकर देहरादून आया और राजपुर क्षेत्रान्तर्गत मसूरी रोड पर पुरकुल जाने वाले रास्ते में उसकी हत्या कर शव को झाड़ियों में फेंक दिया। मृतक संजीव की इनोवा कार को लूट कर मौके से फरार हो गए थे।

# सुजानपुर में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाना सरकार का लक्ष्य

**अनंत ज्ञान, शाहपुरकंडी**

आम आदमी पार्टी के जिला प्रधान एवं पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित सिंह मंटू ने अपने निवास चकमाधो सिंह स्थित पार्टी के कार्यालय में जिले में पड़ते विभिन्न गांव से आए लोगों की समस्याओं को सुना। उन्होंने मौके पर संबंधित विभागों के अधिकारियों को फोन पर दिशा निर्देश देकर उनका समाधान किया। इस मौके पर मंटू ने कहा कि पंजाब सरकार की ओर से दिल्ली की तर्ज पर मोहल्ला क्लीनिक खोलकर लोगों को सुविधा प्रदान की गई है। इसके अलावा मुख्यमंत्री भगवंत मान की ओर से लोगों को मुफ्त तीर्थ यात्रा करवाई जा रही है तथा धार ब्लॉक में लोगों के पीने की



आम आदमी पार्टी के जिला प्रधान ने लोगों की समस्याएं सुनते हुए

पानी की समस्या के संबंध में संबंधित अधिकारियों को सख्त दिशा निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि सुजानपुर में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट एवं पठानकोट सुजानपुर रोड पर फ्लाईओवर की समस्या का समाधान करवाना सरकार का मुख्य लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनावों में पंजाब में पार्टी सभी लोकसभा सीटों पर विजय प्राप्त करेगी। इस मौके पर आम आदमी पार्टी के ब्लॉक प्रधान नरेश कुमार, गुरनाम सिंह, पूरन सिंह, मानसिंह, कृपाल सिंह, करण गुलरिया, दीप मेहरा, संजू गुप्ता सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## चंडीगढ़ में स्टडी वीजा के नाम पर युवक से की ठगी

**एजेंसी, मोहाली**

**लोन का लालच देकर बनाया शिकार, पुलिस जांच में जुटी**

स्टडी वीजा के लिए लोन दिलवाने का झांसा देकर मोटी रकम ऐंठने के मामलों में सेक्टर-17 डी स्थित बीबी काउंसिल के संचालकों के खिलाफ सात लाख 540 रुपए की ठगी का मामला सामने आया है।

पंजाब के कपूरथला के सुल्तानपुर लोधी के अमरीक सिंह खिंडा ने चंडीगढ़ की एसएसपी को लिखित शिकायत दी है। पुलिस ने मामला कर जांच शुरू कर दी है। अमरीक सिंह बताया कि ठगों ने उनके बेटे अमनप्रीत सिंह को स्टडी वीजा पर कनाडा भेजने के नाम पर यह रकम ठगी। शिकायतकर्ता ने अपना घर तक बेच दिया और किराए के मकान में आ गए। सोशल मीडिया के जरिए वह बीबी काउंसिल के संपर्क में आए।

पुलिस के मुताबिक बीबी काउंसिल के संचालकों के खिलाफ लगभग चार एफआईआर दर्ज हैं और 20 के लगभग शिकायतें आ चुकी हैं, जिनमें 70 से 80 लाख रुपए तक की ठगी हुई है।

## रानी का तालाब में बेसहारा पशु बने परेशानी

**अनंत ज्ञान, शाहपुरकंडी**

शाहपुरकंडी पठानकोट रोड पर पड़ते गांव रानी का तालाब स्थित कृष्णा एनक्लेव में बेसहारा पशुओं एवं आवारा कुत्तों के कारण वहां रहने वाले लोगों को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

आवारा सांड लोगों के घरों के बाहर खड़े रहते हैं, जिसके चलते लोग घर से बाहर आने



कृष्णा एनक्लेव में घूमते बेसहारा पशु।

जाने से डरते हैं। लोगों का कहना है कि कई बार यह पशु एवं कुत्ते लोगों के लिए दुर्घटना का कारण बन चुके हैं। इस संबंध में नवीन शर्मा, कुसुम सेन, कुलदीप राज शर्मा, अनिल शर्मा, नंदकिशोर शर्मा, जोगिंद्र सिंह, दर्शन बाबा आदि ने प्रशासन से मांग की है कि प्रशासन इन आवारा कुत्तों एवं बेसहारा पशुओं का कोई ठोस समाधान करे।

पशु छोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए ताकि लोगों को राहत मिल सके।

## सरकार ने दवा निर्माण के नए मानक तय किए

**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य मंत्रालय ने फार्मास्युटिकल कंपनियों के लिए नई गाइडलाइंस की नोटिफिकेशन जारी की है। जिसके तहत कंपनियां अगर किसी ड्रग को वापस बुलाती हैं, तो उन्हें लाइसेंसिंग अथॉरिटी को इसकी जानकारी देनी होगी। इसके अलावा अब दवा कंपनियों को अपने सभी प्रोडक्ट्स के डिफेक्ट, खराब गुणवत्ता या गलत प्रोडक्शन के बारे में भी बताना होगा। साथ ही दवाओं की टेस्टिंग डब्ल्यूएचओ और अन्य ग्लोबल स्टैंडर्ड के मुताबिक करनी होगी। सरकार ने 28 दिसंबर को एक नोटिफिकेशन जारी करके कंपनियों को यह निर्देश दिया है। हालांकि मीडिया में यह जानकारी 5 जनवरी को आई।

## दंपती ने बहु बेटे पर लगाए गंभीर आरोप

**एजेंसी, कठुआ**

शहर के पुलिस स्टेशन में गत दिनों पुलिस कर्मियों के साथ एक महिला द्वारा की जा रही बहसबाजी और फिर महिला द्वारा अपने सास ससुर पर लगाए गए आरोपों के बाद सास ससुर ने भी चुप्पी तोड़ी है।

कठुआ में आयोजित पत्रकारवार्ताको संबोधित करते हुए सास शमा गुप्ता और ससुर अनिल गुप्ता ने अपने बेटे और बहु से खुद ही जान को खतरा बताया है।

पत्रकारों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि दो दिसंबर की रात को जब वे अपने घर आए तो वहां पहले से ही उनका बेटा अर्नव महाजन और बहु पायल शर्मा मौजूद थी। जिन्होंने बिना किसी बात के ही उनके साथ गाली गलौज की और मारपीट करते हुए उन्हें घर से बाहर धकेल दिया। उन्होंने कहा कि मामले की शिकायत करने वे पुलिस स्टेशन पहुंचे ही थे कि पीछे से उनका बेटा और बहु भी वहां आ गए। उन्होंने कहा कि उनका बेटा और बहु दोनों ही उन्हें जान से मरवाने और पुलिस में मामले दर्ज करवाने की धमकियां देते हैं।

## अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेष :** आज का दिन आर्थिक दृष्टि से उत्तम होगा। धन, यश और कीर्ति में वृद्धि होगी। शासन सत्ता का सहयोग रहेगा। पारिवारिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आर्थिक मामलों में वृद्धि होगी।

**वृषभ :** पारिवारिक दायित्व की पूर्ति होगी। जीवनसाथी का सहयोग एवं सान्निध्य मिलेगा। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद रहेगी। शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**मिथुन :** ससुराल पक्ष का सहयोग रहेगा। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद हो सकता है। वाहन चलाते समय सावधानी रखें। उच्च अधिकारी का सहयोग मिलेगा। संबंध प्रगाढ़ होंगे।

**कर्क :** किसी रिश्तेदार के कारण तनाव मिलेगा। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद रहेगी। संबंधों में निकटता आएगी, लेकिन मधुमेह के रोगी स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**सिंह:** आज आपको ससुराल पक्ष की ओर से सहयोग मिलेगा। रचनात्मक प्रयास फलीभूत होंगे। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा।

**कन्या :** गृह कार्य में व्यस्त हो सकते हैं। चल या अचल संपत्ति में वृद्धि होगी। पारिवारिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आर्थिक मामलों में प्रगति होगी। संबंध प्रगाढ़ होंगे।

**तुला :** व्यावसायिक प्रयास फलीभूत होगा। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग रहेगा। पारिवारिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आर्थिक मामलों में प्रगति होगी।

**वृश्चिक:** किसी कार्य के संपन्न होने से आपके प्रभाव में वृद्धि होगी, लेकिन क्रोध और भावुकता में नियंत्रण रखें। पारिवारिक समस्या आ सकती है।

**धनु:** आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। जीवनसाथी का सहयोग और सानिध्य मिलेगा। उपहार या सम्मान में वृद्धि होगी। शासन सत्ता का सहयोग रहेगा। यात्रा पर जाने की संभावना है।

**मकर :** गृह उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। जीवनसाथी का सहयोग और सानिध्य मिलेगा। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद होगी। शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में प्रगति होगी।

**कुंभ :** आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। गृह उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। उपहार या सम्मान में वृद्धि होगी। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। उच्च अधिकारी का सहयोग मिलेगा।

**मीन :** आज रिश्तों में मधुरता आएगी। पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। रचनात्मक प्रयास फलीभूत होंगे। व्यावसायिक मामलों में प्रगति होगी।

## आज का पंचांग

(7 जनवरी, 2024)

**विक्रमी संवत :** 2080, **शक संवत** :1945 (शोभकृत), **मास :** पौष, **शुभ मुहूर्त:** अभीजित 12:05 -12:48 दोपहर तक, **तिथि :** एकादशी 00:08 रात्रि, **नक्षत्र :** विशाखा 10:08 रात्रि, **पक्ष :** कृष्ण, **राहुकाल :** 04:21-05:39 दोपहर तक।

**विशेष दिन**

07 जनवरी 2024 : सफला एकादशी व्रत आज।

सूर्योदय : 07 :15
सूर्यास्त : 05 :39

**सियायत** | दुनिया में बज रहा पीएम मोदी का डंका, चीन के अखबार ने भी की तारीफ

# पंचकूला में जेपी नड्डा का डेढ़ किलोमीटर रोड शो

**एजेंसी, पंचकूला**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पंचकूला में करीब डेढ़ किलोमीटर का रोड शो निकालकर लोकसभा चुनाव का बिगुल फूंक दिया है। रोड शो टैंक चौंक से बेलाविस्टा चौक तक निकाला गया।

रोड शो के बाद उन्होंने लोगों को संबोधित किया और नरेंद्र मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनवाई। जेपी नड्डा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी ने भारत की राजनीति-संस्कृति को बदल दिया है। भारत की राजनीति में जात-पात, पहाड़ी



इलाका-मैदानी इलाका देश को विभाजित करने वाली राजनीति चलती आई, वोट बैंक की राजनीति चलती रही लेकिन अब ये राजनीति नहीं चलती। उन्होंने कहा कि अगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को नया राजनीतिक संदेश सबका साथ सबका विश्वास का संदेश दिया है। उनका दुनिया में डंका बज रहा है। नरेंद्र मोदी ने भारत को पिछले दस साल में जितना मजबूत किया है वह स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाने वाला है। नरेंद्र मोदी ने देश को मजबूत किया है। जेपी नड्डा ने कहा कि दुनिया का कोई भी ऐसा बड़ा नेता नहीं है जिसने नरेंद्र मोदी की प्रशंसा न कि हो। आज गांव गरीब वंचित पीड़ित शोषित आदिवासी अनुसूचित महिला सबको नरेंद्र मोदी ने ताकत दी है।

जेपी नड्डा ने कहा कि कल चीन का बड़ा अखबार ग्लोबल टाइम्स लिखता है कि देखने वाली बात है कि भारत तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। ग्लोबल टाइम्स में लिखा है कि भारत पहले बैलेंस करता था कोई नाराज हो दूसरा नाराज ना हो, लेकिन आज भारत एलाइनमेंट सेट कर रहा है।

## आज जम्मू में लोकसभा चुनाव की रणनीति पर करेंगे चर्चा

**जम्मू।** भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा जम्मू-कश्मीर के लिए पार्टी की लोकसभा चुनाव रणनीति पर चर्चा करने और उसे अंतिम रूप देने के सिलसिले में रविवार को एक दिवसीय दौरे पर यहां पहुंचेंगे। एक नेता ने यह जानकारी दी। नड्डा जम्मू में ऐतिहासिक रघुनाथ मंदिर के दर्शन से अपने दौरे की शुरुआत करेंगे। इसके बाद वह यहां पार्टी मुख्यालय में भाजपा की जम्मू-कश्मीर इकाई के अध्यक्ष रविंदर रैना के नेतृत्व में वरिष्ठ सदस्यों की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और केंद्र शासित प्रदेश के प्रभारी तरुण चुघ भी जम्मू-कश्मीर के दोनों संसद सदस्यों-केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह और जुगल किशोर शर्मा के साथ बैठक में भाग लेंगे। सिंह और शर्मा क्रमशः उधमपुर और जम्मू लोकसभा सीट से दो बार चुनाव जीत चुके हैं। नेता ने कहा कि बैठक में हाल ही में नड्डा और गृह मंत्री अमित शाह को सौंपी गई आंतरिक सर्वेक्षण रिपोर्ट के आधार पर लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी के उम्मीदवारों को अंतिम रूप दिए जाने की संभावना है।

### बिल्डिंग वर्क्स, ओपीडी-आईपीडी-इमरजेंसी ब्लॉक और हॉस्टल का निर्माण जारी, लैंड लेबलिंग पांच फीसदी बाकी

# ऊना का पीजीआई सैटेलाइट सेंटर एक साल में होगा कंप्लीट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

ऊना के मलाहत में करोड़ों से बन रहे पीजीआई सैटेलाइट सेंटर के निर्माण कार्य ने रफ्तार पकड़ी है। ओपीडी ब्लॉक, आईपीडी ब्लॉक, इमरजेंसी, हॉस्टल और रेजिडेंशियल क्वाट्र्स इत्यादि बनाए जा रहे हैं, जिनका निर्माण कार्य अभी शुरुआती स्टेज में है।

इसके लिए हाइट्स के इंजीनियरों की देखरेख में सभी बिल्डिंग का तेजी से काम चल रहा है। फिलवक्त 13 फीसदी निर्माण कार्य पूरा हुआ है। सैटेलाइट सेंटर का लैंड लेबलिंग का लगभग 95 फीसदी काम पूरा हो चुका है। शेष पांच फीसदी का काम जारी है। पूरे प्रोजेक्ट पर लगभग 303 करोड़ की लागत आएगी। वहीं, ओपीडी ब्लॉक को जून माह से पहले पूरा किया जाना है। इसके लिए कुछ माह पहले डीसी राघव शर्मा ने संबंधित कंपनी के अधिकारियों को साइट का विजिट कर निर्देश दिए थे। वहीं, केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने भी कुछ माह पहले एक बैठक में कंपनी के अधिकारियों को बिल्डिंग वर्क्स में तेजी लाने और ओपीडी ब्लॉक को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए थे। हाइट्स के अधिकारियों की मानें तो इस सेंटर के बिल्डिंग वर्क्स को 31 जनवरी, 2025 तक पूरा कर लिया जाएगा।

बताते चलें कि तीन जून, 2017 को तत्कालीन केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ऊना दौरे पर आए थे। इस दौरान भाजपा नेताओं की मांग पर उन्होंने ऊना में पीजीआई सैटेलाइट सेंटर बनाने का ऐलान किया था। इसके बाद प्रदेश सरकार ने भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू की। फिर 402 कनाल भूमि पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसिस चंडीगढ़ को हस्तांतरित की गई।

मिट्टी की फिलिंग करते हुए।





फाउंडेशन बेस के काम में जुटे मजदूर।



साइट पर पड़ा मैटेरियल।

## 2019 में हुआ था शिलान्यास

**सात** मार्च, 2019 को औपचारिकताएं पूरी होने के बाद जगत प्रकाश नड्डा ने तत्कालीन मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर की मौजूदगी में मलाहत में पीजाआई सैटेलाइट सेंटर की आधारशिला रखी थी। बाद में सैटेलाइट सेंटर की साइट के चारों तरफ बाउंडरी वाल लगाने तथा एप्रोच रोड बनाने का कार्य आरंभ हुआ, जो अब पूरा हो चुका है।

## तीन ट्यूबबेल स्थापित

**प्रदेश** सरकार सैटेलाइट सेंटर के लिए सड़क, बिजली व पेयजल की सुविधा मुहैया करवाएगी। इस सेंटर की साइट तक सड़क निर्माण पूरा हो चुका है। पीने के पानी की व्यवस्था के लिए जल शक्ति विभाग ने लगभग 48 लाख से तीन ट्यूबवेल स्थापित किए हैं। इन ट्यूबवेलों से सैटेलाइट सेंटर को रोजाना लगभग 10 लाख लीटर पानी की आपूर्ति होगी। इसके अलावा सैटेलाइट सेंटर की साइट पर चारों तरफ से बाउंडरी वाल लगाई जा चुकी है। अब सेंटर में बिल्डिंग वर्क्स जारी है।

## एक साथ छह बिल्डिंग का हो रहा है निर्माण

**हाइट्स** के चीफ प्रोजेक्ट मैनेजर सिविल अश्विनी कौल ने कहा कि सैटेलाइट सेंटर का बिल्डिंग वर्क्स एक साल में पूरा कर लिया जाएगा। अभी सैटेलाइट सेंटर की छह बिल्डिंग का कंस्ट्रक्शन वर्क युद्धस्तर पर जारी है। उन्होंने कहा कि लैंड लैबलिंग और मिट्टी फिलिंग का अधिकतर काम पूरा हो चुका है। शेष कार्य को जल्द मुकम्मल कर लिया जाएगा।

## 300 बेड की है सुविधा

**सैटेलाइट** सेंटर में लगभग 300 बेड की सुविधा होगी, जिससे ऊना, हमीरपुर, कांगड़ा और पंजाब के साथ लगते जिलों की जनता को फायदा होगा। इस सेंटर में लगभग 125 स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स तैनात किए जाएंगे। ओपीडी में 125 और आईपीडी में 875 का स्टाफ रहेगा। इसमें इंटरनल मेडिसन, सर्जरी, गायनी, ईएनटी, पैडीट्रिक्स, डेंटल, रेडियोलोजी और रेडियो थेरेपी समेत विभिन्न बीमारियों के इलाज की सुविधा होगी। सैटेलाइट सेंटर में ऑपरेशन थियेटर, आईसीयू, एमआरआई व सिटी स्कैन जैसी सुविधाएं उपलब्ध होगी। सेंटर को पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीटयूट ऑफ मेडिकल साइंसिस चंडीगढ़ द्वारा संचालित किया जाएगा।

## हर हाथ अनंत ज्ञान



बंगाणा में अनंत ज्ञान समाचार पत्र का अवलोकन करते हुए पाठक आशीष उपमन्यु।

## न्यूज ब्रीफ

### दोबड़ के विजय ने दान की व्हीलचेयर

**बंगाणा।** जिला ऊना उपमंडल बंगाणा क्षेत्र की दोबड़ पंचायत के दोबड़ गांव से संबंध रखने वाले विजय कुमार बैंस ने अपने पिता प्रीतम चंद बैंस की स्मृति में स्थानीय प्राथमिक चिकित्सा केंद्र रायपुर मैदान को एक व्हीलचेयर दान के रूप में भेंट की है। विजय वर्तमान में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रायपुर मैदान में डीपीई के पद पर कार्यरत हैं तथा पूर्व में भी इस तरह के पुरुषार्थ के कार्यों में सहयोग करते चले आ रहे हैं। प्राथमिक चिकित्सा केंद्र रायपुर मैदान की चिकित्सा अधिकारी पारुल ठाकुर ने बताया कि चिकित्सा केंद्र में व्हीलचेयर के अभाव से मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। उन्होंने इस पुण्य कार्य के लिए विजय का धन्यवाद किया।

### खिलाड़ियों का किया फूलमालाओं से स्वागत

**ऊना।** डीएवी पब्लिक स्कूल लठियाणी की लड़कियों की बॉस्केटबाल टीम ने दिल्ली में आयोजित डीएवी स्कूलों राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रदर्शन शानदार रहा है। शनिवार को दोनों टीमों की खिलाड़ियों का स्कूल पहुंचने पर प्रिंसिपल नसीब ठाकुर ने स्टाफ के साथ फूलमालाओं से स्वागत किया। बॉस्केटबाल स्पर्धा के अंडर-14 और 17 वर्ग में दोनों टीम ने हिमाचल का प्रतिनिधित्व करते हुए खिताब अपने नाम किया है। अंडर-14 में दिव्या, अनिष्का, नव्या, हिमांगी, कनिका, सिया, सिद्धि , कनिका, यशिका और आरुषि ने बढ़िया खेल दिखाया। अंडर-17 में अंशिका, वंशिका, वर्षा, समीक्षा, श्रेया, अंकिता ने अपनी प्रतिभा दिखाई। उधर, प्रिंसिपल नसीब राणा ने कहा कि दोनों टीमों की खिलाड़ियों ने जीत हासिल कर स्कूल का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि यह खिलाड़ियों के निरंतर अभ्यास का परिणाम है, जिससे उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर जीत मिली है।

### मोटर साइकिल चोरी करने का आरोप जड़ा

**ऊना।** सदर पुलिस थाना के अंतर्गत अबादा बराना के फरियाद ने एक व्यक्ति पर मोटर साइकिल चोरी करने का आरोप जड़ा है। मामला लगभग एक माह पुराना बताया जा रहा है। इस संबंध में फरियाद पुत्र महबूब ने यहां थाना सदर में शिकायत दर्ज कराई है, जिसके आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता के अनुसार उसने अपनी पल्सर मोटरसाइकिल की विक्री के लिए ओएलएक्स पर पोस्ट डाली थी। जिस पर अमन का उसे फोन पर संदेश आया। सात दिसंबर, 2023 की दोपहर उसे आरोपी का फोन आया। फिर वह अमन को मिलने मोटरसाइकिल पर ऊना के बस स्टैंड पहुंचा। इसके बाद उसने उक्त व्यक्ति के साथ मोटरसाइकिल की राइड की। बाद में आरोपी अमन उसे बस स्टैंड पर उतारकर बिना बताए मोटर साइकिल लेकर फरार हो गया। फरियाद ने बताया कि उसे अभी तक मोटर साइकिल नहीं मिली है। जिस पर उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस थाने में शिकायत दी है। उधर, एसपी अर्जित सेन ठाकुर ने कहा कि इस संबंध में आरोपी के खिलाफ धारा 379 के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इसके बाद कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### नौ को होगा गर्भवती महिलाओं का चेकअप

**ऊना।** क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में नौ जनवरी को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं की जांच के लिए शिविर लगाया जाएगा, जिसमें में डॉ. श्रुति वशिष्ट द्वारा गर्भवती महिलाओं की जांच की जाएगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव वर्मा ने बताया कि शिविर में लैब टेस्ट, खून का स्तर, मधुमेह, रक्तचाप, गर्भावस्था के दौरान खतरे के लक्षणों की जांच और पहचान की जाएगी, साथ ही गर्भवती महिलाओं का मुफ्त इलाज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत हर माह की नौ तारीख को यह शिविर यहां क्षेत्रीय अस्पताल और जिला के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और सिविल अस्पतालों में लगाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि इस शिविर में जांच करवाने के लिए आशा वर्कर गर्भवती महिलाओं को प्रोत्साहित करेगी।

### टाउन प्लानिंग कमेटी की बैठक आयोजित

**ऊना।** नगर परिषद ऊना में शनिवार को टाउन प्लानिंग कमेटी की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता एसडीएम विश्वमोहन देव चौहान ने की। इस दौरान उन्होंने ने रेहड़ी-फड़ी वालों को नए वैंडिग जोन में कियोस्क दुकानों को लेने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रेहड़ी-फड़ी वालों को बिजली और पेयजल जैसी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि पंजीकृत पथ विक्रेता नगर परिषद कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं। बैठक में नगर परिषद अध्यक्ष पुष्पा देवी, सहायक अभियंता राजिंद्र कुमार, कनिष्ठ अभियंता शरीफ मोहम्मद सहित अन्य उपस्थित रहे।

### रॉकफोर्ड-रायपुर सहोड़ा में किया जागरूक

**ऊना।** नशा मुक्त ऊना अभियान के तहत शनिवार को ऊना ब्लॉक के रॉकफोर्ड डे बोर्डिंग स्कूल और हाई स्कूल रायपुर सहोड़ा में जागरूकता शिविर आयोजित किए गए। ब्लॉक को-ऑर्डिनेटर समाक्षी ने बताया कि रॉकफोर्ड पब्लिक स्कूल में पेरेंट्स को नशे के खिलाफ और उनसे होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया। पेरेंट्स से कहा गया कि अपने बच्चों के साथ ज्यादा से ज्यादा समय बताएं। साथ ही उनके साथ एक फ्रेंडली माहौल बनाएं। उन्होंने कहा कि अपने बच्चों की हर एक्टिविटी पर नजर रखें। यदि बच्चों के व्यवहार में परिवर्तन या फिर उनकी व्यक्तित्व में कोई बदलाव आता है, तो उस पर ध्यान देकर उसे सही राह पर लेकर आए। रॉकफोर्ड की प्रिंसिपल शगुन सिक्का ने कहा कि वह स्कूलों में लगातार नवचेतना मॉड्यूल पर सेशन कर रहे हैं। वहीं हाई स्कूल रायपुर सहोड़ा में बच्चों के साथ हेल्थी हैबिट्स पर चर्चा की गई, जिसमें सातवीं और आठवीं के बच्चे शामिल रहे।

# समय के सदुपयोग से मिलती है कामयाबी : अग्निहोत्री

### डिप्टी सीएम बोले- लक्ष्य पाने को करें कड़ी मेहनत, भदसाली स्कूल के पारितोषिक समारोह में बांटे 108 टैबलेट

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

**निर्धारित** लक्ष्य की प्राप्ति के लिए स्टूडेंट्स लगातार कड़ी मेहनत करें। स्टूडेंट्स काल में अनुशासन, समय का सदुपयोग और निरंतर प्रयास करके ही निर्धारित लक्ष्य तक पहुंचने में कामयाबी मिलती है। यह बात उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भदसाली में आयोजित वार्षिक पारितोषिक तथा स्टूडेंट्स को टैब वितरण समारोह की अध्यक्षता करते हुए कही।

इस अवसर पर उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 108 मेधावी स्टूडेंट्स को टैबलेट बांटे। इसके अतिरिक्त उन्होंने स्कूल की विभिन्न वार्षिक गतिविधियों में अव्वल रहे स्टूडेंट्स को भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने स्कूल में सांस्कृतिक गतिविधियों का बढ़ावा देने के लिए 31 हजार रुपए भी देने की घोषणा की।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में श्रीनिवास रामानुज योजना के तहत मेधावी स्टूडेंट्स को टैबलेट प्रदान किए जा रहे हैं। टैबलेट के माध्यम से स्टूडेंट्स को पढ़ाई करने में आसानी होगी। इसके साथ ही स्टूडेंट्स को और अन्य ज्ञानवर्धक जानकारियां उपलब्ध करवाने में लाभकारी सिद्ध होंगे। उन्होंने बताया कि जिला में लगभग दो करोड़ के टैब मेधावी स्टूडेंट्स को वितरित किए जा रहे हैं। इसी के तहत आज भदसाली स्कूल में 21 लाख 60 हजार के 108 टैबलेट वितरित किए गए हैं। मुकेश अग्हिोत्री ने कहा कि वर्तमान समय डिजिटल का युग है। उन्होंने टैब प्राप्त करने वाले मेधावी स्टूडेंट्स को बधाई देते हुए कहा कि स्टूडेंट्स की कड़ी मेहनत का फल है कि उन्हें आज टैब मिले हैं। उन्होंने स्टूडेंट्स से आह्वान किया कि टैब का सही दिशा में उपयोग करें तथा ज्ञानवर्धक जानकारियां भी हासिल करें। क्षेत्र विकास की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि हरोली विस क्षेत्र में बिना किसी राजनीतिक भेदभाव के विकास कार्य किए जा रहे हैं, ताकि हरोली की संपूर्ण विकास सुनिश्चित हो सके।

इस दौरान भदसाली स्कूल के प्रधानाचार्य विक्रम बहादुर ने स्कूल की विभिन्न वार्षिक गतिविधियों की रिपोर्ट पढ़ी। इसके अलावा स्कूली बच्चों द्वारा रंगा-रंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए है। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष रणजीत राणा, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव अशोक ठाकुर, ओबीसी सेल के अध्यक्ष प्रमोद कुमार, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विनोद बिट्टू, भदसाली की प्रधान सरोज, नंगनोली के प्रधान मेहताब ठाकुर, एसएमसी प्रधान शोभा रानी, जसपाल जस्सा, उप प्रधान सोनू, पूर्व प्रधान भदसाली अश्वनी जसवाल, पूर्व बीडीसी गुरदीप, विभिन्न स्कूलों के प्रधानाचार्य, समस्त स्कूली स्टाफ सहित अन्य गणमान्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भदसाली में आयोजित वार्षिक पारितोषिक तथा स्टूडेंट्स को टैब वितरण समारोह का दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ करते उपमुख्यमंत्री।

## लोस चुनाव पर नोडल अफसरों की बैठक

**ऊना।** लोकसभा चुनाव के लिए ऊना जिला में नियुक्त नोडल अधिकारियों के लिए बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल गुर्जर ने की। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों से संबंधित विभिन्न दायित्वों बारे उन्हें जानकारी दी। इसके अलावा उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। महेंद्र पाल गुर्जर ने कहा कि चुनाव संबंधी प्रत्येक कार्य को सभी अधिकारी गंभीरता से लें। उन्होंने कहा कि सभी चुनाव संबंधी आदेशों, कार्यों और क्रियाकलापों को तय समयावधि में निष्पादित करें। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव भाटिया, राज्य कर एवं आबकारी विभाग के सहायक आयुक्त नवनीत गुप्ता, उद्योग विभाग के संयुक्त निदेशक अंशुल धीमान, डीआरडीए की परियोजना अधिकारी शेफाली शर्मा, जिला राजस्व अधिकारी अजय कुमार सिंह, जिला पंचायत अधिकारी श्रवण कश्यप, क्षेत्रीय प्रबंधक एचआरटीसी सुरेश धीमान, जिला कल्याण अधिकारी अनीता शर्मा सहित कई अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## विधायक सुदर्शन बबलू ने पेश किया रिपोर्ट कार्ड

**बोले- चिंतपूर्णी के विकास को लाए तीन अरब 52 करोड़ 70 लाख रुपए**

**अनंत ज्ञान, अंब**

विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने कहा कि पिछले एक वर्ष में कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों ने गति पकड़ी है। वह चाहे स्वास्थ्य सेवाओं की बात हो या जल शक्ति, लोक निर्माण, बिजली और पंचायतीराज विभाग की बात की जाए। एक वर्ष में चिंतपूर्णी क्षेत्र में करीब तीन अरब 52 करोड़ 70 लाख रुपए की विभागों की विकासात्मक परियोजनाओं पर काम चल रहा है। कई नई परियोजनाएं स्वीकृत हो चुकी हैं।

सुदर्शन बबलू ने शनिवार को विश्राम गृह में आयोजित प्रेसवार्ता में एक वर्ष के कार्यकाल का रिपोर्ट कार्ड पेश करते हुए कहा कि चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के लिए विकास में धन की कमी नहीं आने दी जाएगी। इसके लिए स्थानीय प्रशासन से लेकर शिमला तक बखूबी से अपनी बात को रख रहे हैं। हर मंच से चिंतपूर्णी क्षेत्र की जनता के हकों की आवाज उठाई है। यही कारण है कि आज चिंतपूर्णी क्षेत्र में करोड़ों रुपए के विकास कार्य चल रहे हैं और कई नए विकास कार्यों को स्वीकृति मिल चुकी है। उन्होंने कहा कि जलशक्ति विभाग में क्षेत्र की 53 में से 43 पंचायतों में पेयजल और सिंचाई परियोजनाओं के लिए 220 करोड़ खर्च किए जा रहे हैं। इसमें से करीब 120 करोड़ के कार्य प्रगति पर हैं, जबकि 100 करोड़ के कार्य प्रस्तावित हैं।

पेयजल सुविधा के लिए 80 करोड़ के कार्य चल रहे हैं। इसमें सोहारी टकोली योजना के लिए 16 करोड़, अंब, कटौहड़ खुर्द, कटौहड़ कलां, लडोली की पेयजल योजना के लिए सात-सात करोड़ तथा एडीबी की सहयता से गिंडपुर मलौण, खरोह कोहाड़छन्न, अरणवाल, गुरेट व भरवाई में करीब 20 करोड़ खर्च किए जा रहे हैं। वहीं अंब नगर पंचायत में पानी की समस्या को हल करने के लिए 11 करोड़ स्वीकृत हो चुके हैं।

## हटली स्कूल में सात दिवसीय शिविर शुरू

**बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में सात दिवसीय एनएसएस यूनिट शिविर शनिवार को शुरू हुआ। कार्यक्रम में देश के प्रथम युवा व्यवसाय अंकुश वर्जाता ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। वहीं कार्यक्रम में श्रीराम नाटक क्लब हटली की महिला प्रधान ज्योति वर्जाता एवं समाजसेवी हंसराज वर्जाता ने विशेष रूप से शिरकत की। कार्यक्रम में प्रथम पर प्रिंसीपल भूपेंद्र सिंह ठाकुर एवं एनएसएस प्रभारी व प्रवक्ता कमर्स सुशील कुमार शर्मा ने मुख्यातिथियों को समानित किया। अंकुश वर्जाता ने कहा कि हर युवा जो सेकेंडरी में शिक्षा ग्रहण कर रहा है। उंसे अपने लक्ष्य के लिए एक लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए, जिससे युवा कड़ी मेहनत करने के बाद लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। वर्जाता ने कहा कि एनएसएस यूनिट का मतलव समाज सेवा करना और दूसरों को समाज के प्रति जागरूक करना है। एनएसएस यूनिट देश मे समाजसेवा में छठे स्थान और है। इस मौके पर हैंडल प्रमुख व युवा संचालक आदित्य शर्मा राजस्थान भी मौजूद रहे।

## 12 साल बाद सौर ऊर्जा से जगी बंगाणा की हाई मास्क लाइट, विधायक का किया धन्यवाद



**बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा चौक पर लगी हाई मास्क लाइट को सौर ऊर्जा के माध्यम से 12 वर्षों बाद चकमक हुई है और शुक्रवार को लाइट से पूरा बंगाणा बाजार जगमग हो गया। कुटलैहड़ के विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू बंगाणा लाइट जो सौर ऊर्जा से जगमग हुई है। उसके लिए बजट प्रावधान करने पर सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार प्रकट किया। भुट्टो ने कहा कि अब बंगाणा चौक की लाइट का कोई बिल भी नहीं आएगा। फ्री में बंगाणा बाजार रात के अंधेरे में जगमग करेगा। भुट्टो ने कहा कि बंगाणा बाज़ार की यह बड़ी समस्या खत्म हुई है।

## गणतंत्र दिवस को लेकर बैठक, एसडीएम ने दिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश

**अंब।** गणतंत्र दिवस समारोह 26 जनवरी को यहां स्कूल के खेल मैदान में मनाया जाएगा। सबसे पहले शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया जाएगा। इसके बाद कार्यक्रम को आगे बढ़ाया जाएगा। यह जानकारी एसडीएम विवेक महाजन ने दी। इससे पूर्व एसडीएम ने कार्यक्रम को लेकर अलग-अलग विभागों के अधिकारियों और स्कूलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। विवेक महाजन ने बताया कि कार्यक्रम का आरंभ सुबह 10:50 बजे किया जाएगा। इस दौरान ध्वजा रोहण और मार्च पास्ट की सलामी होगी। इसके अलावा स्कूल के खेल मैदान में पौधारोपण भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर रूपरेखा तैयार कर ली गई है। सभी विभागों के अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए हैं। एसडीएम ने बताया कि स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। लघु नाटिकाओं के जरिए लोगों को समाज सुधार के लिए संदेश दिया जाएगा। उन्होंने नगर पंचायत के सभी लोगों से कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आग्रह किया है।

**आयोजन** — कुटलैहड़ के हाई स्कूल नारी में वार्षिक पारितोषिक कार्यक्रम मनाया, स्टूडेंट्स ने सांस्कृतिक कार्यक्रम लूटी वाहवाही

# एक भी कर्मचारी को राजनीति द्वेष से नहीं किया प्रताड़ित : भुट्टो

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

**कुटलैहड़** विस क्षेत्र में हमने एक वर्ष के कार्यकाल में कोई बदले की भावना से काम नहीं किया है और हमारे कुटलैहड़ के जो पांच दर्जन शिक्षक वाहरी जिलों में थे, उन्हें कुटलैहड़ में लाकर शिक्षा के क्षेत्र को उच्च करने का प्रयास किया है। हमने चुनावों के बाद खुले मंच से संबोधन में कहा है कि अब चुनाव खत्म तो राजनीति भी खत्म। हम सभी ने मिलकर कुटलैहड़ विस क्षेत्र में विकास को गति प्रदान करनी है, ताकि कुटलैहड़ विस क्षेत्र का नाम पूरे हिमाचल के साथ देश में चमके। ये शब्द कुटलैहड़ के विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने बंगाणा के राजकीय उच्च विद्यालय नारी डेरा बाबा रुद्रानंद में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करने के बाद कहे।

वहीं स्कूली स्टूडेंट्स ने सांस्कृतिक कार्यक्रम से सभी का मनमोह लिया। स्कूल के मुख्याध्याक ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। उनकी मांगों पर स्कूल के लिए दो कमरे चार दीवारी के लिए चार लाख का चेक, प्रार्थना सभा के लिए 2,50 लाख इसके अलावा सभी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया। स्कूल के सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए 11 हजार देने की घोषणा की। स्कूल कार्यक्रम के बाद विधायक ने रेस्ट हॉउस में जनसमस्याओं को सुना और मौके पर समाधान करने का विभागीय अधिकारियों को आदेश दिए।



नारी डेरा बाबा रुद्रानंद में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो।

## हाई कोर्ट ने हिमाचल सरकार को दी खुशी

**हिमाचल** प्रदेश हाई कोर्ट ने ओबेरॉय ग्रुप के फाइव स्टार वाइल्ड फ्लॉवर हॉल को राज्य सरकार को सौंपने के आदेश देकर बाइस साल से चले आ रहे विवाद पर विराम लगा दिया है। जिस जमीन पर यह होटल है, इसकी लीज का एक भी रुपया प्रदेश सरकार को अब तक नहीं मिला है। सरकार ने यही पक्ष कोर्ट के समक्ष मजबूती से रखा और कोर्ट ने सरकार के हक में फैसला सुना दिया। कोर्ट के फैसले के मुताबिक, अब होटल समूह को 120 करोड़ रुपए की राशि प्रदेश सरकार को चुकानी होगी। शिमला से दस किलोमीटर दूर छराबड़ा में जहां पर यह होटल है, वह जगह बेहद सुंदर और आकर्षक है। होटल देवदार के पेड़ों से घिरा है।

बड़ी बात यह है कि होटल के आसपास कोई रिहायशी इलाका नहीं है। सर्दियों में यहां अत्यधिक बर्फबारी होती है। यह होटल हिमाचल के सबसे महंगे होटलों में शुमार है। अब जबकि होटल सरकार के पास आ जाएगा तो निश्चित तौर पर यह सरकार की कमाई का जरिया भी बना जाएगा। होटल 22 एकड़ जमीन पर बना है और इसकी सारी प्रॉपर्टी करीब डेढ़ सौ बीघा में फैली है। वैसे, इस होटल को कभी हिमाचल प्रदेश पर्टयन विकास निगम यानी एचपीटीडीसी चलाता था, लेकिन साल 1993 में भीषण आग लगने बाद ये होटल जलकर राख हो गया था। इसके बाद नया होटल बनाने के लिए राज्य सरकार ने ओबेरॉय ग्रुप की ईस्ट इंडिया होटल कंपनी के साथ एग्रीमेंट किया था। करार के मुताबिक, कंपनी को चार साल के भीतर फाइव स्टार होटल का निर्माण करना था। शर्तें पूरी न करने की सूरत में कंपनी को हर वर्ष दो करोड़ रुपए जुर्माना राज्य सरकार को देना था। साल 1996 में सरकार ने कंपनी के नाम जमीन ट्रांसफर कर दी थी। कई साल बीत जाने के बाद भी कंपनी जब होटल तैयार नहीं कर पाई तो साल 2002 में राज्य सरकार ने कंपनी के साथ किए गए करार को रद्द कर दिया था। सरकार के इस फैसले को कंपनी लॉ बोर्ड के समक्ष चुनौती दी गई। बोर्ड ने कंपनी के पक्ष में फैसला सुनाया था। इसके बाद सरकार ने इस निर्णय को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी, जिस पर हाई कोर्ट ने फैसला सुनाकर प्रदेश सरकार को राहत पहुंचाई है। होटल में कुल 86 कमरे हैं। करार के मुताबिक, 13 कमरे राज्य सरकार के पास हैं। इस संपत्ति की कीमत करीब 500 करोड़ रुपए आंकी गई है। बीते दो दशक के बाद भी सरकार को होटल की तरफ से एक रुपए नहीं दिया गया है, जबकि यह होटल 60-40 हिस्सेदारी के साथ कंपनी को दिया गया था। अब हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट ने इस होटल का कब्जा दो महीने के अंदर राज्य सरकार को सौंपने के लिए कहा है। हालांकि होटल पर सरकार ने कुछ समय पहले कब्जा भी ले लिया था, लेकिन इसके बाद होटल ग्रुप हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट में पहुंचकर स्टे ऑर्डर ले आया था। हाई कोर्ट ने होटल पर कब्जे के आदेश पर रोक लगा दी थी। लंबी लड़ाई के बाद अब प्रदेश सरकार को अपनी प्रॉपर्टी वापस हासिल करने के मामले में जीत मिली है। देखना होगा कि इस फाइव स्टार प्रॉपर्टी से हिमाचल प्रदेश सरकार कितनी कमाई करती है।

# सफलता के लिए उच्च लक्ष्य अत्यावश्यक

**मोबाइल फोन की एडिक्शन से हमारे मानसिक स्वास्थ्य पर बहुत बुरा असर पड़ता है, इसलिए हमें इसका उपयोग इस हद तक करना चाहिए कि यह हमारी सेहत पर और हमारे सोचने के नजरिए पर भी बुरा असर नहीं डालें। विद्यार्थियों को उच्च लक्ष्य रखने के साथ-साथ अपनी शारीरिक, मानसिक स्थिति को भी संयम में रखना पड़ता है। जीवन में यही सोच कर चलना होगा कि सफलता की सीढ़ी तक पहुंचने के लिए मेहनत और धैर्य के अलावा कोई और विकल्प नहीं है। हर इंसान जिंदगी में सफलता ही पाना चाहता है, लेकिन हमें यह भी याद रखना चाहिए कि असफलता ही सफलता की सीढ़ी है। मंजिल पाने के लिए हमें कई बार असफलता का सामना भी करना पड़ता है। ऐसे समय में कई लोग हताश होकर अपने लक्ष्य को पाने का सपना बीच में ही छोड़ देते हैं। पढ़ाई को दबाव में न लेकर एक सकारात्मक तरीके से लिया जाए। ऐसे समय में विद्यार्थी को हमेशा अपनी सकारात्मक सोच रखनी चाहिए। वह अपने आत्मविश्वास को बनाए रखें। महत्वाकांक्षाओं को मानसिक स्वास्थ्य पर हावी न होने दें। आजकल के बड़े-बड़े सेलिब्रिटी हों या कोई सामान्य व्यक्ति सभी दबाव भरी जिंदगी जीने के लिए मजबूर हैं। वे भीतर से तो परेशान हैं, पर दुनिया को दिखाना नहीं चाहते।**



वसुंधरा धर्माणी
लेखिका एवं साहित्यकार
घुमारवीं, बिलासपुर।

**जीवन** में किसी भी प्रकार की उपलब्धि या ऊंचा मुकाम पाने के लिए उच्च लक्ष्य निर्धारण करना अति आवश्यक है। विद्यार्थी जो अपने जीवन में उच्च लक्ष्य निर्धारित कर उसे प्राप्त करने के लिए कठिन परिश्रम करते हैं, उन्हें सफलता अवश्य प्राप्त होती है। अकसर कहते हैं कि यदि तुम किसी चीज को पूरी शिद्दत के साथ चाहो तो सारी कायनात उसे मिलाने में तुम्हारी मदद करती है।

इसी तरह अगर हम किसी चीज को पाने के लिए दृढ़ संकल्प लेते हैं और यह दृढ़ निश्चय करते हैं कि यह चीज हमें जरूर चाहिए तो प्रयत्नशील रहकर हम कुछ भी हासिल कर सकते हैं। जिंदगी में कोई भी कार्य असंभव नहीं है, जो इंसान नहीं कर सकता, इसके लिए दृढ़ इच्छाशक्ति का होना अत्यावश्यक है।

आजकल प्रतियोगिता के इस दौर में हर विद्यार्थी जी-तोड़ मेहनत कर रहा है। वर्तमान समय में हर पग पर कितनी ही चुनौतियां का सामना करना पड़ता है। आत्मविश्वास और आत्मावलोकन से विद्यार्थी हर चुनौती का सामना भली-भांति कर सकता है। इसके लिए जरूरी है अध्ययन की समयसारिणी। जब तक आप अपनी दिनचर्या निर्धारित नहीं करते, तब तक आप अनुशासित होकर पढ़ाई नहीं कर सकते। समय के बंधन में रहकर आप हर काम समय पर कर सकोगे। दिनचर्या ऐसी होनी चाहिए जिसमें आपका खाना-पीना, सोना, उठना बैठना और स्वास्थ्य संबंधी भी कोई परेशानी न आए।

पढ़ने के साथ-साथ स्वास्थ्य पर भी ध्यान देना जरूरी है। कहते हैं कि स्वस्थ तन में ही स्वस्थ दिमाग विद्यमान होता है। यदि आप शारीरिक रूप से स्वस्थ नहीं होंगे तो पढ़ाई में भी मन नहीं लगेगा, इसीलिए स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहना अनिवार्य है। स्वस्थ शरीर के लिए पौष्टिक आहार और उचित व्यायाम की आवश्यकता होती है। टहलना एक बहुत ही सरल एवं लाभप्रद व्यायाम है।

दरअसल आज की आपाधापी और भौतिकता वादी युग में जहां अनेक प्रकार के वाहनों का चलन है, वहां लोगों का टहलना और भी कम होता जा रहा है। टहलने से भोजन अच्छे से पचता है और सारे शरीर तंत्र की कार्यप्रणाली ठीक समय पर अपना कार्य करती है। इसके अलावा आप सुबह थोड़ा बहुत योग करके स्फूर्तिदायक दिन की शुरुआत भी कर सकते हैं। संतुलित आहार वह आहार है जिसमें सभी प्रकार के पोषक तत्व मौजूद हों। विद्यार्थियों के लिए दूध तथा दूध से निर्मित पदार्थ जैसे पनीर, दही का सेवन अधिक करना चाहिए। इसके अलावा फलों, हरी पत्तेदार सब्जियों अंकुरित अनाजों को अधिक उपयोग में लाना चाहिए। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में बच्चे जंक फूड अत्यधिक सेवन करते हैं, जो स्वास्थ्य के साथ-साथ हमारी मानसिक स्थिति पर भी नकारात्मक प्रभाव डालता है।



अधिक मिर्च मसाले तथा खाद्य परिरक्षण तत्वों की मिलावट हमारे स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव डालती हैं, जिसके कारण इनके गलत प्रभाव से हमारा शरीर कई प्रकार की बीमारियों की चपेट में आ जाता है, इसलिए विद्यार्थियों को अपने घर का शुद्ध एवं पौष्टिक खाना ही खाना चाहिए, जिससे उनकी पढ़ाई में भी कोई अवरोध न पैदा हो।

आजकल के आधुनिक युग में पढ़ाई की राह में सबसे ज्यादा बाधक यंत्र मोबाइल फोन है। आज मोबाइल फोन बच्चे से लेकर बूढ़े तक का सबसे प्रिय यंत्र बन चुका है। इस के बगैर तो जैसी जिंदगी थम सी जाती है। किसी को भी इसके बगैर रह पाना मुश्किल हो गया है। एक तरफ जहां इसमें संपूर्ण जगत की जानकारी है, वहीं दूसरी तरफ पढ़ाई में यहां सबसे ज्यादा खलल डालता है। भावी पीढ़ी अनेक प्रकार की गेम में उलझ कर अपना कीमती समय बर्बाद कर रही है जिसके कारण उनका समय ही नहीं अपितु शारीरिक दृष्टि से आंखों पर भी गलत प्रभाव पड़ रहा है। यदि इसी समय का सदुपयोग वे अपनी पढ़ाई में करें तो क्या नहीं हो सकता। उच्च परीक्षाओं के प्रतिभागियों को मोबाइल से दूर ही रहना चाहिए। मोबाइल के माध्यम से मनुष्य आज अपने आसपास के समाज अथवा वैश्विक स्तर की जानकारी तुरंत पाने में सफल तो हुआ है, पर वहीं दूसरी ओर इसके दुष्प्रभाव से भी अछूता नहीं रहा है।

मोबाइल फोन की एडिक्शन से हमारे मानसिक स्वास्थ्य पर बहुत बुरा असर पड़ता है, इसलिए हमें इसका उपयोग इस हद तक करना चाहिए कि यह हमारी सेहत पर और हमारे सोचने के नजरिए पर भी बुरा असर नहीं डालें। विद्यार्थियों को उच्च लक्ष्य रखने के साथ-साथ अपने शारीरिक, मानसिक स्थिति को भी संयम में रखना पड़ता है। जीवन में यही सोच कर चलना होगा कि सफलता की सीढ़ी तक पहुंचने के लिए मेहनत और धैर्य के अलावा कोई और विकल्प नहीं है।

हर इंसान जिंदगी में सफलता ही पाना चाहता है, लेकिन हमें यह भी याद रखना चाहिए कि असफलता ही सफलता की सीढ़ी है। मंजिल पाने के लिए हमें कई बार असफलता का सामना भी करना पड़ता है। ऐसे समय में कई लोग हताश होकर अपने लक्ष्य को पाने का सपना बीच में ही छोड़ देते हैं। पढ़ाई को दबाव में न लेकर एक सकारात्मक तरीके से लिया जाए। ऐसे समय में विद्यार्थी को हमेशा अपनी सकारात्मक सोच रखनी चाहिए। वह अपने आत्मविश्वास को बनाए रखें।

महत्वाकांक्षाओं को मानसिक स्वास्थ्य पर हावी न होने दें। आजकल के बड़े-बड़े सेलिब्रिटी हो या कोई सामान्य व्यक्ति सभी दबाव भरी जिंदगी जीने के लिए मजबूर हैं। वे भीतर से तो परेशान हैं, पर दुनिया को दिखाना नहीं चाहते। जब हम पर कोई चीज हावी होने लगती है, तो उसका निरंतर दबाव हमारी मानसिक स्थिति पर पड़ता है।

किसी भी प्रकार के दबाव में आकर हम अपना वह प्रदर्शन नहीं कर पाते, जो हम स्वच्छंद रूप से काम करने पर दिखा सकते हैं, इसीलिए किसी भी दबाव में आकर हमें अपना मानसिक संतुलन नहीं खोना चाहिए और हर चुनौती को सहर्ष स्वीकारना ही हमारी सफलता की पहली मंजिल है।

जीवन में लक्ष्य के प्रति सचेत होकर जो विद्यार्थी मेहनत करता है, वह एक न एक दिन अपनी मंजिल जरूर हासिल कर लेता है। निर्धारित लक्ष्य, दृढ़ इच्छाशक्ति, लग्न और कड़ी मेहनत के बल पर कोई भी उच्च मुकाम हासिल किया जा सकता है।

## आपकी कविता, आपकी आवाज

### मर्यादित राम

*राम की छवि बड़ी*
*पावन बड़ी अभिराम।*
*दशरथ कौशल्या नंदन*
*बने हरेक के राम।।*
*जनक आज्ञा सिर धारे*
*वनगमन करे राम।*
*भ्राता भार्या विनती*
*मान ले चले साथ राम।*
*प्रजा अश्रु अविरल देख*
*भावुक हुए राम।*
*भरोसा दे चौदह वर्ष*
*के बाद अयोध्या होंगे राम।।*
*नाव में बैठ केवट*
*का भी मान बढ़ा गए राम।*
*मुक्ति दाता राम केवट*
*को भी पार करा गए राम।।*
*जानते मारीच छल*
*फिर भी पीछे भागे राम।*
*दुष्ट संहार करने के*
*अलावा न था और कोई काम।।*
*सुग्रीव सहायता ले*
*मिला राम सेवक हनुमान।*
*ले आशीर्वाद हनुमान*
*तोड़ा दशानन अभिमान।।*
*कर दुष्ट रावण संहार*
*विभीषण को दिया तार।*
*जानकी को कर पवित्र*
*पावन ले आए राम तारणहार।।*
*भ्राता भरत तय वचन*
*पर पहुंचे अयोध्या में राम।*
*पांच सौ पचास साल बाद*
*मूर्त में स्थापित होंगे राम।।*





कवि
हीरा सिंह कौशल
महादेव, सुंदरनगर
जिला मंडी
मो: 9418144751




## ईमानदार गरीब

**सीलोन** में एक जड़ी-बूटी बेचकर गुजारा करने वाला व्यक्ति रहता था। उसका नाम महता शैसा था। उसके घर की आर्थिक स्थिति बहुत ही खराब थी, कई-कई दिन भूखा रहना पड़ता। उनकी माता चक्की पीसने की मजदूरी करती और बहन फूल बेचती, तब कहीं गुजारा हो पाता। ऐसी गरीबी में भी उनकी नीयत में ईमानदारी थी। महता एक दिन एक बगीचे में जड़ी-बूटी खोद रहे थे कि उन्हें अशर्फियों से भरे हुए कई घड़े दिखाई दिए। उनके मन में दूसरे की चीज पर जरा भी लालच न आया और मिट्टी से ज्यों का त्यों ढक कर बगीचे के मालिक के पास पहुंचे और उसे अशर्फियां गड़े होने की सूचना दी। बगीचे के मालिक लरोटा की आर्थिक स्थिति भी बहुत खराब हो चली थी। कर्जदार उसे तंग किया करते थे। इतना धन पाकर उसकी खुशी का ठिकाना न रहा। सूचना देने वाले शैसा को उसने चार सौ अशर्फियां पुरस्कार में देनी चाहीं, पर उसने उन्हें लेने से इनकार कर दिया और कहा, 'इसमें पुरस्कार लेने जैसी कोई बात नहीं, मैंने तो अपना कर्तव्य मात्र पूरा किया है।' बहुत दिन बाद लरोटा ने अपनी बहन की शादी शैसा से कर दी और दहेज में कुछ धन देना चाहा। शैसा ने वह भी न लिया और अपने हाथ-पैर की मजदूरी करके दिन गुजारे।

# बिजली बोर्ड कर्मियों की समस्याओं को समझे सरकार

**हिमाचल** प्रदेश बिजली उत्पादन राज्य होने बावजूद वर्तमान समय में करीब सात हजार पद बिजली बोर्ड में रिक्त होना उसकी मालिया हालत को बयां करते हैं। सुख की सरकार ने विद्युत दरों में मामूली बढ़ोतरी करके करोड़ों रुपए के कर्जे को कम करने की पहल की है। प्रदेश की जनता तीन सौ बिजली यूनिट मुफ्त में सरकार द्वारा दिए जाने का कयास लगाए बैठी थी।

प्रदेश की जनता को उस समय बिजली का जोरदार करंट लगा जब एक अप्रैल को नवीन बिजली दरें लागू हुई थीं। उपभोक्ताओं को कई गुना अतिरिक्त बिजली बिल थमाए जाने के मामले भी सामने आ रहे हैं। हिमाचल प्रदेश में तूफान आने से अगर बिजली गुल हो जाए तो उपभोक्ताओं को घंटों अंधेरे में रहने की आदत डाल लेनी चाहिए। हिमाचल प्रदेश बिजली बोर्ड की मालिया हालत की वजह से ऐसी किसी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए कोई खास योजना बनाई गई फिलहाल नजर नहीं आती है। जनसंख्या अनुसार विद्युत कर्मचारियों की नियुक्ति किया जाना अब समय की मांग है। आलम यह कि अगर रात के समय बिजली गुल हो जाए तो उपभोक्ताओं को विद्युत विभागीय कार्यालयों में सिवाए दरवाजे पर लटके तालों के कुछ नहीं मिलता है। कार्यालय के बाहर किसी शिकायत लॉगबुक का भी मौजूद न होना उसकी कार्यप्रणाली को दर्शाता है। पूर्व सरकार भी जनमंचों के माध्यम से जनता की समस्याओं का प्राथमिकता के तौर पर समाधान करवा नहीं पाई। विद्युत बोर्ड की सेवाएं पहाड़ की जनता को चौबीस घंटे मिलें, इसके लिए खास योजना बनाने की अब जरूरत है। बिजली बोर्ड खंभों में बिछाई जाने वाली तारों को अधिकतर बिना स्पेसर डाले ही लटका देता आ रहा है। लकड़ी के पोल, हरे भरे आम के पेड़ों पर बोर्ड द्वारा तारें लटकाई देखी जा सकती हैं। बोर्ड के कर्मचारियों की लापरवाही के कारण गर्मियों के दिनों में किसानों की कीमती गेहूं की फसल जलकर राख का ढेर बन जाती है।



लेखक
सुखदेव सिंह
नूरपुर, कांगड़ा।

**प्रदेश की जनता को उस समय बिजली का जोरदार करंट लगा जब एक अप्रैल को नवीन बिजली दरें लागू हुई थीं। उपभोक्ताओं को कई गुना अतिरिक्त बिजली बिल थमाए जाने के मामले भी सामने आ रहे हैं। प्रदेश में तूफान आने से अगर बिजली गुल हो जाए तो उपभोक्ताओं को घंटों अंधेरे में रहने की आदत डाल लेनी चाहिए। आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए कोई खास योजना फिलहाल नजर नहीं आती है।**

बिजली की तारें सूखी गेहूं से टकराकर आगजनी में बदल जाती हैं। बिजली तारों को समय पर न कसने की वजह से वह अक्सर नीचे लटककर रह जाती हैं। ऐसी सूरत में अगर मामूली तूफान भी आए तो यह बिजली की तारें आपस में टकराकर स्पार्किंग पैदा करते ही बिजली ट्रांसफार्मर से फ्यूज को उड़ा देती हैं और बिजली गुल हो जाती है। बिजली बोर्ड के कुछेक कर्मचारी इसे प्राकृतिक समस्या का नाम देकर अपनी जनता के प्रति जिम्मेदारियां सही नहीं निभा पा रहे हैं। मामूली बारिश और तूफान आते ही बोर्ड बिजली का कट लगाकर बैठ जाता है। नतीजन रात भर लोग अंधेरे में ही रहने को मजबूर हुए जा रहे हैं। यही नहीं पेड़ों की टहनियों के अक्सर बिजली तारों से टकरा जाने से भी बिजली बाधित हो जाती है। बिजली तारों की मरम्मत समय पर न होने की वजह से भी वह कहीं से भी टूट कर अप्रिय घटनाओं को अंजाम दे सकती हैं। बिजली ट्रांसफार्मर पर भी सुरक्षा के प्रबंध कोई खास नहीं दिखते जिसके चलते कोई भी अनहोनी घटना हो सकती है। बिजली बोर्ड सप्ताह में एक दिन कभी कभार बिजली तारों की मरम्मत कर रहा है। स्टाफ के अभाव के चलते लोगों को खासकर गर्मियों में चौबीस घंटे बिजली की सुविधा पर्याप्त मात्रा में नहीं मिल पा रही है। अगर बिजली का ट्रांसफार्मर जल जाए तो उसकी रिपेयर करने में ही कई दिन लग जाते हैं। इस बीच बोर्ड के पास कोई स्थायी विकल्प नहीं होता ताकि बिजली सप्लाई चलाई जा सके। बिजली बिलों का समय पर उपभोक्ताओं को न मिलना उनके घरेलू आर्थिक बजट को डगमगा कर रख देता है।

बोर्ड के कर्मचारी अब तो मीटर रीडिंग का आकलन किए बगैर ही अनुमान से बिजली बिल काटना अपनी आदत बना चुके हैं। गर्मियों का मौसम शुरू होते ही लोगों को बिजली की जरूरत भी कहीं अधिक बढ़ जाती है। चिलचिलाती गर्मी से राहत दिलाने के लिए बिजली पंखों पर ही लोग ज्यादातर निर्भर करते हैं। अंधेरी रातों में अचानक बिजली का बाधित हो जाना लोगों के लिए बहुत बड़ी परेशानी का सबब बनकर रह जाता है। पहाड़ में प्राकृतिक जल स्रोत बिलकुल खत्म होने की कगार पर चल रहे हैं। जनता सिर्फ बिजली से चलने वाली जल शक्ति विभाग की स्कीमों पर ही आश्रित है। ऐसे में बिजली का बाधित हो जाना आमजनमानस के लिए बहुत बड़ी चुनौती बनकर रह जाता है। गर्मियों में यहां बिजली लोगों की अत्यधिक जरूरत बन जाती। वहीं बिजली ट्रांसफार्मर पर लोड का बोझ भी पहले की अपेक्षा कहीं अधिक बढ़ जाता है। सच बात यह है कि लोगों द्वारा अब बिजली का अत्यधिक इस्तेमाल किया जा रहा है, जिसकी वजह से ट्रांसफार्मर में तकनीकी खराबी के कारण बिजली उपकरण जल रहे हैं। अधिकारी जनता को जमीन में अर्थ करवाए जाने की सलाह देकर अपना पीछा छुड़ा रहे हैं। बोर्ड ने क्या कभी इस तरह जलने वाले उपकरणों की जिम्मेदारी लेना गवारा समझा है।

# नेशनल हाईवे पर बढ़ रहे सड़क हादसे रोकने होंगे

**कश्मीर** से लेकर कन्याकुमारी तक रोड रेज की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। प्रतिदिन बेलगाम हो रही रोड रेज की घटनाओं पर समय रहते लगाम लगानी होगी, इन हादसों पर मनन करना होगा, अन्यथा बहुत देर हो जाएगी। हिमाचल में रोड रेज की ताजा घटना से रोंगटे खड़े हो जाते हैं। रोड रेज की घटनाओं के आंकड़े बढ़ते ही जा रहे हैं।

ओवरटेक को लेकर हुए झगड़े में दो घरों के बेटे चिरनिद्रा में सो गए। नया साल अमनदीप व गंगा सिंह के लिए काल बन गया और दोनों मामूली सी बात के लिए एक-दूसरे से झगड़ पड़े और असमय ही दोनों बेमौत मारे गए। बेचारे दोनों ड्राइवरों ने सपने में भी नहीं सोचा होगा कि यह साल काल बन जाएगा। दोनों ही काल के गाल में समा गए। काश अमन व गंगा सिंह ने संयम रखा होता तो यह हादसा नहीं होता और सवारियों ने बीच बचाव किया होता तो यह हादसा रुक सकता था। किसी ने भी ऐसी समझदारी नहीं निभाई कि दोनों को समझाते या पुलिस को इतलाह कर देते तो यह हादसा टल सकता था। ओवरटेक को लेकर दो चालकों की आपसी लड़ाई में दोनों ब्यास नदी में गिर गए और बेमौत मारे गए। इस हादसे से आत्मा सिहर उठती है और मन पसीज जाता है। यह घटना सोमवार रात को करीब 11बजे घटित हुई। चंडीगढ़-मनाली हाईवे पर टूरिस्ट से भरी ट्रेवलर को पंजाब के जालंधर की एसयूवी ने ओवरटेक करना चाहा बार-बार कोशिश करने पर भी ओवरटेक न कर पाने से एसयूवी का ड्राइवर गुस्से में आ गया और आगे चलकर ट्रेवलर को रोक लिया और दोनों ड्राइवरों में बहस शुरू हो गई और दोनों लड़ते-लड़ते ब्यास में गिर गए। एसडीआरफ की टीम ने सर्च ऑपरेशन किया और अमन की लाश चार दिन बाद मिली और गंगा सिंह की लाश पांचवें दिन मिली। अमन व गंगा सिंह के परिवार वालों के सहारे छिन गए। बच्चों के सिर से बाप का साया उठ गया और उनकी पत्नियों का सुहाग उजड़ गया और मां-बाप का बुढ़ापे का सहारा छिन गया, बच्चे अनाथ हो गए। परिवारों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। परिवार को इस हादसे से उभरने में कई साल लग जाएंगे। इस हादसे के जख्म तो भर जाएंगे पर निशान अमिट रहेंगे। नववर्ष पर हुआ यह हादसा दोनों परिवारों को ताउम्र याद रहेगा। केंद्र सरकार व प्रशासन को इस दुखद हादसे पर संज्ञान लेना चाहिए। हाईवे पर यातायात बहुत ही ज्यादा बढ़ गया है। लोग ओवरस्पीड में वाहन चलाते हैं और ओवरटेक करते हैं। पर्यटक रास्तों से अनजान होते हैं और तेज रफ्तार से वाहन चलाते हैं। हाईवे पर प्रतिदिन ऐसे हादसे होते रहते हैं। यातायात पुलिस को ऐसे चालकों पर शिकंजा कसना चाहिए जो नशा करके गाड़ियां ड्राइव करते हैं। ऐसे ड्राइवरों के लाइसेंस रद्द करने चाहिए। एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ में लड़ाई झगड़ा नहीं करना चाहिए।



ब्लॉगर

लेखक
नरेंद्र भारती
जिला मंडी, वरिष्ठ पत्रकार, मो : 9459047744

**यह कॉलम ब्लॉगर के लिए है। इस व्हाट्सऐप नंबर 9882400808 पर भेजें।**

## आपका पत्र

**आज** देश ने शिक्षा के क्षेत्र में अनेक कीर्तिमान स्थापित किए हैं और प्रतिभावान युवाओं ने अपनी अहम पहचान बनाई है। भविष्य में भी देश के प्रतिभावान युवा अपना दम-खम दिखाने के लिए बेताब हैं, लेकिन आज चिंता इस बात की है कि नई पीढ़ी में बड़ों के प्रति मान-सम्मान और आदर का भाव दिन-प्रतिदिन गिरता जा रहा है। पहले बच्चों में बड़ों के प्रति मान-सम्मान और आदर का भाव का संस्कार होता है, लेकिन आज स्थिति बिलकुल विपरीत है। आज हम सभी के लिए और माता-पिता का कर्तव्य है कि वे अपने बच्चों को संस्कार दें, ताकि आने वाला भविष्य संस्कारहीन न हो जाए। आज संस्कारों की कमी के कारण युवा दिशाहीन होते जा रहे हैं और नशे के जाल में फंसते जा रहे हैं। आज जो बच्चे बड़े-बड़े स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने जा रहे हैं। वहां ये परम आवश्यक है कि बच्चों के अंदर बड़ों के प्रति आदर भाव, मान-सम्मान स्थापित करने जैसे गुणों का संचार किया जाए, ताकि शिक्षा के साथ-साथ नई पीढ़ी संस्कार भी ग्रहण करे, अन्यथा भविष्य में यही कहावत चरितार्थ होगी कि अब क्या पछताए होत, जब चिड़िया चुग गई खेत। –**मनजीत**

## आपकी डायरी

**न कोई है बुरा**
**ना ही भला है,**
**किसी से कैसा**
**कोई क्या गिला है।**
**तुम्हारे हक का तुमको**
**होगा हासिल,**
**हमारे हक में जो**
**हमको मिला है।**



शायर
वीपी सिंह 'अक्फर'
पालमपुर, कांगड़ा

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक विशाल धीमान द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### कर्नाटक ने पंजाब पर कसा शिकंजा

**हुब्बाली (कर्नाटक)।** देवदत्त पडीक्कल (193 रन) और मनीष पांडे (118 रन) के शानदार शतकों की बदौलत कर्नाटक ने शनिवार को रणजी ट्राफी एलीट ग्रुप सी मैच के दूसरे दिन पंजाब के खिलाफ स्टंप तक छह विकेट पर 461 रन बनाकर पहली पारी के आधार पर 309 रन की बढ़त हासिल की। पडीक्कल (24 चौके, चार छक्के) और पांडे (13 चौके, तीन छक्के) ने कर्नाटक को विशाल बढ़त दिलाने में मदद की। कर्नाटक ने पंजाब को पहले दिन पहली पारी में 152 रन पर समेट दिया था। वहीं वलसाड में तमिलनाडु ने गुजरात पर 14 रन से पहली पारी की बढ़त हासिल की। गुजरात को 236 रन पर समेटने के बाद तमिलनाडु ने लगातार अंतराल पर विकेट गंवा दिए। गुजरात के लिए लेग स्पिनर रवि बिश्नोई 73 रन देकर चार विकेट और तेज गेंदबाज अर्जन नागवासवाला 35 रन देकर तीन विकेट हासिल किए। लेकिन एम मोहम्मद (85 रन) और संदीप वारियर (38 रन) के बीच नौवें विकेट की साझेदारी से तमिलनाडु की टीम महत्वपूर्ण बढ़त हासिल करने में सफल रही। चंडीगढ़ में सलामी बल्लेबाज विवेक सिंह (114 रन) के शतक से रेलवे ने चंडीगढ़ के खिलाफ स्टंप तक पहली पारी में चार विकेट पर 313 रन बना लिए और उसकी कुल बढ़त 217 रन की हो गई है।

### शीर्ष वरीय सबालेंका ने अजारेंका को हराया

**ब्रिसबेन (आस्ट्रेलिया)।** शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका ने शनिवार को दो बार की चैंपियन विक्टोरिया अजारेंका पर 6-2, 6-4 की जीत से ब्रिसबेन अंतरराष्ट्रीय टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया, जिसमें उनकी भिड़ंत एलीना रिबाकिना से होगा। पिछले साल आस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में भी सबालेंका और रिबाकिना का सामना हुआ था। इसमें सबालेंका ने रिबाकिना पर 4-6, 6-3, 6-4 से जीत हासिल कर ग्रैंडस्लैम खिताब जीता था। रिबाकिना ने 19 वर्षीय लिंडा नोसकोवा पर 6-3, 6-2 की जीत से फाइनल में प्रवेश किया। पुरुष वर्ग के फाइनल में भी शीर्ष दो वरीय खिलाड़ी पहुंच सकते हैं। शीर्ष वरीय होल्गर रूने ने रोमन सैफियूलीन पर 6-4, 7-6 से जीत हासिल की। आठवीं रैंकिंग पर काबिज रूने एटीपी में पांचवां खिताब हासिल करने की उम्मीद लगाये होंगे जिसमें उनका सामना रविवार को दूसरे वरीय ग्रिगोर दिमित्रोव और जोर्डन थाम्पसन के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगा।

### डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर में पेश करेंगे चुनौती

**मापुसा (गोवा)।** दुनिया के पांचवें नंबर के खिलाड़ी ह्यूगो काल्डेरानो, शीर्ष भारतीय महिला मनिका बत्रा, युगल विशेषज्ञ जी साथियान और अचंता शरत कमल जैसे कुछ शीर्ष टेबल टेनिस खिलाड़ी डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर 2024 में चुनौती पेश करेंगे। यह टूर्नामेंट 23 से 28 जनवरी के बीच यहां पेड्डेम इंडोर स्टेडियम में आयोजित होने वाला है। इस टूर्नामेंट की पुरस्कार राशि 250,000 डॉलर है। इसमें खिलाड़ियों को रैंकिंग अंक जीतने और डब्ल्यूटीटी कप फाइनल और डब्ल्यूटीटी चैंपियंस सीरीज के लिए क्वालिफिकेशन हासिल करने का मौका मिलेगा। ब्राजील के पूर्व युवा ओलंपिक कांस्य पदक विजेता काल्डेरानो, भारतीय टेबल टेनिस महासंघ (आईटीटीएफ) की देखरेख में 'स्तूप स्पोर्ट्स एनालिटिक्स' और 'अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) द्वारा सह-आयोजित टूर्नामेंट के एकल मुख्य ड्रॉ में भाग लेने वाले 20 बड़े खिलाड़ियों में से एक होंगे।

### सेन को अप्रैल तक शीर्ष-10 में पहुंचने की उम्मीद

**नई दिल्ली।** युवा बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन को उम्मीद है कि पिछले सत्र के खत्म होने के बाद अपने खेल की विविधताओं पर की गई मेहनत कारगर होगी और वह ओलंपिक (पेरिस 2024) क्वालिफिकेशन हासिल करने में सफल रहेंगे। अल्मोड़ा का 22 वर्षीय खिलाड़ी ओलंपिक खेलों की क्वालिफिकेशन रैंकिंग में 17वें स्थान पर है। उन्होंने कहा कि मेरे लिए अभी मुख्य चिंता अप्रैल तक अगले कुछ महीनों में टूर्नामेंट में आखिरी चरणों तक पहुंचने की है। उसके बाद रैंकिंग की बारी आएगी। अभी मैं क्वालीफिकेशन रैंकिंग में सहज स्थिति में नहीं हूं। उन्होंने कहा कि मैं अपनी रैंकिंग में सुधार करना चाहूंगा और क्वालिफिकेशन के अंत तक शीर्ष-10 में रहना पसंद करूंगा। राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन सेन ने जुलाई में कनाडा ओपन सुपर 500 खिताब अपने नाम किया था।



## क्या ऑलराउंड प्रदर्शन जारी रख पाएगी भारतीय महिला क्रिकेट टीम

# टी-20 सीरीज जीतने उतरेगा भारत



**एजेंसी, नवी मुंबई**

**पहले** मैच में बड़ी जीत से उत्साह से ओतप्रोत भारतीय महिला टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रविवार को होने वाले दूसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अपना ऑलराउंड प्रदर्शन जारी रखकर तीन मैचों की सीरीज में अजेय बढ़त हासिल करने की कोशिश करेगी।

एकदिवसीय सीरीज में तीनों मैच गंवाने के बाद भारतीय महिला टीम ने पहले टी-20 मैच में खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करके ऑस्ट्रेलिया को नौ विकेट से करारी शिकस्त दी थी, जो इस प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ उसकी सबसे बड़ी जीत है।

भारतीय टीम ने इस मैच में न सिर्फ क्षेत्ररक्षण में चुस्ती दिखाई, बल्कि उसके गेंदबाजों ने भी ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों को खुलकर नहीं खेलने दिया। भारत के सामने 142 रन का लक्ष्य था, जो उसने शेफाली वर्मा (नाबाद 64) और स्मृति मंधाना (54) के बीच पहले विकेट के लिए 137 रन की साझेदारी के दम पर आसानी से हासिल कर दिया। भारतीय गेंदबाजों ने इस मैच में शानदार प्रदर्शन किया। युवा गेंदबाज टिटास साधु ने चार ओवर में 17 रन देकर चार विकेट लिए। इनमें से तीन विकेट उन्होंने पावरप्ले में लिए थे। स्पिनर दीप्ति शर्मा और श्रेयंका पाटिल ने दो-दो विकेट लेकर उनका अच्छा साथ दिया था।

### अच्छा प्रदर्शन करना कई घंटे की कड़ी मेहनत का परिणाम

**टिटास** ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा कि प्रत्येक मैच और अच्छा प्रदर्शन कई घंटे की कड़ी मेहनत का परिणाम होता है। मेरा मानना है कि क्षेत्ररक्षण में हमारा प्रदर्शन शानदार रहा, क्योंकि एक गेंदबाज मैदान पर मौजूद अन्य खिलाड़ियों के सहयोग से ही अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकता है।

### पहली सीरीज कब्जाने के करीब वुमंस टीम इंडिया

**डीवाई** पाटिल स्टेडियम में शुक्रवार को दर्ज की गई जीत से भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू धरती पर पहली सीरीज जीतने के करीब पहुंच गई है। भारत ने 2015-16 में ऑस्ट्रेलिया को उसकी धरती पर तीन मैच की सीरीज में 2-1 से हराया था। भारतीय टीम को यह उपलब्धि हासिल करने के लिए न सिर्फ अपने प्रदर्शन में निरंतर दिखानी होगी, बल्कि ऑस्ट्रेलिया के जवाबी हमले से भी सतर्क रहना होगा, जो एलिस पेरी के 300वें अंतरराष्ट्रीय मैच का जश्न जीत के साथ मनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### एलिस पेरी की उपलब्धि का जश्न मनाने का शानदार अवसर : एलिसा हीली



**ऑस्ट्रेलिया** की कप्तान एलिसा हीली ने कहा कि हम वास्तव में रविवार को होने वाले मैच को लेकर काफी उत्साहित हैं। यह हमारी टीम के लिए एलिस पेरी की उपलब्धि का जश्न मनाने का शानदार अवसर है। उनके 300वें मैच का हिस्सा बनने को लेकर वास्तव में प्रत्येक खिलाड़ी उत्साहित है। वह इस पर बात नहीं करना चाहती है, क्योंकि इससे उसे लगता है कि वह उम्रदराज हो गई है। ऑस्ट्रेलिया को उम्मीद रहेगी कि पेरी बड़ा स्कोर बनाकर इस मैच को यादगार बनाने की कोशिश करेगी। भारत को उसके अलावा बेहतरीन फार्म में चल रही फोएबे लिचफील्ड से भी सतर्क रहना होगा, जिन्होंने पिछले मैच में 49 रन बनाए थे।

### भारत

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), जेमिमा रोड्रिग्स, शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), ऋचा घोष (विकेटकीपर), अमनजोत कौर, श्रेयंका पाटिल, मन्नत कश्यप, सैका इशाक, रेणुका सिंह ठाकुर , टिटास साधु, पूजा वस्त्राकर, कनिका आहूजा, मिन्नू मणि।

### ऑस्ट्रेलिया

डार्सी ब्राउन, हीथर ग्राहम, एशले गार्डनर, किम गार्थ, ग्रेस हैरिस, एलिसा हीली (कप्तान और विकेटकीपर), जेस जोनासेन, अलाना किंग, फोएबे लिचफील्ड, ताहलिया मैकग्रा (उपकप्तान), बेथ मूनी (विकेटकीपर), एलिस पेरी, मेगन शुट्ट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वेयरहैम।

# शानदार क्षेत्ररक्षक हैं रोहित शर्मा और विराट कोहली : गावस्कर

## भारतीय दिग्गजों ने किया टी-20 विश्व कप में खेलने का समर्थन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**पूर्व** कप्तान सुनील गावस्कर ने जून में होने वाले टी-20 विश्व कप में रोहित शर्मा और विराट कोहली के खेलने का समर्थन करते हुए कहा कि ये दोनों सीनियर खिलाड़ी भारतीय टीम में सिर्फ अहम बल्लेबाज ही नहीं बल्कि शानदार क्षेत्ररक्षक भी हैं।

गावस्कर ने कहा कि मुझे उनका क्षेत्ररक्षण अच्छा लगता है। विराट कोहली और रोहित शर्मा अब भी बेहतरीन क्षेत्ररक्षक हैं और मैदान पर उनसे काफी मदद मिलेगी। साथ ही ड्रेसिंग रूम में उनके सीनियर होने के साथ वे मैदान पर भी योगदान करेंगे।

उन्होंने कहा कि कभी कभार आप जब 35-36 साल की उम्र में होते हो तो आपके एक्शन धीमे हो जाते हो। आपका थ्रो भी उतना जानदार नहीं रहता। इसलिए आपको मैदान में क्षेत्ररक्षण के लिए खिलाड़ियों को सजाते हुए कहां खड़ा किया जाए, इस पर चर्चा होती है। लेकिन इन दोनों खिलाड़ियों के साथ ऐसी कोई समस्या नहीं है, क्योंकि ये दोनों अब भी शानदार क्षेत्ररक्षक हैं। टी-20 विश्व कप वेस्टइंडीज और अमेरिका की संयुक्त मेजबानी में एक से 29 जून तक खेला जाएगा।

रोहित की अनुपस्थिति में हार्दिक पंड्या टी-20 अंतरराष्ट्रीय में भारतीय टीम की अगुआई कर रहे हैं। इस आल राउंडर को मुंबई इंडियंस में भी रोहित की जगह कप्तानी दी गई है। रोहित को अगर टीम में शामिल किया जाता है तो क्या वह छोटे प्रारूप में भारतीय टीम की अगुआई करेंगे, लेकिन इसका पता अभी नहीं लगा है। पर रोहित के अनुभव को देखते हुए गावस्कर का मानना है कि टीम का नेतृत्व नहीं करने के बावजूद वह काफी कुछ दे सकते हैं। गावस्कर ने कहा कि हम नहीं जानते कि रोहित कप्तान होगा या नहीं, लेकिन जो भी हो, कोई भी कप्तान हो, उसे इससे फायदा जरूर मिलेगा।

### रोहित-कोहली को टी-20 विश्व कप में भारतीय टीम का हिस्सा होना चाहिए



पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज इरफान पठान को भी लगता है कि रोहित और कोहली को टी-20 विश्व कप में भारतीय टीम का हिस्सा होना चाहिए, क्योंकि अमेरिका और वेस्टइंडीज की कुछ पिचों से सभी अनजान हैं और इन दोनों का अनुभव मैदान के अंदर और बाहर जरूरी होगा। पठान ने कहा कि व्यक्तिगत रूप से, मैं विराट को पिच पर देखना चाहूंगा, क्योंकि अगर हम दो साल पहले की बात करें तो वह निश्चित रूप से अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं था। लेकिन पिछले आईपीएल और टी-20 में उसका प्रदर्शन अद्भुत रहा। उन्होंने कहा कि दोनों खिलाड़ियों को खिलाना टीम प्रबंधन के साथ उनकी फिटनेस पर भी निर्भर करेगा, लेकिन मैं दोनों को मैदान पर देखना पसंद करूंगा, विशेषकर रोहित की फॉर्म भी शानदार चल रही है और वह वनडे क्रिकेट में काफी रन बना रहे हैं।

# तेज गेंदबाजी साधु की सफलता की कुंजी

## झूलन गोस्वामी ने दी थी तेज गेंदबाजी पर ध्यान देने की सलाह

**एजेंसी, नवी मुंबई**

**भारत** की युवा तेज गेंदबाज टिटास साधु ने कहा कि दिग्गज गेंदबाज झूलन गोस्वामी उनकी जिंदगी का अहम हिस्सा रही हैं और केवल तेज गेंदबाजी करने पर ध्यान देने की उनकी सलाह का यह 19 वर्षीय खिलाड़ी प्रत्येक दिन पालन करती है।

टिटास ने शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 17 रन देकर चार विकेट लिए, जिससे भारत ने यह मैच आसानी से 9 विकेट से जीता। यह 2012 के बाद पहला अवसर था, जबकि भारत की किसी गेंदबाज ने मैच में चार या इससे अधिक विकेट लिए। झूलन ने मार्च 2012 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 11 रन देकर 5 विकेट लिए थे।



टिटास ने संवाददाताओं से कहा कि जब मेरी झूलन दीदी से पहली बार बातचीत हुई थी तो उन्होंने कहा था कि बाकी चीजों के बारे में सोचना बंद करो और केवल तेज गेंदबाजी करने पर ध्यान दो, क्योंकि तुम तेज गेंदबाज हो और तुम्हें अधिक से अधिक तेज गति से गेंद करनी होगी। मुझे लगता है कि यह मेरी सफलता की कुंजी है।

टिटास ने कहा कि झूलन गोस्वामी की उनकी जिंदगी में हमेशा जीवंत उपस्थिति रही है। उन्होंने कहा कि झूलन गोस्वामी मेरी जिंदगी का अहम हिस्सा रही हैं, क्योंकि जब मैं 13 साल की थी तब मैंने पहली बार उन्हें देखा था और इसके बाद हमेशा उनका मुझ पर प्रभाव रहा।

# दक्षिण अफ्रीका में 'फुल लेंग्थ' की गेंदबाजी कारगर नहीं : मुकेश

**एजेंसी, केपटाउन**

**भारत** को दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के दूसरे मैच में जीत दिलाने में अपना योगदान देने वाले मुकेश कुमार ने कहा कि मुझे लगता है कि मैं टीम प्रबंधन द्वारा सौंपी गई भूमिका को निभाने में सक्षम रहा। मैं अपनी गेंदबाजी से संतुष्ट हूं और सबसे अच्छी बात यह है कि मैंने कड़ी मेहनत की है और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया है। कम गति के बावजूद चतुराई भरी गेंदबाजी से बल्लेबाजों को चकमा देने वाले मुकेश को यह समझने में देर नहीं लगी की दक्षिण अफ्रीका में 'फुल लेंग्थ' की गेंदबाजी कारगर नहीं है। मुकेश ने कहा कि भारतीय पिचों की तुलना में इस तरह की पिचों पर गेंदबाजी करने में बहुत अंतर है। भारत में, जब आप फुल लेंथ गेंद फेंकने की कोशिश करते हैं तो गेंद हवा में स्विंग होती है। अगर आप यहां बहुत ज्यादा फुल लेंथ फेंकने की कोशिश करते हैं, तो आप कारगर नहीं रहेंगे। दो मैचों की श्रृंखला के 1-1 से बराबर होने के बाद उन्होंने कहा कि इसलिए हमने फैसला किया कि हम छह से आठ मीटर लंबाई (बैक ऑफ लेंग्थ) के बीच गेंदबाजी करेंगे।

## भारत अगर टर्निंग विकेट तैयार करता है, तो होगा तेज गेंदबाजी आक्रमण प्रभावित : बेयरस्टो

**लंदन।** इंग्लैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो ने कहा कि भारत अलग-अलग तरह की पिच तैयार कर सकता है। ऐसी पिच भी जिनमें टर्न नहीं हो। हम सभी ने देखा है कि हाल में उनका तेज गेंदबाजी आक्रमण कितना दमदार रहा है। उन्होंने कहा कि मुझे पूरा यकीन है कि वह टर्निंग विकेट तैयार करेंगे। वह पहले दिन से टर्न लेंगे या नहीं यह कहा नहीं जा सकता, क्योंकि इससे उनके तेज गेंदबाजी आक्रमण की ताकत कुछ कम पड़ जाएगी।



# पाकिस्तान का सूपड़ा साफ

- ऑस्ट्रेलिया ने अंतिम टेस्ट मैच में आठ विकेट से हराया
- डेविड वार्नर ने अपने आखिरी टेस्ट की आखिरी पारी में जमाया अर्धशतक
- 112 टेस्ट मैच खेलकर किया अपने करियर का सुखद अंत



तीन मैचों की सीरीज में क्लीन स्वीप करके ट्रॉफी के साथ खुशी मनाती ऑस्ट्रेलिया की टीम।

**एजेंसी, सिडनी**

**डेविड** वार्नर ने अपने घरेलू मैदान पर 57 रन बनाकर 112 टेस्ट मैच के अपने करियर का अंत किया, जबकि आस्ट्रेलिया ने शनिवार को तीसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच में पाकिस्तान को आठ विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज में क्लीन स्वीप करके इस दिग्गज सलामी बल्लेबाज को शानदार विदाई दी। ऑस्ट्रेलिया जब लक्ष्य से केवल 11 रन दूर था, तब वार्नर को साजिद खान ने पगबाधा आउट किया। जब वह सिडनी क्रिकेट ग्राउंड से पवेलियन की तरफ बढ़ रहे थे, तब दर्शकों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया।

ऑस्ट्रेलिया की पारी में वह आउट होने वाले दूसरे बल्लेबाज थे। साजिद ने इससे पहले सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा को भी पगबाधा आउट किया था। ख्वाजा खाता भी नहीं खोल पाए। ऑस्ट्रेलिया के सामने 130 रन का लक्ष्य था, जो उसने दो विकेट खोकर हासिल कर दिया। वार्नर के अलावा मार्नस लाबुशेन (नाबाद 62) ने भी अर्धशतक जमाया, जबकि स्टीव स्मिथ चार रन बनाकर नाबाद रहे।

पाकिस्तान ने अपनी पहली पारी में 313 रन का अच्छा स्कोर खड़ा किया था, जिसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 299 बनाए। पाकिस्तान की टीम दूसरी पारी में 115 रन पर आउट हो गई थी।

## ऑकलैंड क्लासिक टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में होगी दोनों खिलाड़ियों के बीच शानदार और जानदार टक्कर

# गॉफ और स्वितोलिना में होगा खिताबी मुकाबला

**एजेंसी, ऑकलैंड**

**पिछली** बार की चैंपियन कोको गॉफ ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शनिवार को ऑकलैंड क्लासिक टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाकर अपने खिताब का बचाव करने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए।

अमेरिका की इस खिलाड़ी ने सेमीफाइनल में हमवतन एम्मा नवारो को केवल 62 मिनट में 6-3, 6-1 से हराया। गॉफ इस तरह से ऑकलैंड में दो वर्षों में



लगातार 18 सेट और नौ मैच जीत चुकी है। रविवार को होने वाले फाइनल में उनका मुकाबला दूसरी वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना से होगा, जिन्होंने एक अन्य सेमीफाइनल में तीन सेट तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में चीन की वांग जियू पर 2-6, 6-4, 6-3 से जीत दर्ज की।

स्वितोलिना को इस मैच के दौरान दो बार 'मेडिकल टाइमआउट' भी लेना पड़ा, लेकिन आखिर में वह चीन की अपनी प्रतिद्वंद्वी को हराने में सफल रही।

### इगा स्वियातेक और हुबर्ट हर्काज ने पोलैंड को यूनाइटेड कप के फाइनल में पहुंचाया

**सिडनी।** विश्व की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक और ह्यूबर्ट हर्काज के शानदार प्रदर्शन से पोलैंड ने शनिवार को यहां फ्रांस को 3-0 से हराकर यूनाइटेड कप मिश्रित टीम टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। स्वियातेक ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके कैरोलिन गार्सिया को 4-6, 6-1, 6-1 से हराया। इसके बाद एटीपी रैंकिंग में नौवें नंबर पर काबिज हर्काज ने एड्रियन मन्नारिनो को 6-3, 7-5 से हराकर अपनी टीम को 2-0 की अजेय बढ़त दिला दी। पोलैंड ने इसके बाद मिश्रित युगल का मैच भी जीता। पोलैंड रविवार को होने वाले फाइनल में ऑस्ट्रेलिया और जर्मनी के बीच खेले जा रहे दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से भिड़ेगा। शीर्ष वरीयता प्राप्त पोलैंड ने ग्रुप चरण में केवल एक मैच गंवाया था। उसने चीन को 3-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी।

# भारत जोड़ो न्याय यात्रा का लोगो लॉन्च, 14 जनवरी से होगी यात्रा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में शनिवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' का लोगो लॉन्च किया। उन्होंने बताया कि राहुल गांधी के नेतृत्व में हम 14 जनवरी से 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' शुरू कर रहे हैं। यात्रा से जुड़ने के लिए विपक्षी गठबंधन के नेताओं, कांग्रेस के मित्र दलों और सिविल सोसाइटी को भी आमंत्रित किया गया है।

'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' पर राहुल गांधी का कहना है, हम फिर आ रहे हैं अपनों के बीच, अन्याय और अहंकार के विरुद्ध 'न्याय की ललकार' लेकर। सत्य के इस पथ पर मेरी शपथ है, यात्रा जारी रहेगी, न्याय का हक, मिलने तक। कांग्रेस




अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि 14 जनवरी से मणिपुर से मुंबई तक 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' शुरू की जा रही है। 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के माध्यम से हम जनता से जुड़े मुद्दों पर बात करेंगे। 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा', देशवासियों को आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक न्याय दिलाने की ओर हमारा एक मजबूत कदम है। 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' देश के सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और बुनियादी मुद्दों को लेकर निकाली जा रही है।

### करवाई आपातकालीन लैंडिंग,16 हजार फुट की ऊंचाई पर उड़ रहा था विमान, 177 यात्री थे सवार

# अलास्का एयरलाइंस के विमान की खिड़की उखड़कर हवा में उड़ी

**एजेंसी, वाशिंगटन**




अलास्का एयरलाइंस के अमेरिका के ओरेगोन राज्य के पोर्टलैंड से कैलिफोर्निया जा रहे विमान की एक खिड़की उखड़कर हवा में उड़ गई। जिसके बाद विमान की आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी।

विमान 16 हजार फीट की ऊंचाई पर उड़ रहा था। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, बोइंग 737-9 मैक्स ने शुक्रवार शाम 4.52 बजे उड़ान भरी और 20 मिनट बाद पोर्टलैंड लौट आया। एक यात्री द्वारा भेजी गई तस्वीरों के अनुसार, हवाई जहाज के ढांचे का एक बड़ा हिस्सा और एक खिड़की गायब थी। अलास्का एयरलाइंस की फ्लाइट 1282 में चालक दल द्वारा दबाव कम की सूचना दी। इसके बाद विमान की पोर्टलैंड अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षित लैंडिंग कराई गई। पोर्टलैंड अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और अलास्का एयरलाइंस दोनों ने



आपातकालीन लैंडिंग की पुष्टि की है। अलास्का एयरलाइंस ने भी पुष्टि की कि फ्लाइट 1282 पर एक घटना घटी, जो पोर्टलैंड से ओंटारियो, कैलिफोर्निया जा रही थी। एयरलाइन ने कहा कि विमान ने 171 यात्रियों और छह चालक दल के सदस्यों के साथ पोर्टलैंड अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षित लैंडिंग की। मामले की जांच की जा रही है। विमान में सवार एक यात्री काइल रिंकर ने बताया कि उड़ान भरने के तुरंत बाद एक खिड़की बाहर निकल गई। यह सचमुच अभूतपूर्व था। अभी-अभी विमान ऊंचाई पर पहुंचा ही था कि खिड़की उखड़कर हवा में उड़ गई और इसके बावजूद इस पर तब तक ध्यान नहीं गया जब तक ऑक्सीजन मास्क नीचे नहीं आ गए। एफएए और राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड ने घोषणा की है कि वे घटना की जांच करेंगे।

### सूरत की कपड़ा मार्केट राममय

## राम मंदिर थीम पर बनाई 6.5 मीटर की डिजिटल साड़ी



**सूरत।** अयोध्या के निर्माणाधीन श्रीराम मंदिर में 22 जनवरी को होने वाले रामलला प्रतिमा प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को लेकर सूरत के टेक्सटाइल मार्केट में जबरदस्त उत्साह है। यहां 22 जनवरी को सजावट एवं धार्मिक आयोजनों की तैयारी की जा रही है। इसके साथ राम मंदिर की झलक दिखाने वाली साड़ियां भी बनाई गई हैं, जिनकी डिमांड आने लगी हैं।

## वर्ल्ड न्यूज

### बांग्लादेश में ट्रेन में लगी आग चार यात्रियों की दर्दनाक मौत

**ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका में शुक्रवार देर रात ट्रेन में आग लगने से चार लोगों की मौत हो गई। हादसे में कई लोग जख्मी हुए हैं। पुलिस को शक है कि यह साजिश के तहत की गई आगजनी का मामला है। यह घटना देश में होने जा रहे आम चुनाव से दो दिन पहले हुई है और देश की मुख्य विपक्षी पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने चुनाव का बहिष्कार किया है। फायर सर्विस के सहायक अधिकारी रकीबुल हसन के मुताबिक शुक्रवार रात फायर ब्रिगेड की सात गाड़ियां मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया।



### बृजभूषण सिंह मामले की अब 20 जनवरी को सुनवाई



**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट में महिला पहलवानों के यौन शोषण के आरोपों के मामले में भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आरोप तय करने के मामले पर दिल्ली पुलिस ने अपनी दलीलें पूरी कर लीं। एडिशनल मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट प्रियंका राजपूत ने मामले की अगली सुनवाई 20 जनवरी को करने का आदेश दिया।

### श्रीनगर में हथियार बरामदगी मामले के आरोपी की संपत्ति कुर्क

**श्रीनगर।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने शनिवार सुबह श्रीनगर जिले के चनापोरा इलाके में हथियार बरामदगी के मामले में एक आरोपी के घर को कुर्क कर दिया। एनआईए की टीम ने शनिवार सुबह पुलिस और सीआरपीएफ के साथ मिलकर आरोपी मुश्ताक अहमद निवासी खान कॉलोनी, चनापोरा की संपत्ति कुर्क की है। उन्होंने बताया कि हथियार की बरामदगी से संबंधित केस आरसी 4/22 के सिलसिले में घर की कुर्की की गई है।

### देश में कोरोना के 774 नए मामले, दो लोगों की मौत



**नई दिल्ली।** देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 774 नए मामले सामने आए हैं और दो मरीजों की मौत हुई है। शनिवार को स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार देश में 919 मरीज स्वस्थ हुए हैं। मौजूदा समय में कोरोना के एक्टिव मरीजों की संख्या 4187 है। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना से एक मरीज की मौत गुजरात में और एक मरीज की मौत तमिलनाडु में दर्ज की गई है।

### अमित शाह पर राहुल गांधी की अभद्र टिप्पणी के मामले की सुनवाई टली



**दिल्ली।** उत्तर प्रदेश में सुल्तानपुर की सांसद-विधायक अदालत ने शनिवार को अधिवक्ताओं के कार्य बहिष्कार के कारण गृह मंत्री अमित शाह पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में अगली सुनवाई 18 जनवरी के लिए निर्धारित कर दी। सुलतानपुर की सांसद-विधायक अदालत ने शाह पर पांच वर्ष पूर्व अभद्र टिप्पणी करने के मामले में राहुल को छह जनवरी को तलब होने का समन जारी किया था। इस मामले में सुनवाई होनी थी, लेकिन अधिवक्ताओं के कार्य बहिष्कार करने के कारण अब अगली सुनवाई 18 जनवरी को होगी।

# 'एक देश-एक चुनाव' देश के लिए कितना सही, जनता से मांगे सुझाव

## रामनाथ कोविंद की अगुआई वाली समिति ने जारी किया नोटिस, 15 तक दें राय

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अगुआई में एक देश, एक चुनाव विषय पर गठित समिति ने देश में एक साथ चुनाव कराने के लिए मौजूदा कानूनी प्रशासनिक ढांचे में उचित बदलाव को लेकर जनता से सुझाव मांगे हैं। उच्चस्तरीय समिति ने एक सार्वजनिक नोटिस जारी कर 15 जनवरी तक सुझाव मांगे हैं। समिति ने कहा कि देश में एक साथ चुनाव कराने के लिए मौजूदा ढांचे में उचित बदलाव करने के लिए आम जनता से लिखित रूप में सुझाव आमंत्रित किए जाते हैं। आम लोगों से मिले सुझाव को विचार के लिए समिति के सामने रखा जाएगा।



### यहां दे सकते हैं अपनी राय

**समिति** ने सुझाव देने के लिए एक वेबसाइट और ईमेल एड्रेस जारी किया है। समिति ने कहा कि आम लोग अपनी राय समिति की वेबसाइट onoe.gov.in पर पोस्ट कर सकते हैं, या फिर sc-hlc@gov.in पर ईमेल से भी सुझाव दिए जा सकते हैं।

### राजनीतिक पार्टियों से मांग चुके हैं विचार

**समिति** का गठन पिछले साल सितंबर में किया गया था और तब से दो बैठकें की गई हैं। हाल में समिति में राजनीतिक दलों को पत्र लिखकर देश में एक साथ चुनाव कराने पर उनके विचार मांगे थे। यह पत्र छह राष्ट्रीय दलों, 22 क्षेत्रीय दलों और सात पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त दलों को भेजे गए थे। समिति ने एक साथ चुनाव कराने पर विधि आयोग के विचार भी सुने। विधि आयोग को इस मुद्दे पर दोबारा बुलाया जा सकता है।

### तीन राज्यों में एनआईए ने की बड़ी कार्रवाई

## गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई सिंडिकेट सदस्यों की चार संपत्तियां कुर्क

**एजेंसी, नई दिल्ली**

एनआईए की समन्वित छापेमारी में खूंखार गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के संगठित आतंकी-अपराध सिंडिकेट के सदस्यों की हरियाणा, पंजाब और उत्तर प्रदेश में चार संपत्तियों को कुर्क किया है। इनमें से तीन अचल और एक चल थी।

यह सभी संपत्तियां आतंकवाद की आय थी, जिनका उपयोग आतंकी साजिश रचने और गंभीर अपराधों को अंजाम देने के लिए किया जाता रहा है। एनआईए ने अगस्त, 2022 में बिश्नोई और उसके सहयोगियों के कथित अपराध सिंडिकेट के खिलाफ यूए(पी)ए के तहत मामला दर्ज किया था।कुर्क की गई संपत्तियों में फ्लैट-77/4, आश्रय-1, सुलभ आवास योजना, सेक्टर-1, गोमती नगर एक्सटेंशन, लखनऊ, उत्तर प्रदेश शामिल है, जो लखनऊ, उत्तर प्रदेश में आतंकवादी गिरोह के आश्रयदाता विकास सिंह से संबंधित है। कुर्क की गई दो अन्य संपत्तियां गांव बिशनपुरा, फाजिल्का, पंजाब में स्थित थीं, जो आरोपित दलीप कुमार उर्फ भोला उर्फ दलीप बिश्नोई के स्वामित्व में थीं।

हरियाणा के यमुनानगर निवासी जोगिंदर सिंह के नाम पर पंजीकृत एक एसयूवी भी जब्त की गई।

# गाजा में बच्चों व गर्भवती महिलाओं को नहीं मिल रहा पोषण : यूनिसेफ

**एजेंसी, तेल अवीव**

संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय बाल आपातकालीन कोष (यूनिसेफ) ने कहा है कि गाजा पट्टी में अधिकांश बच्चे और गर्भवती महिलाएं अपनी बुनियादी पोषण आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम नहीं हैं।

संयुक्त राष्ट्र निकाय यूनिसेफ द्वारा किए गए एक सर्वेक्षण में पाया गया कि दो वर्ष से कम उम्र के 90 प्रतिशत बच्चे प्रतिदिन दो बार या उससे रूप कम दूध या



ब्रेड खा रहे हैं। सर्वेक्षण में यह भी कहा गया है कि एक चौथाई गर्भवती महिलाएं प्रतिदिन केवल एक समय का भोजन कर रही हैं। संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों ने कहा कि इसराइल रफा क्रॉसिंग पर सहायता वाहनों की विस्तृत जांच कर रहा है और इसके कारण भारी गोलाबारी के साथ-साथ सहायता सामग्री की आपूर्ति में देरी हो रही है।

संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों ने पहले कहा था कि चार में से एक गाजावासी अकाल जैसे स्तर की भुखमरी का सामना कर रहा है। यूनिसेफ के अनुसार, पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों में दस्त के मामले 48,000 से बढ़कर 71,000 हो गए हैं।

### राष्ट्रपति मुर्मू करेंगी 5वें मेघालय गेम्स का उद्घाटन



**शिलांग।** मेघालय के पश्चिम गारो हिल्स जिले के तुरा में 15 से 20 जनवरी तक आयोजित होने वाले 5वें मेघालय गेम्स का उद्घाटन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी। इसका आयोजन पहली बार तूरा में किया जा रहा है।

मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड के. संगमा ने शनिवार को राष्ट्रपति के कार्यक्रम की जानकारी सोशल मीडिया के जरिए दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति की उपस्थिति राज्य के युवाओं को प्रोत्साहित करेंगी।

## समुद्री डाकुओं के भागने पर अपहृत जहाज पर हुआ 'भारत माता की जय' का उद्घोष




**300** समुद्री मील पूर्व में लाइबेरिया ध्वज वाले व्यापारिक जहाज एमवी लीला को अपहृत किया गया था।

**नई दिल्ली।** अरब सागर में सोमालिया तट के पास अपहृत हुए लाइबेरियाई जहाज एमवी लीला नोरफोक को समुद्री डाकू भारतीय नौसेना की सिर्फ चेतावनी के बाद छोड़कर भाग गए हैं। डाकुओं से मुक्त होने के बाद 'भारत माता की जय' के उद्घोष के साथ जहाज के भारतीय दल ने नौसेना को धन्यवाद दिया है। नौसेना की टीम जहाज की बिजली आपूर्ति और स्टीयरिंग गियर बहाल करने में लगी है। नौसेना की जांच पूरी होने के बाद लाइबेरियाई जहाज को गंतव्य के लिए रवाना कर दिया जाएगा।

# ओटीटी प्रोजेक्ट्स की तलाश में हैं भूमि पेडनेकर

**एजेंसी, मुंबई**

अपने अभिनय करियर की शुरुआत के बाद से भूमि पेडनेकर ने अपनी विविध भूमिकाओं के माध्यम से हिंदी सिनेमा में अपने लिए एक अनोखी जगह बनाई है। पिछले साल भूमि पेडनेकर की चार फिल्में 'भीड़', 'अफवाह', 'थैंक यू फार कॉलिंग' और 'लेडी किलर' रिलीज हुईं। इस साल उनकी दो फिल्में 'भक्त' और 'मेरी पत्नी का रीमेक' बॉक्स ऑफिस पर रिलीज होने वाली हैं लेकिन भूमि पेडनेकर की नजर ओटीटी पर है।

भूमि पेडनेकर फिलहाल ओटीटी प्रोजेक्ट्स की तलाश में हैं। इस बारे में उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर और साथ ही भारत में स्ट्रीमिंग कंटेंट की लोकप्रियता अविश्वसनीय है। मैं पिछले कुछ दिनों से डिजिटल में प्रवेश करने के बारे में सोच रही हूं लेकिन मैं यह भी चाहती हूं कि मेरा स्ट्रीमिंग डेब्यू रोमांचक और ध्यान खींचने वाला हो। यह अब तक बनी फिल्मों से कुछ अलग और अनोखा होना चाहिए।



### लंबा प्रारूप एक कलाकार को चरित्र में जीने का मौका देता है

उन्होंने आगे कहा, एक दर्शक के रूप में मैं वास्तव में मानती हूं कि मंच और उनके द्वारा प्रस्तुत सामग्री भी अच्छी है। एक लंबा प्रारूप एक कलाकार को वास्तव में अपने चरित्र में जीने और कुछ ऐसा बनाने का मौका देता है, जो वास्तव में प्रतिष्ठित हो सकता है। मैं बहुत सारे शो का प्रशंसक हूं। मैं इसमें आने वाली सभी सामग्री का दर्शक हूं। मैं सकारात्मक हूं कि मुझे कुछ ऐसा मिलेगा जिस पर मुझे विश्वास है।'

# ज्ञानवापी सर्वे रिपोर्ट मामले में 24 जनवरी को आएगा फैसला

**एजेंसी, वाराणसी**

ज्ञानवापी परिसर से संबंधित एएसआई की सीलबंद सर्वे रिपोर्ट के सार्वजनिक करने के मामले में शनिवार को जिला अदालत से आदेश आ गया है। वाराणसी जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने एएसआई का आवेदन स्वीकार कर लिया है, जिसमें टीम ने चार सप्ताह तक रिपोर्ट सार्वजनिक न करने की अपील की थी।

बता दें कि एएसआई ने जिला जज की अदालत में आवेदन देकर कहा कि चार सप्ताह तक सर्वे रिपोर्ट सार्वजनिक न की जाए, क्योंकि इलाहबाद हाई कोर्ट ने वर्ष 1991 के लंबित वाद लार्ड विश्वेश्वर मामले में भी सर्वे रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है। ऐसे में द्वितीय प्रति तैयार करने में समय लगेगा। इसलिए समय दिया जाए और रिपोर्ट सार्वजनिक न की जाए। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत में दो सील बंद लिफाफों में ज्ञानवापी की सर्वे रिपोर्ट दाखिल की है। रिपोर्ट की मांग हिंदू के साथ ही मुस्लिम पक्ष ने भी की है। हिंदू पक्ष ने रिपोर्ट की प्रति तत्काल दिए जाने का अनुरोध किया था। मुस्लिम पक्ष ने पहले आपत्ति जताई थी, फिर ईमेल आईडी देकर रिपोर्ट मांगी है।



### सर्वे रिपोर्ट लीक न हो कवरेज पर लगे रोक

**अंजुमन** इंतेजामिया मसाजिद कमेटी ने जिला जज की अदालत में आपत्ति दाखिल की है। कमेटी ने अनुरोध किया कि शपथ पत्र लेने के बाद ही सर्वे की रिपोर्ट दी जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि सर्वे की रिपोर्ट लीक नहीं होगी। मीडिया कवरेज पर रोक लगाने की मांग भी की गई है।

## 2024 का राष्ट्रपति चुनाव लोकतंत्र की लड़ाई, ट्रंप मुख्य खतरा : जो बाइडेन



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने शुक्रवार को साल के अंत में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव को अमेरिका में लोकतंत्र बचाने की लड़ाई के रूप में पेश किया और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को मुख्य खतरा बताया।

बाइडेन ने वर्ष के अपने पहले अभियान भाषण में कहा,आज हम यहां सबसे महत्वपूर्ण सवालों का जवाब देने के लिए हैं। क्या लोकतंत्र अभी भी अमेरिका का पवित्र कारण है? 2024 का चुनाव इसी के बारे में है। उन्होंने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा खतरा हैं। उन्होंने कहा, 'ट्रंप उसी तरह इतिहास चुराने की कोशिश कर रहे हैं, जैसे उन्होंने चुनाव चुराने की कोशिश की थी।' हमने इसे अपनी आंखों से देखा। ट्रम्प के समर्थकों ने हिंसक हमला किया, वह विद्रोही थे।' बाइडेन छह जनवरी, 2021 को यूएस कैपिटल पर ट्रप के समर्थकों द्वारा किए गए हमले का जिक्र कर रहे थे।

# केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने 12 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का किया अनावरण

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने केरल में 1,464 करोड़ रुपए से अधिक की 12 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

मंत्री ने शनिवार को कहा कि 105 किमी की कुल राजमार्ग लंबाई प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से रोजगार के पर्याप्त अवसर पैदा करने के लिए तैयार है, जिससे केरल में सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। प्रस्तावित परियोजनाओं का उद्देश्य तमिलनाडु और केरल के बीच निर्बाध कनेक्टिविटी को बढ़ाना, तेज और परेशानी मुक्त परिवहन सुनिश्चित करना है। यह पहल समग्र परिवहन लागत को कम करने का वादा करती है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा, राष्ट्रीय राजमार्गों पर काले धब्बों को खत्म करने पर ध्यान देने से सड़क दुर्घटनाओं में उल्लेखनीय कमी आने की उम्मीद है।

मंत्री ने कहा कि इसके अतिरिक्त, मुन्नार तक पहुंच में सुधार से पर्यटन क्षमता को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है, जबकि एक उच्च स्तरीय पुल के निर्माण से बाढ़ के दौरान 27 किमी का चक्कर खत्म हो जाएगा, यात्रा सुव्यवस्थित हो जाएगी और केरल के प्रमुख उत्पादों के निर्यात को लाभ होगा। परियोजनाओं की घोषणा शुक्रवार को केंद्रीय राज्य मंत्री वी मुरलीधरन, केरल के पीडब्ल्यूडी मंत्री पीए मोहम्मद रियास, कासरगोड के सांसद राजमोहन उन्नीथन और जिले के अन्य विधायकों की उपस्थिति में की गई।



- केरल को दिया 1,464 करोड़ रुपए का तोहफा
- तमिलनाडु और केरल के बीच निर्बाध कनेक्टिविटी बढ़ेगी

**पुण्यतिथि** 60 के दशक में दो बीघा जमीन, देवदास, मधुमती, सुजाता और बंदिनी जैसी हिट फिल्मों के लिए मशहूर

# समाज की संवेदनाओं को झकझोरने वाला फिल्मकार बिमल रॉय

**अनंत ज्ञान विशेष**

भारतीय फिल्म निर्देशक बिमल रॉय अपनी यथार्थवादी फिल्मों-दो बीघा जमीन, परिणीता, बिराज बहू, देवदास, मधुमती, सुजाता, परख और बंदिनी के लिए जाने जाते हैं।

उन्होंने कई पुरस्कार जीते, जिनमें 11 फिल्म फेयर पुरस्कार, दो राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार और कान्स फिल्म महोत्सव का अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार शामिल है। मधुमती ने 1958 में नौ फिल्मफेयर पुरस्कार जीते, जो 37 वर्षों तक रिकॉर्ड था। उन्होंने बांग्ला और हिंदी में कई फिल्मों का निर्माण किया। बिमल रॉय का जन्म 12 जुलाई 1909 को सुआपुर, ढाका में एक बंगाली वैद्य परिवार में हुआ था। आगे चलकर वे कोलकाता पहुंचे और न्यू थियेटर्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ कैमरा सहायक के रूप में सिनेमा के क्षेत्र में प्रवेश किया। इस दौरान, उन्होंने केएल सहगल अभिनीत 1935 की हिट फिल्म देवदास में पब्लिसिटी फोटोग्राफर के रूप में निर्देशक पीसी बरुआ की सहायता की।



बिमल रॉय की फिल्में समाज की संवेदनाओं को झकझोरने वाली हैं। सात जनवरी 1966 को 56 वर्ष की आयु में कैंसर से उनकी मृत्यु हो गई।

### रोमांटिक-यथार्थवादी मेलोड्रामा के लिए प्रसिद्ध

**बिमल** रॉय अपने रोमांटिक-यथार्थवादी मेलोड्रामा के लिए प्रसिद्ध थे। जो मनोरंजक होने के साथ महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दों पर भी आधारित थे। भारतीय सिनेमा पर उनका प्रभाव मुख्यधारा के व्यावसायिक हिंदी सिनेमा और उभरते समानांतर सिनेमा दोनों पर पड़ा। उनकी फिल्म दो बीघा जमीन (1953) कला और व्यावसायिक सिनेमा को सफलतापूर्वक प्रसारित करने वाली पहली फिल्म थी।

### रो पड़े थे बलराज साहनी

**बिमल** रॉय की सबसे चर्चित फिल्म 'दो बीघा जमीन'है, जिसके बिना बिमल रॉय की बात अधूरी है। इस फिल्म के सीन में फिल्म के लीड एक्टर बलराज साहनी को नीचे बैठकर जमींदार (मुराद) के पैरों में गिरकर अपने जमीन के टुकड़े के लिए गुहार लगानी थी। बिमल रॉय ने मुराद से चुपके से कहा कि वह साहनी की पकड़ से अपने पैर झटके और खुद को कैमरे की सीमा से बाहर कर दे। इसके बारे में साहनी को पता नहीं था। टेक के दौरान मुराद का पैर साहनी के चेहरे पर लग गया। अपमानित और आहत साहनी कट के बाद रोने लगे तो मुराद दौड़कर आए और साहनी से माफी मांगते हुए सारा किस्सा बयां किया। ये शॉट बेहद शानदार निकला।




### चलती बस में पड़ी बिमल रॉय प्रोडक्शंस की नींव

**बिमल** रॉय प्रोडक्शंस बनाने का ख्याल अकीरा कुरोसावा की फिल्म 'राशोमोन'देखने के बाद आया था। बॉम्बे के इरोज सिनेमा में ऋषिकेश मुखर्जी समेत कुछ लोगों के साथ फिल्म देख कर बिमल रॉय बस से वापस मलाड लौट रहे थे। शानदार फिल्म देखने के बाद ऋषिकेश ने पूछा कि क्या ऐसी फिल्म बन सकती है तो बिमल रॉय ने हामी भरी और चलती बस में बिमल रॉय प्रोडक्शंस की नीव पड़ गई।